राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 63, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 19 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

मोदी डिग्री मानहानि केस में केजरीवाल ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा
.... पेज 03

मोबाइल खरीदने से इंकार करने पर गुस्साये बेटे ने कर दी पिता की नृशंस हत्या
.... पेज 05

एएफसी चैंपियंस लीग के पहले मैच में मुंबई सिटी का सामना नासाजी मजांदरन से होगा
.... पेज 07

## कर्नाटक में होयसला के मंदिर यूनेस्को लिस्ट में हुए शामिल

### होयसला राजवंश कला और साहित्य के संरक्षक माने जाते रहे

कर्नाटक में होयसला के पवित्र मंदिर समूह को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। बेलूर, हलेबिड और सोमनाथपुरा के होयसला मंदिरों को यूनेस्को की लिस्ट में जगह मिली है। ये देश की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत की गवाही देते हैं। होयसला मंदिर 12वीं-13वीं शताब्दी में बनाए गए थे। होयसला राजवंश कला और साहित्य के संरक्षक माने जाते रहे, जिनकी यह राजधानी थी। मालूम हो कि होयसला के ये पवित्र स्मारक 15 अप्रैल 2014 से



ही यूनेस्को की संभावित सूची में शामिल थे।

होयसला मंदिरों के समूह को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, भारत के लिए यह बड़े गौरव की बात है! होयसला के पवित्र स्मारकों को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। होयसला मंदिरों की शाश्वत सुंदरता और जटिल विवरण भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रमाण है। यह हमारे पूर्वजों की असाधारण शिल्प कौशल को भी दर्शाता है।

### होयसला मंदिर संरक्षित स्मारक पहले ही घोषित

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत तीन होयसला मंदिरों को संरक्षित स्मारक पहले ही घोषित किया जा चुका है। एएसआई की ओर से इनका संरक्षण और रखरखाव किया जाता है। कुछ दिनों पहले ही केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के विकास मंत्री जी किशन रेड्डी ने इसे लेकर बड़ा बयान दिया था। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के बेलूर, हलेबिड और सोमनाथपुरा के भव्य होयसला मंदिरों को 2022-2023 के लिए विश्व धरोहर स्थलों के लिए नामांकन के लिए अंतिम रूप दिया गया है।

## 'इंडिया' की समन्वय समिति से माकपा ने बनाई दूरी

**कोलकाता।** माकपा विपक्षी दलों के गठबंधन आइएनडीआइए की समन्वय समिति में अपना प्रतिनिधि शामिल नहीं करेगी।

माकपा पोलित ब्यूरो की बैठक में यह निर्णय लिया गया है, हालांकि इसमें गठबंधन के प्रति समर्थन व्यक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि 14 सदस्यीय इस कमेटी में एक सीट माकपा के लिए रिक्त रखी गई थी।

बैठक के बाद माकपा की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि पोलित ब्यूरो ने भारत के धर्मनिरपेक्ष व लोकतांत्रिक चरित्र, संविधान, लोकतंत्र, लोगों के मौलिक अधिकारों और नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा के प्रयासों को मजबूत करने के लिए आइएनडीआइए के साथ मिलकर एकीकरण और विस्तार के लिए काम करने का फैसला किया है।

बयान में कहा कि भाजपा को केंद्र और राज्यों की सत्ता से दूर रखने के लिए यह जरूरी है।

सभी निर्णय आइएनडीआइए में शामिल दलों के नेताओं द्वारा लिए जाएंगे, लेकिन कोई ऐसी संगठनात्मक संरचना नहीं होनी चाहिए, जो निर्णय लेने के लिए बाध्य करे।

## कश्मीर : एनकाउंटर जारी, 6 आतंकी ढेर

### 2 की अभी तलाश; 5 जवान भी शहीद

श्रीनगर। कश्मीर के अनंतनाग में सोमवार 18 सितंबर को छठे दिन भी एनकाउंटर जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह इस इलाके में चलने वाली अब तक की सबसे लंबी मुठभेड़ है।

पिछले 6 दिनों में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच तीन जगहों पर मुठभेड़ हुई। इसमें कर्नल, मेजर और छ्स्क्कसमेत 5 जवान शहीद हो चुके हैं, जबकि सेना ने अनंतनाग में 1, बारामूला में 3 और राजौरी में दो यानी कुल 6 आतंकियों को मार गिराया है।

सेना को अभी भी गडूल कोकेरनाग के जंगलों में दो और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। सबसे एडवांस्ड ड्रोन हेरॉन मार्क-2 से उनके ठिकानों की तलाश की जा रही है। इससे पहले 2020 में 18 घंटे तक सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। वहीं, जम्मू-कश्मीर में यह तीसरी सबसे लंबी चलने वाली मुठभेड़ है। इससे पहले जम्मू के पुंछ जिले में चलाया गया भट्टी धार वन ऑपरेशन 9 दिन चला था। 31 दिसंबर 2008 को शुरू हुआ ऑपरेशन 9 जनवरी 2009 को खत्म हुआ था।

जम्मू में अब तक की सबसे लंबी मुठभेड़ 2021 में हुई थी। पुंछ जिले के डेरा की गली और भिम्बर गली के बीच जंगलों में 19 दिन तक ऑपरेशन चला था।

### किश्तवाड़ में तीन संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में सोमवार को हिजबुल मुजाहिदीन आतंकी संगठन से जुड़े तीन संदिग्ध आतंकियों को सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया। उनकी पहचान तौसीफ-उल-नबी, जहूर-उल-हसन और रेयाज अहमद के रूप में हुई। तीनों को जेल भेज दिया गया है। वहीं, किश्तवाड़ जिले में ही पुलिस और सुरक्षाबलों ने जॉइंट चेकिंग ऑपरेशन के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसकी कार से लगभग 70 किलोग्राम वजन की 560 जिलेटिन की स्टिक्स मिली हैं। किश्तवाड़ स्स्क्कखलील पोसवाल ने बताया कि सड़क बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले विस्फोटक पदार्थ को वो अवैध रूप से ले जा रहा था।




### बारामूला में तीन में से 2 आतंकियों के शव मिले

पीर पंजाल ब्रिगेड के कमांडर पीएमएस ढिल्लन ने बताया- बारामूला में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास उरी, हथलंगा इलाके में 16 सितंबर को तीन आतंकियों को मारा गया था। ऑपरेशन सुबह 6 बजे से शुरू हुआ और 8 घंटे बाद दोपहर 2 बजे खत्म हुआ। कमांडर ढिल्लन ने बताया- 2 आतंकियों के शव मिले, तीसरे की लाश बॉर्डर के पास पड़ी थी, लेकिन पाकिस्तानी पोस्ट से लगातार फायरिंग के कारण हमारे सुरक्षाबलों को बॉडी नहीं मिल सकी। पाकिस्तानी फौज आतंकियों की मदद कर रही थी। फौज इन आतंकियों को कवर दे रही थी।

## नासिक में सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत

नासिक। महाराष्ट्र के चंदवड तालुका में सोमवार सुबह णमोकार तीर्थ के सामने मुंबई-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कंटेनर और कार के टकराने से चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। हादसा चंदवाड तालुका में नमोकार तीर्थ के पास उस वक्त हुआ, जब कार सवार यात्री नासिक से धुले जा रहे थे, उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे कंटेनर से टकरा गयी। इसमें कार सवार चारों व्यक्तियों की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही वडनेरभैरव पुलिस दुर्घटनास्थल पर पहुंची। हादसे के बाद कुछ देर के लिए राजमार्ग पर यातायात अवरुद्ध हो गया। वडनेर भैरव पुलिस के मुताबिक, मृतकों में कृष्णकांत चिंधा माली, किरण हरीश्चंद्र अहिरराव, अनिल विष्णु पाटिल और प्रवीण मधुकर पवार हैं।

## महिला आरक्षण बिल कैबिनेट से पास, विशेष सत्र में होगा पेश

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सोमवार को केंद्र की कैबिनेट बैठक हुई

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने वाले विधेयक को कल शाम मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सोमवार को केंद्र की कैबिनेट बैठक हुई। संसद के एनेक्सी भवन में हुई यह बैठक करीब डेढ़ घंटे चली। सूत्रों के मुताबिक इस बैठक के दौरान महिला आरक्षण बिल कैबिनेट से पास हो गया। बैठक में पीएम मोदी समेत विभिन्न मंत्री शामिल हुए। संसद के विशेष सत्र का ऐलान होने के बाद से अनुमान लगाए जा रहे थे कि पीएम मोदी एक बार फिर चौंकाएंगे। सोमवार को कैबिनेट मीटिंग के दौरान पीएम मोदी के



अलावा विभिन्न केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। इसमें केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कॉमर्स और इंडस्ट्री मंत्री पीयूष गोयल, संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी आदि मौजूद थे।

### खूब हुई थी कयासबाजी

गौरतलब है कि सर्वदलीय बैठक के दौरान भी महिला आरक्षण को लेकर चर्चा हुई थी। वहीं, कांग्रेस ने लोकसभा में मंगलवार को महिला आरक्षण विधेयक पेश करने और इसे सर्वसम्मति से पारित कराने की सत्ता पक्ष से मांग की थी। वहीं, कैबिनेट मीटिंग को लेकर खूब कयासबाजी चल रही थी।

अनुमान लगाए जा रहे थे कि कैबिनेट मीटिंग में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा कर सकती है। वहीं, कुछ लोगों का ऐसा भी कहना कि वन नेशन, वन इलेक्शन पर बात होने की उम्मीद है। विपक्ष और सत्ता पक्ष दोनों ही तरफ से महिला आरक्षण बिल को लेकर जोर दिया जा रहा था। इसलिए सबसे ज्यादा अनुमान इसी को लेकर था। सोमवार को संसद के विशेष सत्र के संबोधन के दौरान भी पीएम मोदी ने इस बारे में संकेत दिए थे। उन्होंने कहा कि संसदीय इतिहास के प्रारंभ से अब तक दोनों सदनों में कुल मिलाकर लगभग 7500 सदस्यों ने प्रतिनिधित्व किया है जिनमें करीब 600 महिला सदस्य रही हैं।

उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे महिला सदस्यों की संख्या बढ़ती गयी है। माना जा रहा था कि यह महिला आरक्षण का संकेत है।

## शिवसेना विधायकों की अयोग्यता पर फैसला टालना गलत : सुप्रीम कोर्ट

### महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को निर्देश- समय सीमा तय करें

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत 16 शिवसेना विधायकों के खिलाफ योग्यता संबंधी मामले पर सुनवाई करते हुए सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष से इस मामले पर (उनके समक्ष लंबित मामले) कहा कि एक सप्ताह में यह निर्धारित करें कि इस पर उनके द्वारा कब तक कोई निर्णय



लिया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि (वह) अध्यक्ष यह नहीं कह सकते कि इसे उचित समय पर निर्णय लिया जाएगा। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल से कहा यह मामला अनिश्चित काल तक नहीं चल सकता है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, इस मामले को अगले सप्ताह सूचीबद्ध करने दें और हमें दो सप्ताह के बाद बताएं कि क्या कार्यवाही की गई है।

'गणेश चतुर्थी'



कोलकाता में 'गणेश चतुर्थी' उत्सव से पहले बिक्री के लिए रखी गई भगवान गणेश की मूर्तियों को प्रदर्शित करती कलाकार।

## दम घुटने से बंगाल के एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**पुलिस मौत की असली वजह का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है**

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु से एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां कमरा बंद कर सो रहे चार लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। वे सभी एक ही परिवार के थे। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक, यह घटना बेंगलुरु ग्रामीण जिले की है। चार लोगों का शव पोल्ट्री फार्म में एक कमरे के अंदर पाया गया। पुलिस ने मृतकों की पहचान कर ली है। मृतकों में काले सारिकी, लक्ष्मी सारिकी, उषा सारिकी, और पूल सारिकी शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि सभी मृतक पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले के रहने वाले हैं। वे पिछले 10 दिनों से डोड्डाबल्लापुर तालुक में डोड्डाबेलावंगला के पास होलेयाराहल्ली में एक पोल्ट्री फार्म में काम कर रहे थे।

पुलिस की शुरुआती जांच में मौत का कारण दम घुटना बताया गया है। हालांकि, पुलिस मौत की असली वजह का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था, इस पर पुलिस ने दरवाजा तोड़ दिया। पूरा कमरा धुआं से भरा हुआ था। एक चारकोल हीटर, कुछ पत्तियां और परिवार के चार सदस्यों के शव पड़े हुए थे। हमने फोरेंसिक लैब के विशेषज्ञों को बुलाया। उन्होंने जांच के लिए सैंपल को लिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम विक्टोरिया अस्पताल में किया गया। इसके बाद रविवार को शवों को उनके रिश्तेदारों को सौंप दिया गया।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि शनिवार की रात बारिश हो रही थी। इसलिए परिवार ने मच्छरों से बचने और खुद को गर्म रखने के लिए चारकोल हीटर और कुछ पत्तियों को जलाया था।

### अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज

बेंगलुरु ग्रामीण जिले के एसपी मल्लिकार्जुन बालादंडी ने बताया कि आईपीसी की धारा 174 के तहत डोड्डाबेलावंगला पुलिस स्टेशन में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की जांच जारी है। उन्होने कहा कि हम मौत के सही कारण का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

### टीवी समाचार चैनलों पर सुप्रीम कोर्ट ने की बड़ी टिप्पणी

## नए गाइडलाइंस के लिए 4 हफ्ते का समय

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट टीवी समाचार चैनलों की निगरानी के स्व-नियामक तंत्र को सख्त करना चाहती है। इसी को देखते हुए सोमवार को शीर्ष अदालत ने न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एंड डिजिटल एसोसिएशन को नए गाइडलाइंस लाने के लिए और चार हफ्ते का समय दे दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दलीलों पर सुनवाई की। एनबीडीए की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अरविंद दातार ने नए दिशानिर्देश लाने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। जनरल तुषार ने कोर्ट में कहा कि केंद्र सरकार ने इस मामले में पहले ही तीन स्तरीय तंत्र तैयार किया है, जिसमें से पहला सेल्फ रेगुलेशन है। न्यूज ब्रॉडकास्टर फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने कहा कि एनबीएफआई को भी अपने स्वयं के नियम दाखिल करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इस पर सीजेआई ने कहा, हम चाहते हैं कि स्व-नियामक तंत्र को कड़ा किया जाए। उन्होंने कहा कि सुझावों और दिशानिर्देशों का स्वागत है। बता दें कि एनबीडीए के विपरित NBFI 2022 नियमों के अनुसार केंद्र के साथ पंजीकृत एकमात्र नियामक संस्था है।

## मुंबई के डेवलपर के खिलाफ केस दर्ज

### एसबीआई और अन्य 15 बैंकों से 38 सौ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और 15 बैंकों के साथ 3,800 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने के आरोप में मुंबई स्थित यूनिटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड (यूआईएल), उसके मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी), तीन निदेशकों और अज्ञात लोक सेवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

एसबीआई की स्ट्रेस्ड एसेट्स मैनेजमेंट ब्रांच-द्ब के डिप्टी जनरल मैनेजर की शिकायत के आधार पर गुरुवार को एफआईआर दर्ज की गई। शिकायत के अनुसार, एसबीआई और अन्य कंसोर्टियम सदस्य बैंकों की ओर से यूनिटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स लिमिटेड को लगभग 3,800 करोड़ रुपये की क्रेडिट/ऋण सुविधाएं, फंड-आधारित और गैर-फंड आधारित मंजूर की गईं।

प्राथमिकी में कहा गया है, उक्त कंपनी ने फर्जी एलसी ट्रेड मॉडल के माध्यम से किए गए फर्जी लेनदेन, डेटा में हेराफेरी करके अनुचित समायोजन प्रविष्टियों, गैर-कंसोर्टियम खातों के माध्यम से धन का विपथन, संबंधित पक्षों के माध्यम से धन का विचलन और अस्पष्ट रूप से अधिक भुगतान, एसबीआई और अन्य कंसोर्टियम बैंकों के धन का गबन किया और इस तरह इन बैंकों को धोखा दिया।

एफआईआर में यूआईएल, उसके सीएमडी किशोर अवरसेकर, वाइस चेयरमैन और प्रमोटर गारंटर अभिजीत आवरसेकर, कार्यकारी निदेशक आशीष अवारसेकर, पूर्णकालिक निदेशक प्रमोटर पुष्पा अवरसेकर, अज्ञात लोक सेवकों और निजी व्यक्तियों के नाम हैं। इसमें कहा गया है कि प्रथम दृष्टया शिकायत में भारतीय दंड संहिता की धारा 120 बी और 420 तथा भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 13 (2), 420 (1) (डी) के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक कदाचार के अपराधों का खुलासा होता है।

**भारी बारिश** — निकाले गए 12 हजार लोग, स्कूल बंद

## गुजरात में भारी बारिश से बाढ़, नदियां उफान पर : जारी हुआ अलर्ट

गुजरात में भारी बारिश के कारण नर्मदा समेत अन्य नदियां उफान पर हैं। इससे कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति है। सूबे के नर्मदा, भरूच, वडोदरा, दाहोद, पंचमहल और आनंद जिलों में भारी बारिश से प्रभावित निचले इलाकों से कुल 12,444 लोगों को निकाला गया है। इन क्षेत्रों में पानी में फंसे 617 लोग बचाए भी गए हैं। बीते तीन दिनों में राज्य के 126 तहसीलों में दो इंच से ज्यादा बारिश हुई है। सड़कों पर सैलाब जैसा मंजर है, नतीजतन प्रभावित जिलों में स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं।

मौजूदा वक्त में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ दोनों की 10 टीमें



सूबे के विभिन्न स्थानों पर बचाव कार्यों में जुटी हैं। बाढ़ के कारण कई सड़कें बंद हैं। भरूच-अंकलेश्वर के बीच पुल संख्या 502 पर नर्मदा नदी 40 फीट से अधिक यानी 28 फीट के खतरे के निशान से लगभग 12 फीट ऊपर बह रही है। इससे रेलवे यातायात बंद करना पड़ा है। कई ट्रेनों को रद कर दिया गया है जबकि कुछ के रूट बदलने पड़े हैं।

पश्चिम रेलवे की एक विज्ञप्ति के अनुसार, बाढ़ के कारण मुंबई-अहमदाबाद तेजस एक्सप्रेस और शताब्दी एक्सप्रेस समेत कम से कम डेढ़ दर्जन ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि नर्मदा नदी उफान पर है जिससे कई इलाकों में पानी भर गया है।

भरूच और अंकलेश्वर समेत आस-पास के इलाकों में विनाशकारी बाढ़ जैसी स्थिति पैदा होने के कारण अफरा-तफरी का आलम है। ऐसा सरदार सरोवर बांध से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण हुआ है। गुजरात के निचले इलाकों और मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले में सैकड़ों लोगों को विस्थापित होना पड़ा है। मध्य प्रदेश और नर्मदा जिले में भारी बारिश के बाद, अंकलेश्वर और भरूच के निचले हिस्सों लगभग 10 फीट से ज्यादा बाढ़ का पानी मौजूद है।

अधिकारियों ने बताया कि बारुंच में अंकलेश्वर-हंसोट राज्य राजमार्ग के ऊपर से बाढ़ का पानी बह रहा है। लोगों के घर पहली मंजिल तक डूब गए हैं और उन्हें अपनी छतों पर शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अहमदाबाद में भारी बारिश के कारण स्कूल और कई कार्यालय बंद रहे। भारी बारिश के कारण राज्य के 80 बांध 90 फीसदी से ज्यादा भर चुके हैं। राहत की बात यह है कि अब अधिकांश क्षेत्रों से जल स्तर कम हो रहा है। बारिश भी धीमी हो गई है।

वडोदरा जिले के कर्जन तालुका से गुजरने वाली नर्मदा नदी में एक छोटे से टापू पर 12 लोग फंस गए थे जिनको सेना ने बचा लिया।

## खडगे के जयपुर आने के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे़ तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गॉंधी के आगामी 23 सितम्बर, को जयपुर आने के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारी के लिए आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में डोटासरा ने सभी उपस्थित प्रभारी पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों को अवगत करवाया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवीन भवन के शिलान्यास कांग्रेस अध्यक्ष खडगे़ एवं पूर्व अध्यक्ष राहुल गॉंधी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।



नई दिल्ली
मंगलवार 19 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

## ईडी के समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सीएम ने की थी अपील, हाईकोर्ट जाने का निर्देश

रांची। जमीन घोटाला मामले में ईडी की पूछताछ से राहत के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को राहत नहीं दी। उन्हें इस मामले में हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया गया है। अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में अपील करेंगे और ईडी की कार्रवाई पर रोक की मांग करेंगे।

### हाईकोर्ट से शुरू होनी चाहिए सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस बेला माधुर्य त्रिवेदी की पीठ कहा, हम इस पर अभी विचार नहीं करेंगे। जस्टिस बोस ने कहा कि मुकदमे की सुनवाई हाईकोर्ट से शुरू होनी चाहिए। लिहाजा आप झारखंड हाईकोर्ट जाइए। ध्यान रहे कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी की पूछताछ के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। ईडी के दूसरे समन के बाद सीएम सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। इस बीच हाईकोर्ट ने उन्हें अबतक कुल मिलाकर चार समन जारी कर दिया है। सीएम को चौथा समन भेजकर 23 सितंबर को हिनू स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय आने का आदेश दिया गया है। दूसरे समन के बाद ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर लिया था। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका की पहली सुनवाई 15 सितंबर को हुई थी और आज का दिन दिया गया था। पहली सुनवाई में मुख्यमंत्री



हेमंत सोरन ने लिखित आवेदन देकर बताया कि उनके वकील की तबीयत खराब है। ऐसे में कोई दूसरी तारीख दी जाए। जिसके बाद अदालत ने 18 सितंबर की तारीख मुकर्रर की।

### 23 अगस्त को दायर किया है रिट पीटिशन

सीएम हेमंत सोरेन ने ईडी की ओर से जारी समन को चुनौती दी है। उन्होंने 23 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन दायर कर ईडी द्वारा जारी किए गए समन को चुनौती दी है। इसी दिन ईडी को पत्र लिखकर उन्होंने कोर्ट का फैसला आने तक अपनी कार्यवाही स्थगित रखने का अनुरोध किया है। सीएम हेमंत सोरेन की ओर से दायर रिट याचिका में ईडी पर दुर्भावना से प्रेरित होकर कार्रवाई करने का आरोप लगाया गया है।

### सीएम हेमंत सोरेन को ईडी क्यों भेज रही समन

सीएम हेमंत सोरेन से पूछताछ के लिए भेजे गए अब तक के जितने भी समन हैं, उसका आधार 13 और 26 अप्रैल 2023 को की गई छापेमारी है। ईडी ने 13 अप्रैल को छापेमारी के दौरान राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप के घर से बक्सों में भरकर रख गए जमीन से जुड़े दस्तावेज जब्त किए थे।

इनमें काटछाँट करके और जालसाजी कर असली मालिक का नाम काटकर दूसरे का नाम लिखने का मामला प्रकाश में आया था। प्रवर्तन निदेशालय ने दस्तावेज में छेड़छाड़ सहित अन्य बिंदुओं के सिलसिले में मिली सूचनाओं को पीएमएलए की धारा 66 (2) के तहत सरकार से साझा किया था। इस मामले में सरकार के आदेश पर सदर थाने में प्राथमिकी (272/23) दर्ज कराई गई थी। यही वह प्राथमिक है जिसके आधार पर सीएम हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय समन भेज रही है।


# जम्मू-कश्मीर अन्य राज्यों से बेहतर प्रगति कर रहा है : मनोज सिन्हा

एजेंसी

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को कहा कि प्रदेश हर क्षेत्र में देश के अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रगति कर रहा है।

उपराज्यपाल ने आज श्रीनगर के रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ कोर्स में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) द्वारा आयोजित 44वें पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपीबी) इंटर-यूनिट गोल्फ टूर्नामेंट के उद्घाटन पर कहा कि केन्द्रशासित प्रदेश देश के अन्य राज्यों की तुलना में हर क्षेत्र में बेहतर तरक्की कर रहा है।

सिन्हा ने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर में सभी गोल्फ खिलाड़ियों का स्वागत करता हूं। उपराज्यपाल ने कहा कि



जम्मू-कश्मीर कई वर्षों की उथल-पुथल के बाद इससे बाहर निगल आया है और प्रदेश कई क्षेत्रों में देश के अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रगति कर रहा है।

उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि टूर्नामेंट निश्चित रूप से बेहतर ढंग से चलेगा और खिलाड़ी खेल भावना से खेलेंगे। खिलाड़ियों को यहां के लोग और उनका आतिथ्य भी पसंद आएगा। यहां रहने के दौरान कश्मीर के बारे में जो भी भ्रांतियां फैलायी गयी थीं, वह दूर हो जाएंगी।

उपराज्यपाल ने कहा, मुझे उम्मीद है कि आप यहां जो समय बिताएंगे वह आपके लिए यादगार होगा।

उन्होंने कहा कि पिछले साल 1.28 करोड़ पर्यटक जम्मू-कश्मीर आए थे और इस वर्ष अगस्त तक 1.52 करोड़ यहां पहुंचे हैं। उम्मीद की जा रही है कि साल के अंत तक यह आंकड़ा 2.25 करोड़ तक पहुंच जाएगा।

उपराज्यपाल ने कहा कि यहां जी20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक के सफल आयोजन के बाद केन्द्रशासित प्रदेश में विदेशी सैलानियों के आगमन में 59 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा, पर्यटन के फलने-फूलने से दुनिया को यह संदेश जाता है कि जम्मू-कश्मीर में अब चीजें बदल गई हैं।

## शार्ट न्यूज

### हत्या के आरोप में चार लोग गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू पुलिस ने रविवार को यहां के बाहरी इलाके बिश्नाह क्षेत्र में एक व्यक्ति की हत्या के मामले को सुलझाने का दावा किया है। जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंदन कोहली ने कहा कि बिश्नाह के चोरली के कोठे बुलंदाय के सन्नी सैंसिया की जघन्य हत्या का मामला, जिस पर 14 सितंबर को उसके आवास पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने हमला किया था और बाद में अस्पताल ले जाने पर उसने दम तोड़ दिया था। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में चार लोगों की गिरफ्तार कर मामले को सुलझा लिया गया है। एसएसपी ने कहा कि एसपी (मुख्यालय जम्मू) रमनीश गुप्ता की देखरेख में पुलिस टीमों का गठन किया गया और सुराग मिलने के बाद तकनीकी साक्ष्य और मानव खुफिया जानकारी प्राप्त करके उन्होंने विभिन्न संदिग्धों को उठाया। उन्होंने कहा, निरंतर पूछताछ के दौरान संदिग्धों में से एक बारी ब्राह्मणा, जिला सांबा के सुखदेव सिंह उर्फ माखन ने अपराध करना स्वीकार किया और अन्य लोगों की संलिप्तता का भी खुलासा किया, जिन्होंने रसद सहायता प्रदान की थी और तेज धार वाले हथियारों के साथ वाहनों और अपराध में प्रयुक्त एक पिस्तौलको छुपाया था। उन्होंने बताया कि अपराध को अंजाम देने के बाद छीना गया वाहन भी बरामद कर लिया गया।

### शुवेंदु ने शांतिनिकेतन को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने पर खुशी जतायी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के शांति स्थल शांतिनिकेतन को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किये जाने पर खुशी जतायी। अधिकारी ने कहा, यह बेहद गर्व और खुशी का क्षण है , गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के शांतिनिकेतन – शांति का निवास को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में अंकित किया गया है। विश्व भारती, एक विश्व विश्वविद्यालय, मानवता की एकता की दृष्टि के साथ, जो सांस्कृतिक सीमाओं से परे है, प्राचीन भारतीय परंपराओं पर आधारित ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से शांतिनिकेतन में स्थापित किया गया था। उन्होंने कहा कि संयोगवश जब भारत एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य का वैश्विक रोड मैप तैयार कर रहा है तो यूनेस्को ने शांतिनिकेतन की मानवता की एकता को मान्यता दी है। केंद्र सरकार ने इस वैश्विक मान्यता को अर्जित करने के लिए बहुत मेहनत की है। उन्होंने कहा कि जिस दिन यह महत्वपूर्ण घोषणा की गई, वह दिन विश्वविद्यालय के लिए भी एक बहुत ही विशेष अवसर था, क्योंकि उस दिन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति (आचार्य) माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन था।

### बलियानाला भूस्खलन को लेकर सरकार ने नहीं दिया जवाब, मिली मोहलत

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने नैनीताल के अस्तित्व से जुड़े बलियानाले में हो रहे भूस्खलन के मामले में सुनवाई करते हुए सोमवार को प्रदेश सरकार को मोहलत देते हुए 10 दिनों के अदंर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपयिलाल की युगलपीठ में आज इस मामले में सुनवाई हुई। अधिवक्ता सैयद नदीम खुर्शीद की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने ये निर्देश दिये। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि जिलाधिकारी और सरकार की ओर से इस प्रकरण में कोई जवाब नहीं दिया गया है। आज सरकार की ओर से जवाब पेश करने के लिये मोहलत मांगी गयी। अदालत ने इसे स्वीकार कर लिया और 10 दिनों के अदंर विस्तृत जवाब पेश करने को कहा है। अदालत ने पूछा है कि बलियानाला के उपचार के लिये सरकार की ओर से अभी तक क्या कदम उठाये गये हैं। विस्तृत रिपोर्ट पेश करें। गौरतलब है कि बलियानाला में पिछले दो दशक से भीषण भूस्खलन हो रहा है।

### चुनाव आयोग का दल तीन अक्टूबर से तेलंगाना के तीन दिवसीय दौरे पर

हैदराबाद। चुनाव आयोग का एक दल तेलंगाना में चुनाव तैयारियों का आकलन, विभिन्न पक्षों से बातचीत और स्थानीय समुदाय के साथ चर्चा के लिए तीन अक्टूबर से तीन दिवसीय दौरे पर रहेगा। मुख्य चुनाव अधिकारी विकास राज ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि चुनाव आयोग का दल में शामिल शीर्ष अधिकारी राष्ट्रीय और राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेगा। इसके बाद, दल आगामी चुनावों से संबंधित प्रमुख मामलों पर चर्चा करने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों के साथ बैठक करेगा। दूसरे दिन दल जमीनी स्तर पर चुनाव तैयारियों का आकलन करेगा। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के सभी 33 जिलों के जिला चुनाव अधिकारी (डीईओ) और पुलिस अधीक्षक (एसपी)/पुलिस आयुक्त (सीपी) चुनाव आयोग की दल के सामने विस्तृत प्रस्तुति देंगे। दौरे के तीसरे और अंतिम दिन व्यवस्थित मतदाता विकास और चुनावी भागीदारी (एसवीईईपी) गतिविधियों की एक प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

### हिमाचल सदी की सबसे बड़ी त्रासदी से गुजर रहा है, चर्चा होनी चाहिए : ठाकुर

शिमला। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सदी की सबसे बड़ी त्रासदी से प्रदेश गुजर रहा है। ऐसे में सारा काम रोककर इस पर चर्चा होनी चाहिए। नियम 102 और नियम 67 के दोनों प्रस्तावों के भाव में फर्क है। इससे पहले विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो गया। राष्ट्रगान के साथ सदन की कार्यवाही शुरू हुई। स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। उन्होंने सभी सदस्यों से सदन की कार्यवाही के संचालन में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि वह आशा करते हैं कि सात दिन तक चलने वाले इस सदन में नियम की परिधि में रहकर ही सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश हित के विभिन्न मुद्दों पर इस सदन में सार्थक चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश आपदा से जूझ रहा है। इससे निपटने को प्रदेश की जनता ने खूब सहयोग दिया है। उल्लेखनीय है कि यह चौदहवीं विधानसभा का तीसरा सत्र है। यह 25 सितंबर तक चलेगा।

## भारी वर्षा से उत्तर पश्चिम रेलवे की कई रेलगाड़ियां हुई प्रभावित

**जयपुर।** पश्चिम रेलवे के रतलाम और बड़ौदा मंडल में भारी बरसात के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे की भी कई रेल सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार भारी वर्षा के कारण पश्चिम रेलवे के बड़ौदा मण्डल में भरूच-अंकलेश्वर रेलखण्ड के मध्य रेल पुल पर पानी का स्तर खतरे के निशान पर हो जाने के कारण 16 एवं 17 सितंबर को प्रस्थान की गई उत्तर पश्चिम रेलवे की गाड़ियों का संचालन प्रभावित हुआ हैं जिनमें दो रेलगाड़ियों को रद्द किया गया जबकि आठ को आंशिक रद्द, एक को स्थगित और छह रेलगाड़ियों को मार्ग बदलकर चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि जिन रेल सेवाओं को प्रारम्भिक स्टेशन से रद्द किया गया हैं उनमें गाड़ी संख्या 12955 मुम्बई सेंट्रल-जयपुर रेलसेवा एवं गाड़ी संख्या 12956 जयपुर-मुम्बई सेंट्रल रेलसेवा सोमवार को रद्द रहेगी।

जिन गाड़ियों को प्रारम्भिक स्टेशन से आंशिक रुप से रद्द किया गया हैं उनमें गाड़ी संख्या 12479 जोधपुर-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा जो 17 सितंबर को जोधपुर से प्रस्थान किया है, वह वडोदरा तक संचालित होगी और यह रेलसेवा वडोदरा-बान्द्रा टर्मिनस के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।


इसी तरह गाड़ी संख्या 12480 बान्द्रा टर्मिनस-जोधपुर रेलसेवा सोमवार को बान्द्रा टर्मिनस के स्थान पर वडोदरा से प्रस्थान करेगी और यह रेलसेवा बान्द्रा टर्मिनस-वडोदरा के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।

## आदित्य-एल1 ने वैज्ञानिक डेटा एकत्र करना शुरू किया

चेन्नई। सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत के पहले सौर खोज मिशन आदित्य-एल1 ने पृथ्वी से 50,0000 किमी से अधिक दूरी पर वैज्ञानिक डेटा एकत्र करना शुरू कर दिया है।

इसरो ने सोमवार को जारी अपडेट में कहा कि सुप्रा थर्मल एंड एनर्जेटिक पार्टिकल स्पेक्ट्रोमीटर (स्टेप्स) उपकरण के सेंसर ने पृथ्वी से 50,000 किमी से अधिक दूरी पर सुपर-थर्मल और ऊर्जावान आयनों तथा इलेक्ट्रॉनों को मापना शुरू कर दिया है। यह डेटा वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आसपास के कणों के व्यवहार का विश्लेषण करने में मदद करता है।

इसरो ने एक चित्र भी जारी किया जो एक इकाई द्वारा एकत्र किए गए ऊर्जावान कण वातावरण में भिन्नता को प्रदर्शित करता है जिसमें 10 सितंबर, 2023 को स्टेप्स सेंसर में से एक द्वारा रिकॉर्ड किए गए समय के साथ एकीकृत गणना में भिन्नता दिखाई।




आदित्य सोलर विंड पार्टिकल एक्सपेरिमेंट (एसपैक्स) पेलोड का हिस्सा, स्टेप्स उपकरण ने वैज्ञानिक डेटा का संग्रह शुरू कर दिया है। स्टेप्स में छह सेंसर शामिल हैं जो प्रत्येक अलग-अलग दिशाओं में निरीक्षण करता है तथा एमईवी से अधिक के इलेक्ट्रॉनों के अलावा, 20 केईवी/न्यूक्लियॉन से लेकर 5एमईवी/न्यूक्लियॉन तक के सुपर-थर्मल और ऊर्जावान आयनों को मापता है। ये माप निम्न और उच्च-ऊर्जा कण स्पेक्ट्रोमीटर का उपयोग करके आयोजित किए जाते हैं। पृथ्वी की कक्षाओं के दौरान एकत्र किया गया डेटा वैज्ञानिकों को पृथ्वी के आसपास के कणों के व्यवहार का विश्लेषण करने में मदद करता है खासकर पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की उपस्थिति में।

स्टेप्स को 10 सितंबर, 2023 को पृथ्वी से 50,000 किमी से अधिक दूरी पर सक्रिय किया गया था। यह दूरी पृथ्वी की त्रिज्या के आठ गुना से भी अधिक के बराबर है, जो इसे पृथ्वी के विकिरण बेल्ट क्षेत्र से काफी आगे रखती है। आवश्यक उपकरण स्वास्थ्य जांच पूरी करने के बाद, डेटा संग्रह तब तक जारी रहा जब तक कि अंतरिक्ष यान पृथ्वी से 50,000 किमी से अधिक दूर नहीं चला गया। स्टेप्स की प्रत्येक इकाई सामान्य मापदंडों के भीतर काम कर रही है।

अपडेट में कहा गया है कि एक आंकड़ा पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर के भीतर ऊर्जावान कण वातावरण में भिन्नता को दर्शाने वाले माप को प्रदर्शित करता है जो एक इकाई द्वारा एकत्र किया गया है। ये चरण माप आदित्य-एल1 मिशन के क्रूज चरण के दौरान भी जारी रहेंगे क्योंकि यह सूर्य-पृथ्वी एल1 बिंदु की ओर आगे बढ़ेगा। एक बार अंतरिक्ष यान अपनी इच्छित कक्षा में स्थापित हो जाने के बाद भी उसके काम जारी रहेंगे और एल1 के आसपास एकत्र किया गया डेटा सौर हवा और अंतरिक्ष मौसम की घटनाओं की उत्पत्ति, त्वरण और अनिसोट्रॉपी में अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा।

## हाईकोर्ट ने सुनी बच्चों के दिल की बात, केन्द्र एवं राज्य सरकार से मांगा जवाब

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने सोमवार को बच्चों की दिल की बात को सुनते हुए केन्द्र और राज्य सरकार से जवाब देने को कहा है।

वाकया कुछ ऐसा है। गली मोहल्ले में खेलने वाले कुछ बच्चों ने मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी के नाम एक खत लिखकर अपनी समस्या रखी। बच्चों ने लिखा कि उनके आसपास खेल का कोई मैदान नहीं है। जब स्कूल से छूटने के बाद गली में खेलते हैं तो पास वाली आंटी और अकंल उन्हें खेलने नहीं देते हैं।

उनकी बॉल छिपा देते हैं। बच्चों की ओर से अदालत से खेल का मैदान और सामान उपलब्ध कराने की भी मांग की



गयी। यह भी कहा गया कि उन्होंने क्रिकेटर विराट कोहली के साथ सोशल मीडिया माध्यम पर इस समस्या को साझा किया तो उन्होंने खेल की वकालत करते हुए बच्चों को खेलने की बात कही। उन्होंने कहा कि सचिन, सहवाग और गांगुली ने भी यहीं से शुरूआत की।

अदालत ने इस मामले का स्वत: संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका दायर कर ली। इस प्रकरण की सुनवाई आज मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में हुई। अदालत ने केन्द्रीय खेल मंत्रालय के साथ ही प्रदेश के शहरी विकास सचिव, खेल सचिव और खेल निदेशक को पक्षकार बनाते हुए उन्हें नोटिस जारी किया है।

साथ ही पूछा है कि खेलो इंडिया के तहत क्या कोई ऐसी नीति है कि जिसके तहत बच्चों के खेलने के लिये खेल मैदान (प्ले ग्राउंड) तैयार किये जा सके। जिससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास हो सके।

### सड़क दुर्घटना ,चार लोगों की मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा के कटक जिले में सोमवार को सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दुर्घटना कटक के टिगिरिया पुलिस सीमा के अंतर्गत नुआसादक चक के पास हुई जब एक वाहन को एक ट्रक ने आमने-सामने टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के समय वाहन अथागढ़ जा रहा था। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना प्राप्त होते ही टिगिरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हैदराबाद से कोलंबो के लिए सीधी उड़ान शुरू करेगा इंडिगो

**कोलकाता।** इंडिगो ने सोमवार को कहा कि वह 02 नवंबर से हैदराबाद और कोलंबो के बीच नयी सीधी उड़ानें शुरू करेगा।

इंडिगो दोनों शहरों के बीच सीधी सेवा प्रदान करने वाला पहला भारतीय वाहक है, जिससे व्यापार, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूती मिलेगी।

यह अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इंडिगो के रणनीतिक विस्तार का हिस्सा है, जो ग्राहकों को निर्बाध और कुशल संपर्क प्रदान करता है।

इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा, हम हैदराबाद और कोलंबो के बीच सीधी उड़ान शुरू करने से बहुत खुश हैं। हमारा ध्यान असाधारण सेवाएं प्रदान करने और अपने ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करना है। यह भारत और श्रीलंका के बीच व्यापारिक संबंधों, व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्प्रेरक का काम करेगा।

उन्होंने कहा कि इन उड़ानों के शुरू होने से न केवल संपर्क बढ़ेग बल्कि यात्रियों को ज्यादा सुविधा भी प्राप्त होगी। हम अपने अद्वितीय नेटवर्क में समय पर, किफायती, विनम्र और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव प्रदान करने वाले अपने वादे का पालन करते हुए ज्यादा उड़ान विकल्पों की पेशकश करना जारी रखेंगे।

## ओडिशा में प्रतिबंधित पदार्थ रखने के आरोप में एक गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक सेवानिवृत्त वन कर्मी को गिरफ्तार किया और उसके पास से हिरण की खाल, एक कछुए का आवरण, एक सूअर का दांत और प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किया। यह जानकारी एसटीएफ सूत्रों ने सोमवार को दी। एसटीएफ सूत्रों ने कहा कि खुफिया सूचना के आधार पर एसटीएफ, बीबीएसआर की एक टीम ने बौध जिला पुलिस के साथ मिलकर रविवार को चारीछक-फुलबनी मार्ग पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान, एसटीएफ अधिकारियों ने सनातन प्रधान को गिरफ्तार किया, जो पहले वन विभाग में कार्यरत था और वर्ष 2008 में वीआरएस ले लिया था। आरोपी के घर की तलाशी के दौरान उसके पास से एक हिरण की खाल, एक कछुए का आवरण और एक सूअर का दांत प्राप्त हुई। आरोपी वन्यजीव उत्पादों को रखने के लिए कोई वैध कागज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके लिए उसके खिलाफ वन्यजीव अधिनियम की धारा 379/411 आईपीसी आर/डब्ल्यू और 51 वन्यजीव अधिनियम, 1972 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

### तेलंगाना में बस कंडक्टर ने पेट्रोल डालकर आत्महत्या करने की कोशिश की

मेडक। तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम (टीएसआरटीसी) के एक 24 वर्षीय बस कंडक्टर ने सोमवार को मेडक जिले के नरसापुर स्थित बस डिपो में अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगाने की कोशिश की। पुलिस के अनुसार, बस कंडक्टर का नाम सैतेजा है। उसकी नियुक्ति पिता की खराब स्वास्थ्य के कारण मृत्यु होने के बाद अनुकंपा के आधार पर हुई थी। सैतेजा शराब पीने का आदी था जिसके कारण वह ठीक से ड्यूटी नहीं कर रहा था। उसकी मां ने सोमवार को नियमित रूप से ड्यूटी पर नहीं जाने के कारण उसे डांटा था।

## ओडिशा में पांच दिनों तक बारिश के आसार

भुवनेश्वर। उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और आसपास के क्षेत्र में अगले 48 घंटों के दौरान कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी और ओडिशा के कई जिलों में अगले पांच दिनों तक बारिश की भविष्यवाणी की।

सूत्रों ने कहा है कि एक चक्रवाती परिसंचरण पूर्वोत्तर और उससे सटे पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी पर स्थित है और समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। इसके प्रभाव के तहत, अगले 48 घंटों के दौरान उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उसके आसपास एक कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है।

भविष्यवाणी के अनुसार वर्तमान मौसम संबंधी विशेषताओं से व्यापक रूप से हल्की से मध्यम वर्षा गतिविधि का संकेत मिलता है, साथ ही अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। अगले चार दिनों के दौरान ओडिशा के कुछ जिलों में बारिश होने की संभावना है।

आईएमडी ने इसके अलावा, अगले दो दिनों के दौरान बिजली के साथ गरज के साथ बारिश होने की संभावना व्यक्त की और लोगों को सुरक्षित आश्रय लेने की सलाह दी है।

सूत्रों के अनुसार कम दबाव के प्रभाव के तहत ओडिशा के जिलों में कई स्थानों पर, आंतरिक ओडिशा के जिलों में अधिकांश स्थानों पर और तटीय ओडिशा के जिलों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश / गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

क्योंझर, मयूरभंज, कोरापुट, अंगुल, ढेंकनाल, बौध, कंधमाल, गंजम, गजपति और रायगड़ा जिलों में एक या दो स्थानों पर भारी वर्षा (7 से 11 सेमी) होने की संभावना है।

आईएमडी ने इन जिलों के लिए 'पीली चेतावनी' जारी की है। ओडिशा के 22 जिलों में एक या दो स्थानों पर बिजली गिरने के साथ आंधी आने की संभावना है।

## आपदा प्रभावितों के लिए विशेष राहत पैकेज लाएगी सरकार

शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के आपदा प्रभावितों के लिए सरकार विशेष राहत पैकेज लाएगी। इस आपदा में 441 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। कुल्लू में लारजी प्रोजेक्ट को बहुत क्षति पहुंची है। प्रदेश के बिजली प्रोजेक्टों को 1000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

मुख्यमंत्री सोमवार को विधानसभा में वक्तव्य देते हुए कहा कि राज्य के आपदा प्रभावितों के लिए सरकार विशेष राहत पैकेज लाएगी।

सुक्खू के वक्तव्य के बीच विपक्ष ने सदन से बर्हिगमन कर दिया।



विपक्ष के बाहर जाने के बाद सुक्खू ने कहा कि आपदा के वक्त भारतीय जनता पार्टी के लोग कह रहे थे कि मानसून सत्र बुलाया जाए। आज ये सत्र में गंभीर नहीं है। सरकार ने नियम 102 के तहत प्रस्ताव दिया। इन लोगों के प्रस्ताव को भी अटैच किया गया है। इन्हें चर्चा में भाग लेना चाहिए। मगर ये गंभीर नहीं हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान आपदा के कारण राज्य के संसाधन गंभीर रूप से प्रभावित हुए हैं। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से भी मुलाकात की है। प्रदेश को एक राहत पैकेज की तुरंत आवश्यकता है। इससे पूर्व कभी ऐसी आपदा नहीं हुई। यह आपदा भुज भूकंप, केदारनाथ आपदा और जोशीमठ भूमि रिसाव से भी बड़ी है। इन्हीं की तर्ज पर हिमाचल की इस आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वह सभी प्रदेशवासियों का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। वह विभिन्न सरकारों का भी योगदान देने के लिए धन्यवाद करते हैं। एक व्यक्ति मेरे पास आया और बोला कि जीवन में कभी किसी को चाय नहीं पिलाई, उन्होंने भी योगदान दिया। वह इसका धन्यवाद करते हैं। भाजपा विधायकों ने तो एक महीने का वेतन अभी तक नहीं दिया है। बच्चों ने गुल्लक तोड़कर मदद की है। विपक्ष सदन में लौटा तो बोले कि अच्छा हुआ कि भाजपा विधायक प्रस्ताव पेश करने के समय आ गए।

श्री सुक्खू ने कहा कि प्राकृतिक आपदा प्रभावितों के लिए प्रदेश सरकार विशेष राहत पैकेज लाएगी।

## आम आदमी पार्टी चलाएगी हरियाणा में परिवार जोड़ो अभियान

एजेंसी

**हिसार।** आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा में परिवार जोड़ो अभियान चलाएगी , जिसके तहत वह लोगों के घर जाकर उनकी समस्याएं सुनने और उन्हें दिल्ली और पंजाब में पार्टी की सरकारों द्वारा आम जनता को दी जा रही सुविधाओं के बारे में अवगत कराएगी।

आप के हिसार लोकसभा क्षेत्र अध्यक्ष पवन फौजी, जिलाध्यक्ष ग्रामीण दलबीर किरमारा, जिलाध्यक्ष शहरी रविंद्र श्योराण और जिला सचिव कमल सोलंकी ने सोमवार को यहां पार्टी कार्यालय में संयुक्त प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आप लोगों के घर जाकर उनके मुद्दे सुनने का काम करेगी और इसके अलावा पूर्व की सरकारों की पोल खोलने का काम किया जाएगा। चूंकि अभियान के तहत लोगों की समस्या सुनी जाएंगी और यही पार्टी के घोषणा पत्र का भी आधार बनेगा। इस मुहिम के माध्यम से जमीनी स्तर पर जाकर अच्छे लोगों चिह्नित किया जाएगा।

## शार्ट न्यूज

### गाजियाबाद में हिंडन नदी में दो बच्चे डूबे

गाजियाबाद। गाजियाबाद की हिंडन नदी में सोमवार को दो बच्चे नहाते वक्त डूब गए। पुलिस, NDRF, फायर सर्विस की टीमें रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं, लेकिन दोनों बच्चों का अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा है। एसीपी रवि कुमार सिंह ने बताया, नंदग्राम थाना क्षेत्र की नई बस्ती में रहने वाले 13 वर्षीय शिवम और 7 वर्षीय कल्लू सोमवार सुबह हिंडन नदी पर नहाने के लिए पहुंच गए। नहाने के दौरान वे गहरे पानी में चले गए और डूब गए। कुछ लोगों ने उन्हें शोर मचाते हुए देखा तो आबादी में पहुंचकर इसकी सूचना दी। इसके बाद लोग इकट्ठा हुए और डायल-112 को सूचित किया। तब थाने की पुलिस, फायर टीम आई। फिर एनडीआरएफ टीम को बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कराया गया। अभी तक दोनों बच्चों का कुछ पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि इसमें एक बच्चा मूल रूप से अलीगढ़ का रहने वाला है, जो अपनी नानी के यहां गाजियाबाद में आया हुआ था।

### 50 से अधिक छात्रों को परीक्षा देने से रोका

मोदीनगर। मुरादनगर के दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित कृष्णा विद्या निकेतन स्कूल प्रबंधन द्वारा फीस जमा ना करने पर 50 से अधिक छात्र छात्राओं को परीक्षा देने से रोक दिया गया। छात्रों को क्लांस रुम से बाहर निकालकर मैदान में बैठा दिया गया। अभिभावकों ने इस मामले को लेकर जमकर हंगामा किया। अभिभावक इसकी शिकायत शिक्षा विभाग के अधिकारियों से करने की बात कह रही है। दिल्ली मेरठ मार्ग पर शिवम विहार कॉलोनी के सामने कृष्णा विद्याा निकेतन स्कूल है। सोमवार से स्कूल में परीक्षा चल रही है। सोमवार सुबह छात्र परीक्षा की तैयारी कर स्कूल पहुंचे। आरोप है कि जैसे ही छात्र छात्राएं परीक्षा देने के लिए क्लास रुम में बैठे तो इसी बीच शिक्षक आए। आरोप है कि शिक्षकों द्वारा विभिन्ना कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों के नाम बोलकर कहा गया की इनकी फीस जमा नहीं हुई ,इसलिए परीक्षा नहीं दे सकते है। इसके बाद 50 छात्र छात्राओं को क्लांस रुम से बाहर निकालकर मैदान में बैठा दिया गया। इसके बाद छात्रों ने इसकी सूचना अभिभावकों को दी। सूचना मिलते ही अभिभावक स्कूल पहुंचे और जमकर हंगामा किया। उनका आरोप है कि एक माह की फीस जमा ना होने पर भी परीक्षा नहीं देने गई।

### किसान और टोल प्रबंधन आमने-सामने

दादरी। भारतीय किसान यूनियन अजगर के कार्यकर्ताओं ने शनिवार रात जीटी रोड स्थित लुहारली टोल प्लाजा पर जमकर हंगामा किया। करीब 30 मिनट तक टोल प्लाजा को फ्री करा दिया। किसानों का आरोप है कि स्थानीय वाहनों से शुल्क मांगा जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्थानीय वाहनों से शुल्क मांगा तो आंदोलन किया जाएगा। पुलिस ने किसानों को शांत कराकर वहां से हटाया। उधर, टोल प्रबंधन ने आरोप लगाया है कि किसान नेता सिकंद्राबाद ट्रांसपोर्टर के ट्रकों को स्थानीय निवासियों का बता रहे हैं। शनिवार की रात करीब आठ बजे दो ट्रक सिकंद्राबाद से लुहारली टोल प्लाजा पर पहुंचे। टोल पर तैनात कर्मचारियों ने टोल शुल्क नहीं देने पर दोनों ट्रकों को वापस भेज दिया। जब इसकी सूचना भारतीय किसान यूनियन अजगर के कार्यकर्ताओं को मिली तो बड़ी संख्या में वें टोल प्लाजा पर पहुंचे और जमकर हंगामा किया। किसानों ने टोल प्लाजा से जबरन न सिर्फ ट्रकों को पास कराया। बल्कि करीब 30 मिनट तक प्लाजा को टोल फ्री कर दिया। इस प्रकरण की सूचना पर दादरी पुलिस मौके पहुंची और बातचीत कर किसानों को शांत कराया। किसानों को जल्द वार्ता कराने का आश्वासन दिया।

### गवाहों को धमकाने के मामले में महिला पर केस

नोएडा। गवाहों को धमकाने व पुलिस पर दबाव बनाने के मामले में एक महिला के खिलाफ कोतवाली फेज थ्री पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं महिला के पति को दो दिन पहले ही पुलिस ब्लैकमेल कर रकम ऐंठने के मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट की मॉनिटरिंग सेल में तैनात इंस्पेक्टर धर्मेंद्र लांबा ने शिकायत की है कि वह वर्ष 2021 से 22 के बीच टीपी नगर के चौकी प्रभारी थे। उस दौरान शख्स विनय बिहारी खिलाफ एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि महिला के पति को ब्लैकमेल करने की नियत से महिला के आपत्तिजनक फोटो फेसबुक पर पोस्ट किए थे। पुलिस ने विनय बिहारी को गिरफ्तार कर लिया था। जेल से जमानत पर छूटने के बाद विनय ने गवाहों को प्रभावित करने के लिए धमकी दी। आरोप पत्र दाखिल होने के बाद दर्ज मुकदमे में समझौता कराने के उद्देश्य से धर्मेंद्र कुमार लांबा को यूट्यूब पर जेल भेजने की धमकी दी और अपमानजनक वीडियो बिना प्रमाण और साक्ष्य के प्रसारित कीं।

### पेट्रोल चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

साहिबाबाद। मेरठ परतापुर तेल डिपो से भरकर निकलने वाले टैंकर की रिपीट तोड़कर व जीपीएस सिस्टम हैक कर पेट्रोल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। टीला मोड़ थाना पुलिस ने रविवार को गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। दोनों के पास से 200 लीटर पेट्रोल, बिना कागजात की कार, रिपीट तोड़ने की मशीन, एक एलएमपी, जीपीएस हैकर डिवाइस, एक प्लास, बेस बॉल स्टिक बरामद की। एसीपी शालीमार गार्डन सूर्यबली मौर्या ने बताया कि टीला मोड़ थाना पुलिस टीम ने प्रशांत त्यागी निवासी डिफेंस कॉलोनी कंकरखेड़ा मेरठ और राजीव शर्मा निवासी अबुपुर थाना निवाड़ी को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि वह सामूहिक रूप से मेरठ परतापुर के पास तेल डिपो से भरकर निकलने वाले टैंकरों को निशाना बनाते हैं। जीपीएस मशीन हैक कर सुनसान जगह पर रास्ते में टैंकर को रोककर मशीन की मदद से रिपीट तोड़ देते थे। इस दौरान पेट्रोल चोरी कर लेते हैं। फिर चोरी के पेट्रोल को लोगों को सस्ते दामों पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे।

### फर्जी खाते खुलवाकर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

साहिबाबाद। फर्जी खाते खुलवाकर लोगों से साइबर ठगी करने वाले दो लोगों को रविवार को इंदिरापुरम व साइबर सेल पुलिस ने गिरफ्तार किया। दोनों के पास से लैपटॉप, पांच आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, 25 क्रेडिट और डेबिट कार्ड, चार मोबाइल, दो मोहर, 7590 रुपये व एक कार बरामद की। गिरोह के दो सरगना व एक महिला सदस्य अभी पुलिस की पकड़ से दूर है। डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल ने बताया कि 19 जून को इंदिरापुरम थाने में वसुंधरा सेक्टर-तीन निवासी अजय कुमार ने अपने क्रेडिट कार्ड से 2.82 लाख रुपये का फर्जी ट्रांजेक्शन होने का मुकदमा दर्ज कराया था। थाना व साइबर सेल पुलिस ने रविवार को वैशाली मेट्रो स्टेशन के पास से अजीत सिंह निवासी मयूर विहार दिल्ली, हाल पता निवाड़ी गाजियाबाद व गगनदीप सिंह निवासी पंजाब, हाल पता गुरूग्राम हरियाणा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि अभियंता गगनदीप गुरूग्राम के प्राइवेट बैंक में सेल्स मैनेजर के पद पर नौकरी करता है जबकि अजीत ट्रेडिंग का काम करता है। गगनदीप ही पुराने ग्राहकों के डाटा देता था।

### डीएलएफ फेज तीन में 30 अवैध व्यावसायिक दुकानों को किया गया सील

गुरुग्राम। जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने सोमवार से एक बार फिर सीलिंग अभियान की शुरुआत की है। डीएलएफ फेज तीन स्थित यू-ब्लॉक के 60 वर्ग गज के रिहायशी प्लॉटों में अवैध रूप से दुकानें खोल व्यावसायिक गतिविधियां चलाई जा रही थी। करीब दस मकानों में 30 व्यावसायिक दुकानें अवैध रूप से चलाई जा रही थी। सभी दुकानों को टीम ने सील कर दिया। एन्फोर्समेंट टीम के साथ इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा जिसके चलते कोई विरोध नहीं हुआ। जिला नगर योजनाकार अधिकारी मनीष यादव के नेतृत्व में टीम सोमवार को यू-ब्लॉक पहुंची। यू-7, 8, 9, 10 की लेन में दस मकानों में करीब 30 दुकानें सील की गई। इन्हीं सड़कों पर दुकानों के सामने पांच से छह फीट तक किए गए अतिक्रमण पर जेसीबी चला दी। इसमें अस्थायी टीन शेड, छप्पर, काउंटर लगाए हुए थे जिन पर टीम ने जेसीबी चला दी। इन दुकानों में जूस कार्नर, खाने-पीने की दुकानें, रेस्टोरेंट इत्यादि अवैध रूप से चलाए जा रहे थे। एन्फोर्समेंट टीम की तरफ से विभिन्न लाइसेंस कॉलोनियों में सीलिंग अभियान चलाया जा रहा है।

# मोदी डिग्री मानहानि केस में केजरीवाल ने खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

## सत्र अदालत के फैसले को चुनौती




नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और सांसद संजय सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी की शैक्षणिक डिग्री के संबंध में कथित रूप से अपमानजनक बयान देने के मामले में अपने खिलाफ जारी समन को रद्द किए जाने की गुहार के साथ गुजरात हाईकोर्ट का रुख किया है। मालूम हो कि सत्र न्यायालय ने समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। केजरीवाल और संजय सिंह ने सत्र अदालत के फैसले को गुजरात उच्च न्यायालय में चुनौती दी है।

केजरीवाल और संजय सिंह दोनों ने हाईकोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेएम ब्रह्मभट्ट के 14 सितंबर के आदेश को चुनौती दी है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जेएम ब्रह्मभट्ट ने इस मामले पर केजरीवाल और संजय सिंह के पुनरीक्षण आवेदन खारिज कर दिया था। 21 पन्नों के आदेश में न्यायाधीश ब्रह्मभट्ट ने कहा था कि मजिस्ट्रेट अदालत ने समन जारी करने से पहले सभी तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार किया था। मजिस्ट्रेट के समन के आदेश में कुछ भी गलत नहीं था।

बता दें कि यह मामला गुजरात विश्वविद्यालय की ओर से दाखिल किया गया है। इसमें केजरीवाल और संजय सिंह पर विश्वविद्यालय को कथित तौर पर बदनाम करने का आरोप लगाया गया है। विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री का खुलासा नहीं करने पर कथित तौर पर उसके खिलाफ अपमानजनक बयान देने के लिए दोनों राजनेताओं केजरीवाल और संजय सिंह पर मानहानि का वाद दायर किया है।

विश्वविद्यालय की शिकायत के आधार पर, एक मजिस्ट्रेट अदालत ने इस साल अप्रैल में केजरीवाल और संजय सिंह को तलब किया था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) जयेशभाई चोवतिया ने बीते 17 अप्रैल को अपने आदेश में कहा था कि केजरीवाल और संजय सिंह के बयान प्रथम दृष्टया मानहानिकारक थे इसलिए अदालत मामले में दोनों को तलब करती है। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने एक पेन ड्राइव में साझा किए गए मौखिक और डिजिटल सबूतों पर ध्यान देने के बाद उक्त आदेश पारित किया था। इस पेन ड्राइव में गुजरात हाईकोर्ट के पीएम मोदी की डिग्री से जुड़े मामले में फैसले के बाद केजरीवाल के ट्वीट और भाषण शामिल थे। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में विश्वविद्यालय की अपील को स्वीकार करते हुए कहा था कि विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री मोदी की डिग्री का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं है। हाईकोर्ट ने केजरीवाल पर 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था। केजरीवाल और संजय सिंह के बयानों का जिक्र करते हुए मजिस्ट्रेट अदालत ने कहा था कि आरोपी राजनेता सुशिक्षित राजनीतिक पदाधिकारी थे जो जनता पर अपने बयानों के प्रभाव से भलीभांति अवगत थे। यदि राजनीतिक पदाधिकारी लोगों के प्रति अपना कर्तव्य पूरा करने के बजाय अपनी व्यक्तिगत दुश्मनी के लिए काम करते हैं, तो इसे लोगों के विश्वास पर चोट माना जाएगा।

# कई महीने से वेतन नहीं दिया अब हटाने की तैयारी

## डीटीसी मार्शलों का फूटा गुस्सा; दिल्ली में प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** दिल्ली में वेतन न मिलने से नाराज बसों में तैनात मार्शलों ने सचिवालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार सरकार उनकी अनदेखी कर रही है।

डीटीसी बसों में तैनात रहने वाले मार्शलों को तीन और क्लस्टर में तैनात मार्शलों को चार महीने से वेतन नहीं मिला है, जिससे उनका घर चलाना मुश्किल हो गया है। धरने का नेतृत्व कर रहे सचिन का कहना है कि अधिकांश मार्शल किराए पर रहते हैं। वेतन न मिलने के कारण अधिकांश लोग उधार लेकर अपना घर खर्च चला रहे है लेकिन यह स्थिति कब तक रह सकती है। ऊपर से हमे हटाने की तैयारी की जा रही है।

दिल्ली में डीटीसी बसों में तैनात रहने वाले मार्शल जब सैलरी नहीं मिलने से नाराज होकर सड़क पर उतरे तो इस प्रदर्शन में महिला मार्शल भी नजर आईं। महिला मार्शलों का कहना है कि सैलरी नहीं मिलने से काफी दिक्कतें आ रही हैं। इन मार्शलों का कहना है कि जब दिल्ली में बाढ़ आई थी तब उस वक्त भी उन्होंने अपना योगदान दिया था लेकिन दिल्ली सरकार उसे भी याद नहीं रख रही हैं।

कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि इन मार्शलों को बताया गया था कि एक हफ्ते के अंदर उन्हें पैसे मिल जाएंगे। लेकिन वेतन नहीं मिलने पर आखिरकार इनका गुस्सा फूट पड़ा और वो सड़क पर उतर आए। कई मार्शलों का यह भी कहना है कि उनके परिजन उनसे कहने लगे हैं कि अगर सैलरी नहीं मिल रही तो वो नौकरी छोड़ दें।


### 12वीं तक के स्कूल 22 सितंबर, कॉलेज, तकनीकी संस्थान 21 और 22 दोनों दिन रहेंगे बंद

नोएडा। नोएडा में 21 से 25 सितंबर तक दो बड़े इवेंट हो रहे है। पहला यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 21 से 26 सितंबर तक और दूसरा मोटो जीपी 22 से 24 सितंबर तक आयोजित होगा। इस दौरान 21 और 22 को वीवीआईपी मूवमेंट और पब्लिक के आने जाने का सिलसिला रहेगा। बड़े स्तर पर रूट डायवर्ट किए गए है। मॉल वाहक वाहन, यात्री बस और अन्य प्राइवेट वाहनों के लिए डायवर्ट है। इस दौरान स्कूली , कॉलेज के छात्राओं को परेशानी न हो इसके लिए स्कूल कॉलेजों को बंद करते हुए गाइड लाइन जारी की गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्म वीर सिंह ने बताया कि सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त , वित्त विहीन, सीबीएसई, आईसीएसई, आईबी बोर्ड विद्यालय 21 सितंबर को दोपहर 2 बजे के बाद नहीं खुलेंगे। वहीं 22 सितंबर को नर्सरी से लेकर 12वीं क्लास तक के स्कूल बंद रहेंगे। जनपद के सभी विश्वविद्यालय , महाविद्यालय और शैक्षणिक तकनीकी संस्थान 21 और 22 सितंबर को पूरी तरह से बंद रहेंगे। वह चाहे तो ऑनलाइन क्लास चला सकते है।

# अवैध संबंध के शक में पति ने की पत्नी की हत्या

## शव को कमरे में किया बंद; दीवारों पर मिले खून के धब्बे

**नई दिल्ली।** खजूरी खास थाना क्षेत्र के गली नंबर 17बी, मकान नं. 201 में बिस्तर पर एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान द्रौपदी (35) पत्नी सुनील के रूप में हुई। जिस कमरे में महिला की लाश मिली है, उसमें चारों तरफ खून के धब्बे हैं। द्रौपदी की यह दूसरी शादी थी। मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतका की बेटी ने बताया कि उसका सौतेला पिता सुनील




शनिवार से अपने कमरे का दरवाजा बंद कर गायब है। स्थानीय पूछताछ से पता चला कि सुनील और द्रौपदी लगभग हर दिन एक-दूसरे से लड़ते थे। उन्हें आखिरी बार उनकी बेटी ने शनिवार दोपहर लगभग 12: 30 बजे जीवित देखा था। मकान मालिक की मौजूदगी में बंद कमरे को खोला गया तो शव निकला। मृतका के माथे पर चोट थी और गले में चुन्नी लिपटी हुई थी। द्रौपदी की पहली शादी ज्योतिष यादव से हुई थी। उनके 4 बच्चे थे। एक लड़की द्रौपदी के साथ रहती है। बाकी 3 बच्चे बिहार के मधेपुरा में ज्योतिष यादव के साथ रहते हैं। वह पिछले सात साल से अपने दूसरे पति सुनील के साथ रह रही थी। सुनील द्वारा उनकी कोई संतान नहीं हुई। पुलिस के मुताबिक, हाल ही में उसके दूसरे पति सुनील को शक हुआ कि उसके किसी अन्य पुरुष के साथ अवैध संबंध हैं। इस मुद्दे पर दंपती में अक्सर बहस होती थी। फिलहाल पुलिस मामले जांच में जुटी है। सुनील का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, जो मुख्य संदिग्ध है।

# अभाविप ने छात्रसंघ चुनाव के लिए घोषणापत्र किया जारी

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के लिए 21-सूत्रीय घोषणापत्र (मेनिफेस्टो) जारी किया।




अभाविप ने आज यहां जारी 21-सूत्रीय घोषणापत्र में तनावमुक्त डीयू बनाने को 'माइंडफुलनेस सेंटर' की स्थापना, ट्रांसजेंडर समुदाय हेतु छात्रवृत्ति, 'कॉरपोरेट कनेक्ट सेंटर' से बेहतर रोज़गार के अवसर एवं छात्र समुदायों के 'समग्र एवं सर्वांगीण विकास' और एक पाठ्यक्रम-एक शुल्क' के साथ पढ़ाई के साथ कमाई संबंधित विषयों को भी शामिल किया गया है।

उन्होंने महिला सुरक्षा, सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन की स्थापना एवं महिला संबंधित मुद्दों पर विशेष बल देते हुए अभाविप ने छात्राओं के लिए अलग घोषणापत्र(वू-मेनिफेस्टो) जारी किया है।

छात्रों के लिए विशेष बस सेवा, मेट्रो में रियायती पास, अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति में वृद्धि, सप्लीमेंट्री परीक्षाओं की मांग, नए महिला छात्रावासों का निर्माण एवं कॉलेज परिसरों में अनिवार्यत: महिला छात्रावास की व्यवस्था, शैक्षिक तथा प्रशासनिक आवश्यकताओं हेतु एकल डैशबोर्ड, परिसर में 24 घंटे मुफ्त वाई-फाई सुविधा और स्वास्थ्य, उन्नत पुस्तकालय एवं ई-रिसोर्स के साथ सुलभ वाचनालय, खिलाड़ी छात्रों हेतु खेल-संबंधी व्यवस्थाओं का सुदृढ़ीकरण के साथ पोषण विशेषज्ञ एवं संतुलित आहार, दिव्यांग छात्रों के लिए सुलभ बुनियादी ढांचा एवं सहायक प्राद्योगिकी की उपलब्धता, रोज़गार के अवसरों के लिए 'अर्निंग विथ लर्निंग', समस्याओं के निवारण हेतु 'आंतरिक शिकायत समिति का गठन एवं बेहतर एक्सपोजर के लिए 'कॉरपोरेट कनेक्ट सेंटर' की स्थापना, ट्रांसजेंडर विद्यार्थियों हेतु नई छात्रवृत्ति का नियोजन एवं नियमित छात्रवृत्ति में वृद्धि तथा 'मानसिक तनावमुक्त परिसर' के निर्माण हेतु विशिष्ट परामर्शदाता( काउंसलर) की उपलब्धता एवं मनोवैज्ञानिक समस्याओं के लिए 'माइंडफुलनेस सेंटर' की स्थापना की मांग को प्रमुखता से घोषणापत्र में सम्मिलित किया गया है।

इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अभाविप से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी तुषार डेढा ने कहा, अभाविप की अगुवाई में पूर्व में भी डीयू के विकास एवं छात्र समुदाय की समस्याओं के निवारण हेतु बेहतर कार्य किया गया है। इस वर्ष दोगुने जोश से छात्रों के व्यक्तित्व विकास, परिसर के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, माइंडफुलनेस सेंटर की स्थापना, स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु अभाविप कार्यरत रहेगी।

अभाविप से उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुशांत धनकड़ ने कहा, खिलाड़ियों के लिए मूलभूत सुविधाएं की उपलब्धता, नए छात्रावासों के निर्माण, 'एक पाठ्यक्रम-एक शुल्क' की नीति के साथ समग्र विकास पर अभाविप ध्यान देगी तथा वैश्विक पटल पर डीयू को शीर्ष में स्थापित कराने का कार्य करेगी।

अभाविप से सचिव पद की प्रत्याशी अपराजिता ने कहा, अभाविप ने महिला संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु अलग से घोषणापत्र 'वूमैनिफेस्टो' को जारी किया है, जिसमें महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण पर विशेष बल दिया गया है।

# लिफ्ट गिरने के मामले में तीसरी गिरफ्तारी

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में हुए दर्दनाक हादसे के मामले में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इस मामले में पुलिस ने तीसरी गिरफ्तारी की है। थाना बिसरख पुलिस ने आम्रपाली ड्रीम वैली की निर्माणाधीन सोसायटी में हुई लिफ्ट गिरने की घटना के मामले में गिरधारी लाल कन्ट्रेक्शन के मेकेनिकल फोरमैन को गिरफ्तार किया है। ग्रेनो वेस्ट में शुक्रवार को हुए इस हादसे के बाद से पुलिस हादसे के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी हुई है। इस हादसे को लेकर थाना बिसरख पुलिस द्वारा 10 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में सोमवार को पुलिस ने तीसरी गिरफ्तारी की है। पुलिस ने गिरधारी लाल कन्ट्रेक्शन प्रा.लि. कम्पनी के मैकेनिकल फोरमैन राहुल को गिरफ्तार किया। यह मूलरूप से बुलंदशहर का रहने वाला है। बिसरख



थाना प्रभारी अनिल राजपूत ने बताया कि आरोपी गिरधारी लाल कन्ट्रेक्शन प्रा.लि. कम्पनी में मैकेनिकल फोरमैन के पद पर कार्य करता था। कंस्ट्रक्शन साइट पर सभी लिफ्ट की देखरेख और रिपेयर की जिम्मेदारी राहुल की थी। लिफ्ट खराब होने के बाद भी आरोपी के द्वारा इसको रिपेयर नहीं किया गया, जबकि लिफ्ट कंपनी के द्वारा बारिश में लिफ्ट को न चलने का निर्देश दिया गया था। उसके बावजूद भी लिफ्ट को बारिश में चलाया जा रहा था। पुलिस का मानना है कि यह लापरवाही जानबूझकर की गई, जिसकी वजह से घटना घटित हो गई।

# ग्रेटर नोएडा में पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़

एजेंसी

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के कासना थाना में पुलिस की बाइक सवार बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इस बदमाश पर हत्या, लूट व डकैती जैसे एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज है।

दरसअल रविवार रात को थाना कासना पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत डाढा गोलचक्कर के पास चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर पुलिस को संदिग्ध आता हुआ दिखाई दिया। जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया। लेकिन वह नहीं रुका, पुलिस ने जब पीछा किया, तो उसने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। बदमाश की फायरिंग करने पर पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को पकड़ लिया। बदमाश की पहचान बुलंदशहर के गुलावठी निवासी चंद्रभान के रूप में हुई। घायल होने के कारण उस बदमाश



को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, तमंचा कारतूस व अन्य सामान बरामद किया।

उसे बदमाश के बारे में जानकारी जुटाना पर पता चला कि यह एक शातिर किस्म का लुटेरा है। जिस पर हत्या, डकैती व लूट के करीब एक दर्जन मुकमदे गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, हापुड में पंजीकृत हैं। यह ग्रेटर नोएडा में भी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए आया था।

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हुआ है। इस बदमाश पर एक दर्जन से ज्यादा लूट, डकैती और हत्या के मुकदमे दर्ज हैं। इसके अन्य आपराधिक इतिहास की और ज्यादा जानकारी जुटाई जा रही है।

# वन विभाग की जमीन पर लगा कूड़े का ढेर

## बदबू से लोग परेशान, 300 मीटर दूरी पर होनी है मोटोजीपी बाइक रेस

जेवर। दनकौर कस्बे के नजदीक वन विभाग की जमीन पर नगर पंचायत द्वारा कूड़ा डाला जा रहा है। जिसके ढेर से स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि ढेर काफी ऊंचे हो गए हैं। जिसकी वजह से वहां से निकलते समय काफी बदबू आती है। जबकि कूड़े के देर से करीब 300 मीटर की दूरी पर बुद्ध इंटरनैशनल सर्किट है। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय बाइक रेस होने वाली है। कई बार इस संबंध में नगर पंचायत के अधिकारियों से शिकायत की गई। लेकिन समाधान नहीं हो पाया है। जिससे पिछले एक वर्ष से लोगों को



काफी परेशानी हो रही है।

यमुना एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड के पास नगर पंचायत द्वारा वन विभाग की जमीन पर पिछले एक वर्ष से कूड़ा फेंका जा रहा है। जहां पर काफी ऊंचा कूड़े का ढेर लग जाने से लोगों को आने जाने में काफी दिक्कत होती है। समाधान के लिए कई बार विभागीय अधिकारियों से कस्बे के लोगों ने शिकायत भी की है।

वहीं, नगर पंचायत के अधिकारियों का कहना है कि कूड़ा डालने के लिए विभाग ने कस्बे से कुछ दूरी पर जमीन खरीद ली है। लेकिन उसके लिए अभी रास्ता नहीं मिला है। जिसकी वजह से कुछ महीने और अभी इसी जगह पर कूड़ा डाला जाएगा। साथ ही लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो उसको देखते हुए विभाग अब जल्द ही कूड़े के ढेर के चारों तरफ ऊंची टीनशेड भी लगाएगा। आपको बता दें कि जिस जगह पर कूड़ा पड़ा है। उससे करीब 300 मीटर की दूरी पर मोटो जीपी बाइक रेस 22 से 24 सितंबर तक होने जा रही है। जिसमें देश-विदेश के लोग भी पहुंचेंगे। उसके बावजूद भी वहां पर गंदगी का ढेर लगा है। जिसकी वजह से लोग भी नगर पंचायत पर सवाल उठा रहे हैं।

नपं अध्यक्ष राजवती देवी का कहना है कि कूड़े की समस्या के समाधान में नगर पंचायत लगा है। फिलहाल लोगों की समस्या को देखते हुए टीनशेड लगाया जाएगा।

### दनकौर में दो पक्षों में खूब चले लाठी-डंडे

**जेवर।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के चीती गांव में सोमवार को नाली में कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चल गए। इस दौरान दोनों पक्षों के 4 लोगों को गंभीर चोट आई है। जिनका ग्रेनो के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस संबंध में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ कोतवाली पहुंचकर मामले की शिकायत की है। एक पक्ष के बबलू ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि पिछले कई दिनों से उनके ही पड़ोस के रहने वाले कुछ लोग उनके नाली में कूड़ा फेंक रहे थे। जिसका सोमवार को पीड़ित पक्ष ने विरोध किया। इसी बात से गुस्साए आरोपियों ने घर में घुसकर उन पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। बाद में आसपास के लोगों ने आरोपियों से पीड़ित पक्ष को बचाया। इस घटना में बबलू समेत उनके परिवार के 2 लोगों को चोट आई है।

### गाजियाबाद में 15 महिला-पुरुष गिरफ्तार

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस ने सोमवार को 15 महिला-पुरुषों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये लोग ईसाई धर्म से जुड़े हुए हैं और प्रार्थना सभा के बहाने हिन्दू लोगों को धर्मांतरण के लिए बहला-फुसला रहे थे। पुलिस ने इनके कब्जे से एक गिटार, पांच बाइबल पुस्तकें, दो गीत की पवित्र पुस्तकें, आदि सामान बरामद किया है। गांव करहैड़ा निवासी सुभाष चंद जाटव ने इस संबंध में थाना साहिबाबाद में एफआईआर कराई है। सुभाष चंद ने बताया, 17 सितंबर की शाम 4 बजे गांव का दिनेश मुझे मिला और बताया कि आज हमारे घर पर प्रोग्राम है। मेरा परिवार और अन्य लोग उस कार्यक्रम में चले गए। वहां पर कुछ महिला-पुरुष बैठे हुए थे, जो ईसाई धर्म के बारे में बता रहे थे। ये भी कह रहे थे कि अगर वे ईसाई धर्म अपना लेते हैं तो उन्हें पैसे भी दिए जाएंगे।

नई दिल्ली
मंगलवार 19 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## सट्टेबाजी का संजाल

ईडी की जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ कि महादेव बुक ऐप और सट्टेबाजी का मामला छत्तीसगढ़ के कुछ राजनेताओं और पुलिस अधिकारियों से भी जुड़ा है। इस ऐप का सालाना कारोबार लगभग बीस हजार करोड़ रुपए का था।

तकनीक ने जहां आम जनजीवन को सुविधाजनक बनाया है, वहीं इसका दुरुपयोग करने वालों ने इसे एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। जैसे-जैसे लोगों की निर्भरता और व्यस्तता इंटरनेट पर बढ़ने लगी, अवैध रूप से आर्थिक गतिविधियां चलाने वाले गिरोहों ने उसी रास्ते लोगों को फंसाना शुरू कर दिया। मसलन, सट्टेबाजी का धंधा चलाने के लिए कई ऐप चलाए और उसके जरिए बिना मेहनत के अकूत कमाई के सपने परोसे जाने लगे। इस तरह के जाल में फंसने वाले ज्यादातर लोगों को नुकसान ही हुआ, लेकिन ऐसे ऐप संचालित करने वालों ने करोड़ों-अरबों रुपए की कमाई से अपना व्यापक कारोबार खड़ा कर लिया।

देशभर में उनतालीस ठिकानों पर छापामारी, 417 करोड़ की संपत्ति जब्त

गौरतलब है कि शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने महादेव आनलाइन सट्टेबाजी ऐप को लेकर एक बड़ी कार्रवाई की और इस मामले में देश भर में उनतालीस ठिकानों पर छापेमारी कर चार सौ सत्रह करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की। छत्तीसगढ़ के रहने वाले दो लोग महादेव सट्टेबाजी ऐप के संचालक हैं और मौजूदा समय में ईडी के निशाने पर हैं।

सट्टेबाजी के जरिए संयुक्त अरब अमीरात में बनाए गए साम्राज्य का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इसी साल फरवरी में इस ऐप के एक संचालक ने जब वहां शादी की तो उस समारोह में करीब दो सौ करोड़ रुपए नकद खर्च किए गए। उसमें मुंबई फिल्म जगत से कई गायकों और अभिनेताओं को प्रदर्शन करने के लिए बुलाया गया था और सबको हवाला के जरिए बड़ी रकम का भुगतान किया गया।

ईडी की जांच में इस बात का भी खुलासा हुआ कि महादेव बुक ऐप और सट्टेबाजी का मामला छत्तीसगढ़ के कुछ राजनेताओं और पुलिस अधिकारियों से भी जुड़ा है। इस ऐप का सालाना कारोबार लगभग बीस हजार करोड़ रुपए का था। जाहिर है, इस धंधे के संचालकों ने यह कारोबार कोई एक दिन में नहीं खड़ा कर लिया। पैसे के लेनदेन और खासकर डिजिटल तरीके से आनलाइन और गैरकानूनी आर्थिक गतिविधियों पर नजर रखने का दावा करने वाले संबंधित महकमों के कामकाज करने का तरीका आखिर क्या है कि कोई भ्रष्टाचार इस स्तर तक पहुंचने के बाद पकड़ में आता है। आए दिन सट्टेबाजी के खिलाफ अभियान छेड़ने और इसके जरिए किसी तरह का अवैध कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसने के दावे के बरक्स हकीकत यह है कि आज बड़े पैमाने पर लोग अलग-अलग तरीके से सट्टेबाजी के जाल में फंसकर अपनी मेहनत की कमाई लुटा रहे हैं। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों के दौरान किसी भी तरीके से पैसे कमाने की जैसी भूख पैदा हुई है, उसमें बहुत सारे लोगों को इसमें कोई हिचक नहीं होती कि पैसा किस रास्ते से हासिल किया गया। कई लोग जुआ और सट्टेबाजी का सहारा लेकर रातों-रात अमीर बनने की ख्वाहिश पालते और इसके संजाल में फंस भी जाते हैं। ऐसे ही लोगों की धनी बनने की भूख को भुना कर सट्टेबाजी का तंत्र संचालित करने वाले माफिया अपना कारोबार खड़ा करते और दूसरों की मेहनत की कमाई को अलग-अलग तरीके से लूट कर अपना आर्थिक साम्राज्य कायम करते हैं। सरकार को जहां इस तरह के धंधे पर पूरी तरह रोक लगानी चाहिए, वहां आनलाइन सट्टेबाजी पर जीएसटी लगाने की बात कर परोक्ष रूप से उसके लिए जगह मुहैया कराने की कोशिश हो रही है। जबकि सट्टेबाजी के जरिए गैरकानूनी रूप से करोड़ों-अरबों रुपए की कमाई करने और प्रकारांतर से जुआ खेल कर अमीर बनने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाने की तत्काल जरूरत है।

## पड़ोसियों की चुनौती से निपटने के लिए सामरिक संसाधन की मजबूती जरूरी

वायुसेना के लड़ाकू बेड़े में तैनात ज्यादातर विमान पुराने पड़ चुके थे। उनकी जगह नए उन्नत विमानों की खरीद लंबे समय से टलती आ रही थी। रफाल की खरीद से कुछ हद तक वह कमी पूरी हुई। अभी और नए रफाल आने हैं। सुखोई जैसे विमानों के आने से वायुसेना की ताकत और बढ़ेगी।

राष्ट्रों की ताकत इस बात से भी आंकी जाती है कि उनकी सामरिक हैसियत क्या है। खासकर उन देशों के लिए अपनी सेना को मजबूत बनाना ज्यादा जरूरी हो जाता है, जिनका पड़ोसी देशों से लगातार तनाव बना रहता है। भारत को इसीलिए अपनी सामरिक शक्ति लगातार मजबूत बनाए रखनी पड़ती है कि उसे चीन और पाकिस्तान से लगातार चुनौतियां मिलती रहती हैं। निस्संदेह पिछले कुछ वर्षों में भारत ने सैन्य साजो-सामान के मामले में अपने को सुदृढ़ किया है और पड़ोसी चीन को चुनौती देने के स्तर पर खड़ा हो सका है।

इसके लिए न केवल दूसरे देशों से उन्नत सामरिक संसाधनों की खरीद पर जोर दिया गया, बल्कि घरेलू विनिर्माण में भी सैन्य उपकरणों के उत्पादन पर बल दिया गया। इस कड़ी में पैंतालीस हजार करोड़ रुपए के नौ रक्षा सौदों को मिली नई मंजूरी से निस्संदेह सेना का मनोबल बढ़ेगा। इसमें सुखोई एमकेआइ लड़ाकू विमान और हवा से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की मिसाइलों तथा नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के टोही विमान और हल्के बख्तरबंद बहुद्देश्यीय वाहनों तथा तोपों की खरीद शामिल है। दरअसल, सेना को लंबे समय से शिकायत रही है कि बदलती जरूरतों के अनुसार उसके पास अत्याधुनिक सैन्य संसाधनों की कमी है। नए रक्षा सौदों को मंजूरी मिलने से वह शिकायत काफी हद तक दूर हो सकती है।

दरअसल, वायुसेना के लड़ाकू बेड़े में तैनात ज्यादातर विमान पुराने पड़ चुके थे। उनकी जगह नए उन्नत विमानों की खरीद लंबे समय से टलती आ रही थी। रफाल की खरीद से कुछ हद तक वह कमी पूरी हुई। अभी और नए रफाल आने हैं। सुखोई जैसे विमानों के आने से वायुसेना की ताकत और बढ़ेगी। बदलती सामरिक स्थितियों में वायुसेना की भूमिका ज्यादा अहम होती गई है, इसलिए उसे अत्याधुनिक और उन्नत सामरिक संसाधनों से लैस करना ज्यादा जरूरी माना जाता है। इसी तरह नौसेना और थलसेना को भी अत्याधुनिक साजो-सामान से लैस किया जा रहा है। नए रक्षा सौदों की मंजूरी से तीनों सशस्त्र बलों की ताकत बढ़ेगी। पहले ही नौसेना को उन्नत पोत मिल चुका है, जो आपात स्थिति में समुद्र में वायुसेना को भी लड़ाकू विमान उतारने और उड़ान भरने में मददगार साबित होगा।

इस तरह हिंद महासागर में भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ी है। नए सौदों के बाद टोही विमान सहित दूसरे उपकरण मिलने से वह और ताकतवर होगी। उत्साहजनक बात यह भी है कि दूसरे देशों से सामरिक साजो-सामान खरीदने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल भी इस दिशा में हो रहा है और कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं।


मगर इन सबके बीच सरकार के लिए यह चिंता का विषय तो है कि भारत को अपना खर्च लगातार बढ़ाना पड़ रहा है। इस समय रक्षा बजट तीन लाख करोड़ रुपए से ऊपर है। हर साल बजट में रक्षा मद में कुछ बढ़ोतरी करनी पड़ती है।

प्रधानमंत्री ने भी पहले कार्यकाल में यह चिंता प्रकट की थी कि सेना को अत्याधुनिक बनाने और उस पर खर्च कम करने की चुनौती बड़ी है। ऐसे में स्वदेशी तकनीक से बने उपकरणों, साजो-सामान को बढ़ावा और विदेशी हथियारों, उपकरणों की खरीद में कटौती के जरिए यह संतुलन साधने का प्रयास चल रहा है। अच्छी बात है कि इस क्रम में सेना का मनोबल भी बढ़ रहा है।

## संसद का विशेष सत्र सार्थक बहस का माध्यम बने



-ललित गर्ग-



आज संसद में भारतीय संसदीय इतिहास का आठवां विशेष सत्र प्रारंभ हुआ, ऐतिहासिक रूप से देखें तो विशेष सत्र आमतौर पर महत्वपूर्ण विधायी या राष्ट्रीय घटनाओं के उपलक्ष्य में बुलाए गए हैं। संसदीय इतिहास में अब तक संसद के सात विशेष सत्र बुलाए जा चुके हैं जिनमें से तीन बार ऐसे सत्र तब बुलाए गए जब देश ऐतिहासिक उपलब्धियों का जश्न मना रहा था। वहीं दो बार राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए 1977 में तमिलनाडु और नगालैंड में तो 1991 में हरियाणा में विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। इस बार 75 साल की संसदीय यात्रा पर चर्चा के लिए मुख्यत: विशेष सत्र बुलाया गये हैं। इस बार का विशेष सत्र संसदीय परम्परा के श्रेष्ठ स्वरूप को उपस्थित करके उसके उत्कर्ष को बढ़ाने और उसे उन्नत-आदर्श बनाने के लिये होना चाहिए, न केवल इस विषय पर गंभीरता से चर्चा होनी चाहिए, बल्कि इस पर चिंतन और मनन भी होना चाहिए। क्योंकि इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि पिछले कुछ वर्षों में संसद में कामकाज के तौर-तरीकों में गिरावट आई है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का विशेष सत्र अन्य सत्रों की तरह हंगामेदार, अमर्यादित एवं अनुशासनहीन न होने की बजाय सार्थक बहस का माध्यम बनना चाहिए कि हमारी संसदीय कार्यप्रणाली किस प्रकार प्रेरक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की वाहक बने। बिना राजनीति आग्रह एवं पूर्वाग्रह के इस पर चिंतन और मनन भी होना चाहिए कि संसदीय कार्यवाही कैसे गरिमापूर्ण तरीके से चले। ऐसे अवसर दुर्लभ ही रहे हैं जब संसद में कोई सार्थक चर्चा हुई हो। इसलिये उचित होगा कि इस सत्र में सरकार ने जो विधेयक प्रस्तावित किए हैं उन पर भी बिना सोचे-समझे विरोध जताने के बजाय विपक्षी दल स्वस्थ बहस के लिए तैयार रहें। यह तभी हो सकता है जब नकारात्मकता का परिचय देने के बजाय विधेयकों की रूपरेखा देखने के उपरांत प्रतिक्रिया व्यक्त की सकारात्मक मानसिकता को अपनाया जाये।

निश्चित ही भारतीय संसद के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये संसद एवं आजादी की 75 साल की उपलब्धियों एवं निरन्तर बढ़ रही कमियों पर चर्चा के साथ उन कमियों एवं विसंगतियों को दूर करने का रोडमेप तैयार होना चाहिए। हमें अब तक संसदीय यात्रा की उपलब्धियां, अनुभव, स्मृतियां, कमियों और उनसे मिली सीख को चर्चा का माध्यम बनाते हुए सर्वसम्मति से नये संसदीय यात्रा के लिये उन्नत एवं आदर्श मूल्यों को अपनाने के लिये तत्पर होना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद में भी विरोध के लिए विरोध की राजनीति अधिक देखने को मिलती है। विपक्षी दल संसद में चर्चा करने से अधिक नारेबाजी करने, नारे लिखी हुई तख्तियां दिखाने, अध्यक्ष के आसान तक पहुंच कर हंगामे करने में ज्यादा ऊर्जा खपाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में तो ऐसा लगातार हो रहा है और इसके चलते कई सत्र ऐसे भी रहे जब कोई खास काम नहीं हो सका। 18 सितंबर से 22 सितंबर तक चलने वाले इस विशेष सत्र के दौरान कुल 8 विधेयकों को चर्चा और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति, उनकी सेवा की शर्तें और कार्यकाल की अवधि विषयक विधेयक-2023, द प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स बिल, डाकघर विधेयक प्रमुख हैं। इस विशेष सत्र की कार्रवाही का पहला दिन पूराने संसद भवन में एवं बाकि चार दिन नये संसद भवन में आयोजित होगी। इस सत्र की एक और विशेषता है कि लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों का दूसरे दिन मंगलवार सुबह ग्रुप फोटो होगा। यह भी संभावना की जारही है कि यह मौजूदा संसद का आखिरी सत्र हो सकता है और सरकार लोकसभा चुनाव समय से पहले करवा सकती है।

लोकतंत्र में सफलता की कसौटी है- संसद की कार्रवाही का निर्विघ्न संचालित होना। लेकिन संसद के विशेष सत्र शुरु होने से पूर्व ही कांग्रेस ने नकारात्मक राजनीति के संकेत दे दिये हैं। क्योंकि कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति का ही यह उदाहरण है कि सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस की ओर से यह कहा गया कि विशेष सत्र में मणिपुर की स्थिति का मुद्दा भी उठाया जाएगा। जबकि सरकार ने संसद के पिछले सत्र में इस विषय पर चर्चा को लेकर कई बार सहमति जताई थी और अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की ओर से विपक्ष के सवालों के जवाब भी दे दिए गए थे तब विशेष सत्र में इस मुद्दे को उठाने का क्या कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के इस तरह के आग्रह एवं पूर्वाग्रह कोई नई-अनोखी बात नहीं है। लेकिन कांग्रेस एवं विपक्ष ने इस विशेष सत्र को भी हंगामेदार करने की ठानी है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। जहां तक महंगाई, बेरोजगारी, चीन सीमा, आतंकवाद, चुनावों की स्वच्छता, जैसे मुद्दों को उठाने एवं इन विषयों पर सरकार से जबाव मांगने का प्रश्न है, यह स्वस्थ एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। लेकिन इन्हीं या दूसरे मुद्दों को आधार बनाकर जहां संसद की कार्रवाई को बाधित करने की स्थितियां हैं, यह अलोकतांत्रिक है, अमर्यादित है।

विशेष सत्र लोकतांत्रिक समझौते के साथ समझ को विकसित करने का उदाहरण बने, यह अपेक्षित है। स्वतंत्रता के अमृतकाल में संसदीय यात्रा पर चर्चा के लिए बुलाए गए विशेष सत्र में भी सरकार के प्रत्येक कदम की आंख बंदकर विरोध करने की स्थितियों की बजाय राष्ट्रीय महत्व एवं संसदीय गरिमा के विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श होना चाहिए, ताकि देश को कोई दिशा मिल सके, विकास के कार्यों को गति मिल सके, लेकिन इसके स्थान पर आरोप-प्रत्यारोप अधिक होना औचित्यपूर्ण नहीं है। कई बार तो इसे लेकर गतिरोध कायम हो जाता है जो संसद के अमूल्य समय की बर्बादी है। मौजूदा माहौल में सरकार के लिए चर्चा से इनकार करना मुश्किल होगा, लेकिन विपक्ष को भी इस बात का ध्यान रखना होगा कि अधिक आक्रामक रुख अख्तियार कर वह संसद की कार्यवाही को बाधित करने तक सीमित न रह जाए। ऐसा होने से लोकतंत्र की मूल भावना पर आघात होता है। विपक्ष सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने और विशेष सत्र को सुचारुरूप से चलाने के लिए पहल करें एवं एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करें।

देश की संसद को निरपेक्ष भाव एवं सकारात्मक ढंग से राष्ट्रीय परिस्थितियों का जायजा लेते हुए लोगों को राहत प्रदान करने के प्रावधानों पर चिन्तन-मंथन के लिये संचालित करना होगा। संसद केवल विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच वाद-विवाद का स्थल नहीं होती है बल्कि जन हित में फैसले करने का सबसे बड़ा मंच होती है। इसके माध्यम से ही सत्तारूढ़ सरकार की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय होती है और जरूरत पड़ने पर जवाबतलबी भी होती है परन्तु यह भी सच है कि सत्ता और विपक्ष की संकीर्णता एवं राजनीतिक स्वार्थ देश के इस सर्वोपरि लोकतांत्रिक मंच को लाचार भी बनाते हैं जो 140 करोड़ जनता की लाचारी बन जाते हैं। कहना कठिन है कि संसद के विशेष सत्र में क्या होगा, लेकिन अच्छा यह होगा कि राजनीतिक दल इस विशेष सत्र को निश्चित ही देशहित में 'विशेष' बनाये। जरूरत पड़े तो उन देशों की संसद में होने वाली कार्यवाही को अपना आदर्श बनाएं, जहां प्रत्येक विषय पर धीर-गंभीर एवं सार्थक बहस होती है। आखिर अपने देश में अमेरिका और ब्रिटेन की संसद की तरह से बहस क्यों नहीं हो सकती? यह ठीक है कि विपक्षी दलों को सरकार के किसी भी कदम और कार्य का विरोध करने का अधिकार है, लेकिन संसद में तो कम से कम आम सहमति की राजनीति की संभावनाएं टटोली जानी चाहिए। विरोध या आक्रामकता यदि देशहित के लिये, ज्वलंत मुद्दों पर एवं समस्याओं के समाधान के लिये हो तभी लाभदायी है। लोकमान्य तिलक ने कहा भी है कि -'मतभेद भुलाकर किसी विशिष्ट कार्य के लिये सारे पक्षों का एक हो जाना जिंदा राष्ट्र का लक्षण है।' राजनीति के क्षेत्र में आज सर्वाधिक चिन्तनीय विषय है- विपक्षी दलों का सत्तापक्ष के प्रति विरोध या आक्षेप-प्रत्याक्षेप करना। सत्ता पक्ष को कमजोर करने के लिये संसदीय कार्रवाई को बाधिक करना और तिल का ताड़ बनाने जैसी स्थितियों से देश का वातावरण दूषित, विषाक्त और भ्रान्त बनता है।

## युवा शक्ति की अभिप्रेरणा, विश्व में श्रेष्ठ और अग्रणी भारत बनाने का प्रयोजन

स्वामी विवेकानंद सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं।उन्होंने कहा है की मुझे कुछ साहसी और ऊर्जावान युवा पुरुष मिल जाए, तो मैं देशभर में क्रांति ला सकता हूं

स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैंद्य और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया हैद्य स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे ,लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थीद्य स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा,पर भारत के नौजवान सैनिकों ने जिस साहस और वीरता के साथ सामना कर विजय प्राप्त की थी वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं आदर्श का कार्य है। कारगिल युद्ध में भी भारत के नौजवान अधिकारी, सैनिकों ने पाकिस्तान को हराकर एक विजय गाथा लिखी थी। भारत के युवा गौरव की विजय गाथा किसी से छुपी नहीं है। भारत के युवा लोगों ने बुजुर्ग विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में देश भक्ति के अलावा अध्यात्म, धर्म,साहित्य, विज्ञान,कृषि तथा उद्योगों में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। भारत के युवाओं ने यूरोप में अपने परिश्रम और लगन इमानदारी से अपना परचम फैलाया है। मैक्स मूलर ने ली भारत की युवा शक्ति की सराहना करते हैं भारत को एक युवा इस निरूपित कर भविष्य की असीम संभावनाओं की ओर इंगित किया है। भारत एक युवा राष्ट्र है ।और उसमें असीम संभावनाएं अंतर्निहित हैं ।वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को चिन्हित कर सभी युवाओं का आह्वान कर युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। और यही कारण है की युवा शक्ति के साहस और संकल्प में जापान ओलंपिक 2020 में 7 मेडल लाकर एक इतिहास रचा है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है कि

देखो हमारा विश्व में कोई नहीं उपमान था,

नरदेव थे हम और भारत देवलोक के समान था

भारत की महान उपलब्धियों में देश की युवा शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। आज आई, आई, एम, आई,आई,टी, ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े छात्र छात्राओं के शोध और अविष्कार के चलते भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवा सोच और दृढ़ संकल्प लें भारत के युवाओं में एक ऊर्जा प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अलग मुद्दा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति ने लाखों बेरोजगार लोगों को जन्म दिया है ।बेरोजगारी के दंश ने युवा शक्ति को काफी पीछे धकेल दिया है। पर नई शिक्षा नीति के आने से युवा अपने रोजगार तलाशने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या एक बड़ा रुकावट का कारण भी है। और यदि युवा संकल्प लें तो अपना निजी उद्योग और निजी व्यवसाय कर के भारत राष्ट्र को एक नई दिशा तथा सन्मार्ग प्रदान कर सकते हैं। 1979 में जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति को लेकर एक बड़ा आंदोलन चलाया था। और बिहार में सत्ता परिवर्तन की हुआ था। हरिवंश राय बच्चन ने भी अपनी कविताओं में युवाओं को समझाइश दी थी,




## भारत अमेरिका का अगला मुकाम अब् अंतरिक्ष बनेगा



वैश्विक स्तरपर जिस प्रकार प्रौद्योगिकी, स्पेस इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मेसी सहित अनेक क्षेत्रों में भारत की अपार सफ़लताओं के शंखानंद गूंज रहे हैं और विशेष रूप से अभी चंद्रयान-3, आदित्य-एल1 की अपार सफ़लताओं के बाद विश्व की महाशक्ति अमेरिका की स्पेस एजेंसी नासा का ध्यान भी भारतीय स्पेस एजेंसी इसरो ने खींचा है इससे यही महसूस हो रहा है कि इसरो प्लस नासा इक्वल टू आकाश हमारा है। हालांकि इसरो और नासा के आपस में सकारात्मक तालमेल व सहयोग का ही नतीजा है जिसका फायदा हमने चंद्रयान-3 मेंभी पायाहै,उसे देखते हुएअंतरिक्ष क्षेत्र में भी अमेरिका और भारत का सहयोग बढ़ना स्वाभाविक है, यह विचार अमेरिका में भारतीय राजदूत ने भी अपने एक आर्टिकल के द्वारा व्यक्त किए हैं और यह स्वाभाविक भी है,अगर हम किसी क्षेत्र में अपार उपलब्धियां प्राप्त करते हैं तो उस क्षेत्र के किंग की नजरे उस ओर जरूर जाएगी और वह उन सफलताओं में अपनी गुंजाइश को देखते हुए कुछ आदान-प्रदान पर सहमति होने की कोशिश करेगा तो दोनों पक्षों की तकनीके के मिलाकर इतिहासरचने में कामयाबी हासिल होगी। बस !! यही सोच अब इसरो और नासा को मिलकर करनी होगी तो शीघ्र ही आकाश हमारा होगा। बता दें कि हाल ही में भारतीय पीएम के अमेरिका अधिकृत दौरे पर अनेक समझौते हुए थे जिनका क्रियान्वयन शुरू हो चुका है, इनमें सबसे महत्वपूर्ण समझौते, सेमीकंडक्टर प्रक्रिया में शुरू हो गया है। अब स्पेस क्षेत्र की बारी है। चूंकि भारत की संयुक्त राष्ट्र महासभा से लेकर करीब करीब हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक रुतबे के साथ तारीफ़ हो रही है और पूरी दुनियां की नजरे भारत अमेरिका रणनीतिक समझौते के सबसे महत्वपूर्ण इसरो और नासा की ओर देख रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग में धरती ही नहीं आकाश से भी असीम संभावनाएं हैं।

साथियों बात अगर हम अमेरिका में भारतीय राजदूत के मीडिया में 15 सितंबर 2023 को प्रकाशित एक लेख की करें तो उन्होंने लिखा, भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय सहयोग के लिए धरती ही नहीं अंतरिक्ष में भी असीम संभावनाएं हैं। दोनों देशों के सहयोग का अगला मुकाम अब अंतरिक्ष बनेगा। यह बात अमेरिका में भारत के राजदूत ने कही है। भारतीय राजदूत ने कहा कि विश्व के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के लिए अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाना और नई संभावनाओं पर कार्य करना बिल्कुल स्वाभाविक है।भारतीय राजदूत ने भारत अमेरिका सहयोग का अगला मुकाम अंतरिक्ष, शीर्षक वाले लेख में लिखा कि पीएम ने भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद कहा है कि यह केवल भारत का नहीं बल्कि पूरी मानवता का हैसहायता करने की यह भावना ही भारत और अमेरिका के संबंधों को मजबूत करती है। इसीलिए दोनों देशों के नेता इस दोस्ती को विश्व के लिए अच्छा कहा उन्होंने कहा कि इस दोस्ती का विस्तार सेमीकंडक्टर से लेकर रक्षा सहयोग और साफ सुथरी ऊर्जा से लेकर जटिल तकनीक तक है। इन सभी का उद्देश्य मानवता की सेवा है। यह पूरी तरह से स्वाभाविक और इसे हमें निरंतर मजबूत करना है। भारत और अमेरिका साथ हों तो आकाश में भी कोई सीमा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भारत वन क्षेत्र में लगने वाली आग, सौर ऊर्जा का आकलन और मौसम संबंधी आंकड़ों की सूचनाएं देकर कई देशों का सहयोग कर रहा है जबकि, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अपने अर्थ ऑब्जर्वेशन के आंकड़ों और अन्य नए कार्यों से विश्व के कई भागों को लाभान्वित कर रही है। दोनों देश मिलकर विश्व को लाभ पहुंचाने वाले कई अन्य कार्य भी कर सकते हैं। आगे कहा कि भारत और अमेरिका मिलकर अंतरिक्ष संबंधी फायदे अर्जित कर सकते हैं और उन्हें विश्व के अन्य देशों तक पहुंचा सकते हैं। इस समय भी भारत कई देशों को कई फायदे पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के लिए अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाना और नई संभावनाओं पर कार्य करना बिल्कुल स्वाभाविक है।

साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत अमेरिका के बढ़ते सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त करने की करें तो, जो बाइडन ने भारत और अमेरिका के बढ़ते सहयोग पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए उसे महात्मा गांधी के परस्पर विश्वास के सिद्धांत पर आधारित बताया। उन्होंने इस विश्वास को कायम करने के लिए भारतीय पीएम को धन्यवाद दिया। बाइडन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) के जरिये यह बात नई दिल्ली से वियतनाम की राजधानी हनोई के लिए रवाना होते हुए कही है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने जी-20 देशों के अन्य साथी नेताओं के साथ राजघाट पहुंचकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की ।बाइडन ने उस समय का एक फोटो भी इंटरनेट मीडिया साइट पर पोस्ट किया है। बाइडन ने जी-20 की अध्यक्षता के भारत के एक वर्ष के कार्यकाल पर सफलता की मुहर लगाते हुए,राष्ट्रपति जो बाइडन ने इसे समाधान वाला वर्ष बताया। उन्होंने कहा, इस वर्ष ने साबित किया कि बड़े मसलों का किस तरह बातचीत से समाधान निकाला जा सकता है। बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देश मिलकर किसी भी समस्या का समाधान निकाल सकते हैं ।बाइडन ने कहा कि ऐसे समय में जबकि वैश्विकअर्थव्यवस्था पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं, यूक्रेन युद्ध के दुष्प्रभावों और आपूर्ति व्यवस्था में पैदा हुई बाधाओं को झेल रही है, तब जी 20 ने हमें समाधान की राह दिखाई है। हम मिलजुलकर समस्याओं के दुष्प्रभावों से बाहर आ सकते हैं। साथियों बात अगर हम अमेरिकी विदेश मंत्री द्वारा 14 सितंबर 2023 के बयान कि भारत अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी कभी इतनी गतिशील नहीं रही जितनी आज है की करें तो, भारत द्वारा हाल ही में जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल मेजबानी के कुछ दिनों बाद ही अमेरिकी विदेश मंत्री ने तारीफ की है। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के आपसी सहयोगों से दोनों देशों को लाभ होगा। उन्होंने दोनों देशों के संबंधों की सराहना करते हुए कहा कि अमेरिका-भारत की रणनीतिक साझेदारी कभी भी इतनी अधिक गतिशील नहीं रही है ।उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि भारत और अमेरिका के आपसी सहयोगों से दोनों देशों को लाभ होगा। अमेरिकी विदेश मंत्री ने भारत और अमेरिका के बीच सहयोगों की तारीफ की है। विदेश मंत्री ने नए युग में अमेरिकी कूटनीति की शक्ति और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा अमेरिका भारत की रणनीतिक साझेदारी कभी भी इतनी अधिक गतिशील नहीं रही है। हम एडवांस सेमीकंडक्टर से लेकर रक्षा सहयोग तक हर चीज साथ काम करते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री ने क्वाड की तारीफ में कहा कि बाइडनप्रशासन ने भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के सहयोग से क्वाड साझेदारी को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि इसे बढ़ाने के पीछे की वजह है कि हम सब साथ मिलकर दुनिया में आने वाले चुनौतियों से लड़ सके। उन्होंने कहा कि समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने और जलवायु चुनौतियों से निपटने तक हर चीज पर काम किया जाएगा। आगे कहा कि पिछले हफ्ते जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति बाइडन और भारतीय पीएम ने एक महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी परिवहन, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी कॉरिडोर की घोषणा की है।

## शार्ट न्यूज

### विशिष्ट धातु की मूर्ति के साथ पांच गिरफ्तार

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को पुलिस ने चेकिंग के एक विशिष्ट धातु की मूर्ति के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर ने यहां बताया कि आज पुलिस चेकिंग के दौरान क्षेत्र के नदावर पुल के पास से एक इनोवा कार से एक विशिष्ट धातु की आठ किलो की मूर्ति के साथ पांच लोगों रमाकांत कुशवाहा, आकाश यादव, सतीश चन्द्र ध्यानी, राधेश्याम गौतम और प्रशान्त पाटिल को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों ने बताया कि बरामद मूर्ति अष्टधातु की है और इसकी बाजारू कीमत करीब एक करोड़ रूपये से अधिक की है। उन्होंने बताया कि बरामद मूर्ति, चार पहिया वाहन को कब्जे में लेते हुए पुलिस पांचों गिरफ्तार लोगों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर रही है।

### मोबाइल खरीदने से इंकार करने पर गुस्साये बेटे ने कर दी पिता की नृशंस हत्या

बहराइच। उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती जिले के थाना गिलौला के हड्डीला मनसुख गांव में आज एक ऐसा मामला सामने आया जहां पिता के बेटे को मोबाइल खरीदकर देने से मना करने की कीमत जान देकर चुकानी पड़ी। मोबाइल न मिल पाने से झुंझलाये बेटे ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर अपने पिता की हत्या कर दी। सूत्रों के अनुआर श्रावस्ती जिले के गिलौला थाना अंतर्गत हड्डिला मनसुख गांव निवासी अलखराम (60) के बेटे शुभम ने रविवार शाम को अपना मोबाइल तोड़ दिया। सोमवार सुबह का पिता से नया मोबाइल खरीदने की जिद करने लगा। पिता अलखराम ने रुपए न होने की बाद कहते हुए मोबाइल खरीदने से इनकार कर दिया। इससे शुभम नाराज हो गया, उसने पिता पर धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बेटे के ऐसे अक्समात हमले में पिता गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। परिवार के लोगों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

### एक मजदूर ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

फर्रुखाबाद । उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के कायमगंज कोतवाली पुलिस ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले एक मजदूर का सोमवार को शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अताईपुर जजीद वरी का रहने वाला विनय (38) कस्बा कायमगंज में तंबाकू की गोदाम पर मजदूरी करके परिवार का लालन-पालन करता था। दिमाग की संतुलन ठीक न होने पर युवक विनय ने कल रविवार रात्रि किसी समय कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आज सुबह जब मजदूर विनय कमरे से बाहर नहीं निकला तो घर वालों ने कमरे में झांकर कर देखा तो विनय को फांसी के फंदे पर लटका दिखा। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फौरन्सिक टीम एवं पुलिस बल ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पटना की जांच पड़ताल शुरू की और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

### स्कूल बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बांदा। उत्तर प्रदेश की बांदा जिले के पैलानी थाना क्षेत्र में सोमवार को एक स्कूल बस से हुई टक्कर में बाइक सवार एक अधेड़ व्यक्ति की मृत्यु हो गई। घटना के बाद चालक बस में बैठे 20 स्कूली बच्चों को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अंबुजा त्रिवेदी ने बताया कि यह घटना साड़ी गांव मार्ग पर उस समय हुई जब खपटिहा गांव निवासी ओमप्रकाश विश्वकर्मा (53) बाइक से अपने काम से जा रहा था , तभी अनियंत्रित एक स्कूल बस जिसमें 20 स्कूली बच्चे सवार थे , ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। ओमप्रकाश को तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि बस में सवार सभी बच्चों को सुरक्षित उनके घरों में भेजा गया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इसके साथ ही फरार बस ड्राइवर की तलाश शुरू की गई है।

### फर्रुखाबाद : राष्ट्रीय पक्षी मोर का एक शिकारी गिरफ्तार, दो मृत मोर बरामद

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को राष्ट्रीय पक्षी मोर के एक शिकारी को गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से दो मृत मोर बरामद किये। आज राष्ट्रीय पक्षी मोर का शिकार करने वाले, दो शिकारी में से एक शिकारी को ,दो मारे गए मोरों के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के नन्दसा गांव के समीप, आज प्रात: र दो शिकारियों को ग्रामीणों ने खदेड़ा। इस दौरान मोटरसाइकिल से, एक शिकारी फरार हो गया ,वहीं ग्रामीणों ने दूसरे शिकारी द्वारा मारे गए दो मोर एवं कुछ कबूतर पक्षियों के साथ पकड़,कर पुलिस को सौंप दिये। मोहम्मदाबाद कोतवाली पुलिस ने बताया कि मोर के शिकारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तकीपुर का रहने वाले वीरेंद्र गिहार को गिरफ्तार कर लिया गया तथा वन विभाग के अधिकारियों को घटना की सूचना दे दी गई है ताकि पकड़े गए शिकारी के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जा सके।

### आकाशीय बिजली के चपेट में आकर तीन की मौत

देवरिया। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मारे गये तीन लोगों के परिजनों को चार-चार लाख की आर्थिक सहायता राशि जल्द ही दी जायेगी जिला अधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने सोमवार को यहां ' यूनीवार्ता ' को बताया कि देवरिया जिले के तीन तहसील क्षेत्रों में तीनों लोगों की आकाशीय बिजली के चपेट में आने से मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा में रूद्रपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम हड़हा में पंकज यादव(17), बरहज तहसील क्षेत्र के ग्राम बारा दीक्षित के प्रहलाद सोनकर(16) और भाटपाररानी तहसील क्षेत्र के ग्राम कल्यानी के संदीप(20) की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन प्राकृतिक हादसे में मृत तीनों लोगों के परिवार को चार-चार लाख रूपये की सहायता राशि देने प्रक्रिया लगभग पूर्ण कर चुके हैं और जल्द ही सहायता राशि मृतकों के परिवार को सौंप दी जायेगी।

### एक महिला और एक पुरूष ने लगायी फांसी

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के लालगंज इलाके में अलग अलग दो जगहों पर संदिग्ध हालात में एक महिला और एक पुरूष ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस उपाधीक्षक लालगंज महिपाल पाठक ने आज सोमवार को बताया कि लालगंज इलाके में अलग अलग दो स्थानों पर फांसी लगाकर एक महिला और एक पुरुष ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। संदिग्ध हालात में हुई इन मौतों के बारे में मिली जानकारी के अनुसार लालगंज इलाके के सुल्तानपुर झाला गांव की रहने वाली रोशनी (25) जो कि अनुज साहू के साथ रह रही थी ने देर रात घर मे फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मृतका के एक बच्ची भी थी और इसका पति दूसरे प्रान्त में नौकरी करता था। वही दूसरी ओर इसी थाना क्षेत्र के गांव ऐहार में विपिन कुमार शुक्ला (23) ने भी आज घर के बाहर नहर के किनारे स्थित नीम के पेड़ से लटककर आत्महत्या की है।

### बाइक सवारों की भिड़ंत में दो युवक की मौत

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के चुनार थाना क्षेत्र के बड़ागांव बट के पास विपरीत दिशा से आ रही दो बाइक सवारों के बीच आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मृत्यु हो गई है। एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल में पहुंच कर दम तोड़ दिया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि चुनार थाना क्षेत्र में कल देर रात हुए इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी है। इसी थाना क्षेत्र के बरगवा गांव निवासी रामकुमार (24) अमरनाथ अपने एक साथी जयप्रकाश के साथ बाइक से जा रहा था दूसरे तरफ से योगेन्द्र (25) परमेश्वर बाइक से आ रहा था। बट गांव के पास दोनों बाईकों में आपस में आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें योगेन्द्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि रामकुमार को पुलिस इलाज के लिए अस्पताल ले गई जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 'रक्तदान महादान' इसके लिए खुद आगे आएं लोग : मुख्यमंत्री

## भाजयुमो के रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का सीएम योगी ने बढ़ाया उत्साह

**गोरखपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवारा के अंतर्गत सोमवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक में रक्तदान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया और रक्तदान करने वाले युवाओं का मनोबल बढ़ाया।




इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्तदान महादान है। इस महादान के प्रति लोग स्वत: स्फूर्त भावना से आगे आएं, इसके लिए समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। रक्तदान कर रक्त की कमी या रक्त विकार से ग्रसित लोगों की जान बचाई जा सकती है। एक यूनिट रक्त के अलग अलग तत्वों से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में अभी बहुत से लोग रक्तदान के लिए आगे नहीं आते, जबकि किसी भी स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करने से कोई दिक्कत नहीं होती। स्वैच्छिक रक्तदान कम होने पर पेशेवर लोग जन स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने लगते हैं। समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाकर पेशेवरों को रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि निश्चित अंतराल के बाद प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति को पीड़ित मानवता की मदद के लिए रक्तदान करना ही चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि 2005 में गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय में ब्लड बैंक की स्थापना हुई थी। तब ब्लड सेपरेटर की व्यवस्था नहीं थी। अब ब्लड सेपरेटर होने से जरूरत के अनुसार प्लेटलेट्स, प्लाज्मा आदि अलग-अलग कर रोगियों को उपलब्ध हो रहा है। इससे मरीजों को काफी राहत मिल रही है।

### पुलिस मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के फतेहपुर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि फतेहपुर थानाक्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गयी। पुलिस टीम ने बदमाशों का पीछा किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी, इसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश गोली लगने से घायल हो गये जबकि तीसरे को पुलिस ने दबोच लिया। घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती किया गया है गिरफ्तार बदमाश शिवा सिंह निवासी खालिसपुर थाना रामनगर, श्रीराम उर्फ बाबू निवासी ग्राम अतरौरा मजरे बहादुर थाना जहांगीराबाद को गोली लग गई है, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि बदमाश सचिव यादव निवासी ग्राम गोपालपुर थाना जहांगीराबाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार ने बताया कि इन बदमाशों ने सतरिख और फतेहपुर क्षेत्र में कई लूट की वारदातों की है।

# ससुर खदेरी नदी का किया जाएगा पुनरुद्धार

## कार्य योजना तैयार करने के निर्देश



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिला प्रशासन ने ससुर खदेरी नदी का पुनरुद्धार करने के निर्देश दिये हैं। जिले के मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी ने आज जनपद में ससुर जनपद के उन गांव का स्थलीय निरीक्षण किया जो ससुर खदेरी नदी के किनारे बसे हैं । आधिकारिक सूत्रों के अनुसार प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में लखनऊ में प्रदेश के समस्त मुख्य विकास अधिकारियों के साथ विगत दिनों समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप मुख्यमंत्री के द्वारा जनपद कौशाम्बी के अन्तर्गत ससुर खदेरी नदी के पुनरोद्धार कराए जाने का निर्देश दिया था। मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण में पाया गया कि वर्तमान में नदी का पाट बहुत ही संकुचित है। नदी के प्रस्तावित पुनरोद्धार से स्थानीय कृषकों को सिंचाई के लिए सुविधा होगी। मनरेगा मजूदरों को गांव में ही रोजगार मिलेगा तथा नदी किनारे के गांव में जल स्तर भी बढेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने नदी के जीर्णोद्धार के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक पक्ष में नदी मार्ग में पड़ने वाले सभी गांवों का स्थलीय सत्यापन कर विस्तृत कार्ययोजना बना लिया जाए। उन्होंने सभी सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि नदी पुनरोद्धार कार्य को जन अभियान के रूप में संचालित कर स्थानीय जन-प्रतिनिधियों एवं जनसामान्य की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाय।

## भारी बारिश के बाद जर्जर कच्चा मकान ढहा

# मलबे में दबकर दो बच्चों की मौत, दो घायल

**बाराबंकी।** बाराबंकी में भारी बारिश के बाद देर रात कच्चा घर ढहने से मलबे में दबकर दो मासूम की मौत हो गई। वहीं दीवार के नीचे दबकर दो बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनको इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मासूमों की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।



सुबेहा क्षेत्र के किरसिया गांव में रविवार की देर रात दो बजे मोहम्मद सलीम अपने परिवार के साथ घर के अन्दर सो रहे थे। अचानक रात में भरभराकर कच्चा मकान ढहने लगा। इस दौरान मकान में सो रही समीर अहमद की 6 वर्षीय शायरा बानो व 8 वर्ष का सुफियान की मलबे में दबकर मौत हो गई। वहीं 70 वर्षीय दादा सलीम पुत्र हलीम व 65 वर्षीय दादी नरीमन पत्नी सलीम को गंभीर चोटें आईं। जिन्हें आनन फानन सीएचसी हैदरगढ़ भेजा गया। वहां हालत गंभीर होने पर बुजुर्ग सलीम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों के पिता मोहम्मद सलीम ने बताया कि पांच वर्ष पहले पीएम आवास के लिए आवेदन किया था लेकिन अधिकारियों ने अपात्र घोषित कर दिया था।

# सोनभद्र में दो कुख्यात नक्सली गिरफ्तार

## 2003 की बमबारी में थे शामिल, पीपुल्स वार संगठन के है सदस्य

**सोनभद्र।** सोनभद्र पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने वांटेड दो कुख्यात नक्सलियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह दोनों नक्सली पीपुल्स वार संगठन के सदस्य हैं, जो लंबे समय से फरार चल रहे थे। मुखबिर की सूचना पर रविवार की देर रात्रि में पुलिस ने दबिश देकर नक्सली छोटेलाल जिसको बांकी, थाना मांची से गिरफ्तार किया गया। जबकि नक्सली आदित्य को तिलोखर थाना-चिउतिया जिला रोहतास को बिहार से गिरफ्तार किया गया।



ओबरा थाना परिसर में सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए क्षेत्राधिकारी डॉ चारु द्विवेदी ने किया। बताया कि न्यायालय द्वारा दोनो नक्सलियों के विरुद्ध धारा 82/83 सीआरपीसी के संबंध में आदेश जारी किया गया था, जिसके क्रम में नक्सली छोटेलाल चमार उम्र 46 वर्ष पुत्र जमुना निवासी ग्राम बांकी थाना मांची को मांची से गिरफ्तार किया गया है, जबकि नक्सली आदित्य चमार उम्र 35 वर्ष पुत्र डेमन निवासी तिलोखर थाना चिउतिया जिला रोहतास को बिहार से गिरफ्तार किया गया है, जो लंबे समय से फरार चल रहे थे।

### विभिन्न थानों में हत्या सहित तमाम संगीन अपराध के आरोप में मुकदमे दर्ज

उन्होंने बताया कि दोनों नक्सलियों के विरुद्ध विभिन्न थानों में हत्या सहित तमाम संगीन अपराध के आरोप में मुकदमे दर्ज है। साथ ही बताया कि उक्त दोनों नक्सली पीपुल्स वार संगठन के सक्रिय सदस्य है, जिसका मुखिया कामेश्वर बैठा है। वहीं पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह ने बताया कि पीपुल्स वार नक्सली संगठन के पकड़े गए दोनों नक्सलियों द्वारा सन 2003 में थाना क्षेत्र कोन में बमबारी की घटना की गई थी। उस घटना के गतिविधियों में 15-16 लोग शामिल थे। उनके द्वारा बमबारी की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें कई लोग गम्भीर रूप से घायल हुए थे।

### 18 से 20 साल से चल रहे थे वांछित

इस घटना के संबंध में धारा 307 और अन्य धाराओ के तहत और 7 सीएलए एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसमे आदित्य और दूसरा छोटेलाल वांछित चल रहे थे। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक नक्सली छोटेलाल मांची थाने का रहने वाला है और दूसरा आदित्य रोहतास जिला बिहार का रहने वाला है। यह लोग लगभग 18 से 20 साल से वांछित चल रहे थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोन थाना प्रभारी निरीक्षक अमरजीत चौहान, चौकी प्रभारी बागेसोती थाना कोन उप निरीक्षक उदयभान राव, शामिल रहे।

# फर्रुखाबाद : पुलिस लाइन में तैनात 28 पुलिसकर्मी विभिन्न थानों में स्थानांतरित

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए आज फतेहगढ़ पुलिस लाइन में तैनात 28 पुलिस सब इंस्पेक्टरों को विभिन्न थानों में स्थानांतरित किया गया।

यह जानकारी सोमवार को पुलिस प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस लाइन में तैनात 28 पुलिस सबइंस्पेक्टरों के स्थानांतरण विभिन्न थानों में कर दिए हैं।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि फतेहगढ़ पुलिस लाइन से, उप निरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी,व उप निरीक्षक अब्दुल गफ्फार, व उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार, को कमालगंज थाने में स्थानांतरित किया गया है। चमनसिंह व अरविंद अवस्थी व उदयपाल सिंह को मोहम्मदाबाद कोतवाली में , सुबोध कुमार व उप निरीक्षक सुखलाल लोधी को थाना कादरी गेट में , अंबेदकर सिंह को फर्रूखाबाद कोतवाली , लालता प्रसाद व उपनिरीक्षक लालजी यादव को कायमगंज कोतवाली और शिरोमन सिंह को थाना मेरापुर, रवीद्र कुमार व रामबाबू को जहानगंज थाने मे स्थानांतरित किया गया। उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश को अमृतपुर थाने में , वृजेन्दृ सिंह चौहान को राजेपुर थाने मे , नरेश चंद्र यादव व उप निरीक्षक शकील अहमद व उप् निरीक्षक जय सिंह व उप निरीक्षक तरूण सिंह को शमशाबाद थाने में तैनात किये गये। वीरेंद्र सिंह यादव को कम्पिल थाना ,सुभाष चंद्र व उप निरीक्षक महेश चंद्र को फतेहगढ़ कोतवाली भेजा गया। राघवेंद्र सिंह व मोहम्मद हुसैन को आदर्श थाना मऊ दरवाजा और संतोष कुमार व उपनिरीक्षक गिरीश कुमार को नवाबगंज थाने मे स्थानांतरित किया गया है।

### हरदोई में कूड़े के ढेर में मिला नवजात का शव

हरदोई। हरदोई में मेडिकल कॉलेज के पीछे तालाब के किनारे लगे कूड़े के ढेर में एक नवजात का शव मिला। कूड़ा फेंकने पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। इसे लेकर लोग तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं। बताया गया है कि मेडिकल कॉलेज के पीछे तालाब के किनारे कूड़े का ढेर लगा रहता है। सुबह वहीं पड़ोस के मोहल्ला चील पुरवा अशोक नगर निवासी राजकुमार वहां कूड़ा फेंकने गया। उसे कूड़े के ढेर में नवजात का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया। जिसे देख कर राजकुमार चौंक गया। उसने अपने पड़ोसी राकेश कुमार को सारी बात बताई।

# हेल्थ केयर अल्ट्रासाउंड सेंटर किया गया सील

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के घोसिया बाजार स्थित द हेल्थ केयर अल्ट्रासाउंड सेंटर को लगातार मिली रही शिकायतों के बाद सोमवार को प्रशासन ने सील कर दिया।


तहसीलदार सतपाल प्रजापति ने बताया कि जीटी रोड राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित घोसिया बाजार में बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील कर दिया गया। बताया जाता है कि बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर से मरीज को लगातार गलत रिपोर्ट जांच रिपोर्ट देने की शिकायतें मिल रही थी। यहां तक की कुछ लोगों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी तक से की थी। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर सोमवार को तहसीलदार औराई सतपाल प्रजापति व चिकित्सा अधिकारी औराई डा. प्रगति कुशवाहा ने सेंटर पर पहुंच कर सील कर दिया।

बताया जाता है कि अल्ट्रासाउंड पर जिस समय अधिकारी पहुंचे उस समय भी कई मरीज वहां मौजूद थे। प्रशासनिक अमले को देखते ही अल्ट्रासाउंड सेंटर पर अफरा तफरी मच गई।

# चित्रकूट में सिर कुचलकर युवक की हत्या, डाला तेजाब

एजेंसी

**चित्रकूट।** चित्रकूट घर से निकले युवक का सिर कुचला शव बांधोइन नहर के पास मिला। मृतक की पहचान रामबरन पुत्र जयकरण कोतवाली क्षेत्र कपसेठी गांव के रूप में हुई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। आरोप है कि कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। रामबरन रविवार को दोपहर अपनी मां से रु 30 लेकर बाजार गया था।




देर रात तक वापस न आने पर परिजनों ने उसे फोन किया तो उसका फोन बंद बता रहा था। तभी परिजनों ने कोतवाली पुलिस को इस बात की सूचना दी। मृतक के पिता जयकरण ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट नहीं लिखी।

पुलिस ने कहा कि गायब हुए रामबरन की फोटो लेकर आओ तभी रिपोर्ट दर्ज होगी। परिजन फोटो ढूंढते रहे काफी रात हो गई। सोमवार को सुबह करीब 11 बजे परिजन फोटो लेकर कोतवाली पहुंचे तो पुलिस ने बताया कि एक नहर के पास मृत अवस्था में लाश मिली है उसे जाकर देख लो।

जय कारण वहां अपने परिवार के साथ पहुंचा तो लाश का मुंह पत्थरों से कूचकर तेजाब डाल दी गई थी। उसके हाथ में बने टैटू और लिखा मां का नाम से शिनाख्त हो पाई। जय करन ने बताया कि रामबरन की शादी 29 जून 2023 को हुई थी। गांव के आसपास मजदूरी कर अपना और अपनी पत्नी का खर्च चलता था।

इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अजीत पांडे ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है परिजनों ने अभी तक किसी प्रकार की तहरीर नहीं दी है पुलिस जांच में जुटी है। जल्द ही खुलासा कर आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### घूसखोर लेखपाल को घसीटते ले गई एंटी करप्शन टीम

**लखनऊ।** लखनऊ में सोमवार को एक लेखपाल के घूस मांगने का मामला सामने आया है। उसे सदर तहसील में 15 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। उसमें दिख रहा है कि लेखपाल बीच सड़क पर हंगामा कर रहा है। एंटी करप्शन की टीम लेखपाल को घसीटते हुए ले जा रही है। वह जब आगे नहीं बढ़ रहा था, तो टीम उसकी दोनों टांग पकड़कर उठाकर ले गई। वो बार-बार कह रहा- मैं बेकसूर हूं...मुझे क्यों ले जा रहे हो। शोर-शराबा सुनकर अन्य कर्मचारी भी आए। जो लोग वहां पर अपना दैनिक काम कराने आए थे, वो भी एकत्र हो गए। इससे तहसील के अंदर भीड़ लग गई। पीड़ित की शिकायत पर टीम ने उसे ट्रैप कर पकड़ा। लेखपाल अविनाश ओझा को एंटी करप्शन की टीम ने 15 हजार घूस लेते पकड़ लिया। वह पिछले दिनों ही रायबरेली से ट्रांसफर होकर आए थे। उनकी गिरफ्तारी की सूचना फैलते ही सदर तहसील के कर्मचारी भी बाहर एकत्र हो गए।

# कन्नौज में कार ने रौंदा, 3 की मौत

## बाइक को ओमनी कार ने सामने से मारी टक्कर, हादसे के बाद कार समेत चालक फरार

एजेंसी

**कन्नौज।** कन्नौज में ओमिनी कार ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मारकर रौंद दिया। हादसे में 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद कार चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। हादसा ठठिया थाना क्षेत्र के भदौसी तिराहे के पास का है। फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कार चालक की तलाश की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 10 बजे ठठिया थाना क्षेत्र के सिसइयनपुरवा गांव निवासी गोरेलाल (58), प्यारेलाल (53) और शंकर (35) एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव से भदौसी की ओर जा रहे थे। जैसे ही ये लोग भदौसी तिराहे पर पहुंचे तभी ठठिया से मकनपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार ओमिनी कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार तीनों लोग बुरी तरह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए।



हादसे के बाद मौके पर लगी लोगों की भीड़।

### तेजी से कार लेकर भागा चालक

हादसा होते ही ड्राइवर ओमनी कार तेजी से चलाते हुए भाग निकला। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी ठठिया थाना पुलिस को दी। कुछ ही देर में थाने के प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह फोर्स के साथ घटनास्थल लर पहुंच गए। उन्होंने आनन-फानन में अपनी कार से बाइक सवार तीनों घायलों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने गोरेलाल और प्यारे लाल को मृत घोषित कर दिया।

### शंकर ने अस्पताल में तोड़ा दम

घायल शंकर का गम्भीर हालत में इलाज शुरू किया गया लेकिन इलाज के दौरान शंकर ने भी दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना पर अस्पताल पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि तीनों लोग काम से निकले थे। थोड़ी देर बाद ही हादसे की सूचना मिल गई। मेडिकल कॉलेज पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे को अंजाम देने वाली सफेद रंग की ओमनी कार की पुलिस तलाश कर रही है।

नई दिल्ली
मंगलवार 19 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 0.64 प्रतिशत उबलकर 91.35 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ 94.40 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

| | | |
|---|---|---|
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| चेन्नई | 102.73 | 94.33 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |

### फ्रेस्का गोल्ड आम का रस लॉन्च

नयी दिल्ली। पेयपदार्थ फ्रेस्का जूस ने अपना नया उत्पाद फ्रेस्का गोल्ड आम का रस लाँच करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि लगातार हलचल भरे भारतीय बाजार में इस उत्पाद के साथ धूम मचाने की तैयारी है। अल्फांसो आम के स्वाद के साथ 200 मिलीलीटर का एसेप्टिक पैक वाला फ्रेस्का गोल्ड आम का रस उतरा गया है। दरअसल, भारत का फ्रूट ड्रिंक एवं फ्रूट जूस मार्केट 15 हजार करोड़ रुपये का है। कंपनी ने कहा कि वह सिर्फ नाम के लिए इस बाजार में नहीं है बल्कि वह यहां अपनी अलग पहचान बनाने आयी है। उसने कहा कि क्षेत्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर कोई भी दूसरा ब्रांड अविश्वसनीय कीमत पर इतनी उच्च गुणवत्ता वाला आम रस मुहैया नहीं करा पा रहा है। लेकिन यह अपनेआप में कंप्लीट पैकेजिंग है। इसका कीटाणुनाशक लेमिनेटेड कार्टन कलर पैक बाजार में पहली बार आया है। इसकी पैकिंग पर होलोग्राफिक स्टैम्पिंग वाला मैजिक है, जो ग्राहकों के लिए प्रामाणिकता और सुरक्षा की गारंटी है और उन्हें आम का रस खरीदने के लिए बाध्य करेगा। उसने कहा कि उत्तर भारत के राज्यों और 5 लाख से अधिक खुदरा दुकानों तक फैले वितरण नेटवर्क के साथ फ्रेस्का गोल्ड आम का रस जल्द ही राजसी कश्मीर से लेकर जीवंत वाराणसी तक हर घर का पसंदीदा बन जाएगा।

### व्यय का सही अनुमान चाहती है सरकार

अगले वित्त वर्ष की तैयारी अक्टूबर से शुरू होने वाली है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि सरकार चाहती है कि सभी मंत्रालय मौजूदा और अगले साल का बजट तैयार करते समय यथार्थवादी बनें। सरकार शीतकालीन सत्र में पहला पूरक बजट पेश करेगी और उसके बाद बजट सत्र में दूसरा पूरक बजट आएगा। इन दोनों में चालू वित्त वर्ष की व्यय जरूरतों को ध्यान में रखा जाएगा, वहीं मंत्रालयों को चुनी गई अगली सरकार के पूर्ण बजट आने तक अतिरिक्त मांग का मौका नहीं मिलेगा। वक्त कम बचे रहने का जिक्र करते हुए एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'अधिकारियों को अप्रत्याशित आकस्मिकताओं का ध्यान रखना चाहिए। विभिन योजनाओं की जरूरतों का अनुमान लगाना चाहिए क्योंकि बजट सत्र की अवधि के बारे में अब तक पता नहीं है और ऐसे में उनके सामने नकदी का संकट नहीं आना चाहिए।' वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि सितंबर के पहले सप्ताह में बजट अधिसूचना आ जाएगी। बजट के पहले की बैठकें अक्टूबर से शुरू होंगी। लेखा महानियंत्रक के मुताबिक 2023-24 की पहली तिमाही में कोयला मंत्रालय का कुल व्यय बजट अनुमान का 87 प्रतिशत रहा है। रेलवे और परिवहन मंत्रालय ने वित्त वर्ष की पहली तिमाही में क्रमश: बजट का 40 प्रतिशत और 39 प्रतिशत खर्च किया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने बजट अनुमान का 1 प्रतिशत जबकि पर्यटन मंत्रालय ने इस अवधि के दौरान बजट का 4 प्रतिशत खर्च किया है।

### तुर्किये में टेसला की फैक्टरी लगाने का प्लान

तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने इलेक्ट्रिक कार निर्माता टेस्ला के प्रमुख ईलॉन मस्क से न्यूयॉर्क में मुलाकात की और उनसे तुर्किये में एक फैक्टरी स्थापित करने को लेकर चर्चा की। एर्दोआन संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका में हैं। तुर्किये के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी बयान अनुसार, मस्क की अंतरिक्ष अन्वेषण कंपनी स्पेसएक्स और तुर्किये के अंतरिक्ष कार्यक्रम के बीच संभावित सहयोग पर भी चर्चा की गई। बयान में कहा गया, एर्दोआन ने मस्क से कहा कि तुर्किये ऑर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्पेसएक्स की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारलिंक पर सहयोग का स्वागत करेगा। वहीं मस्क ने कहा कि स्पेसएक्स तुर्किये में स्टारलिंक की पेशकश के लिए आवश्यक लाइसेंस हासिल करना चाहता है। बैठक में शामिल हुए तुर्किये के उद्योग एवं प्रौद्योगिकी मंत्री मेहमत फातिह कासिर ने कहा कि मस्क ने तुर्किये को 'टेस्ला निवेश के लिए सबसे महत्वपूर्ण उम्मीदवारों में से एक' बताया। उन्होंने बताया कि एर्दोआन और मस्क ने तुर्किये के सशस्त्र हवाई ड्रोन कार्यक्रम पर भी चर्चा की।

### शक्कर में लिवाली, खाद्य तेलों में उछाल, दलहन- दाल मजबूत, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में पूछ परख बताई गई। इससे ? भाव में मजबूती दर्ज की गई। खाद्य तेलों में मूंगफली तेल जोरदार तेजी लिए रहा। तिलहनों में खरीदी बताई गई। मंडी बंद रही। दाल तथा चावल में कामकाज सामान्यवत रहा। शक्कर में लिवाली सुधार लिए बताई गई। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। हल्दी तथा खोपरा बूरा लिवाली से मजबूत बना बताया गया। साबूदाना में लिवाली साधारण रही। मांग सुधार से खाद्य तेल तेजी लिए रहे। मूंगफली तेल महंगा बिका। तिलहनों में उठाव से तेजी मंदी का अभाव रहा। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी बंद रही। दालों में उठाव बना बताया गया। चना, तुअर की दाल मजबूती लिए रही। चावल में खरीदी रही इससे भाव स्थिरता लिए रहे। शक्कर 3960 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 105 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2200 से 3450 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 7200 से 8100, पैकिंग में 8400 से 8600 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों निमाड़ी 6100 से 6300, सोयाबीन 5100 से 5150 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1870 से 1900, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 885 से 890, साल्वेंट 840 से 845, पाम तेल 880 से 885 रुपये प्रति 10 किलो।

### अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिरे

नयी दिल्ली। विदेशी बाजारों में आई गिरावट के दबाव में आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गये वहीं अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 59 रिंगिट गिरकर 3670 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 सेंट की गिरावट के साथ 61.73 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों के भाव गिर गये। मूंगफली तेल 220 रुपये, सूरजमुखी तेल 146 रुपये और वनस्पति तेल 267 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया जबकि सरसों तेल में 220 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल में टिकाव रहा। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : चना 6450-6550, दाल चना 7450-7550, मसूर काली 8150-8250, मूंग दाल 10000-10100, उड़द दाल 11000-11100, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज :( भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2500-2600 रुपये और चावल : 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3800-3900, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4300-4400 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# गयारह दिन की तेजी गंवाकर लुढ़का शेयर बाजार



मुंबई। अमेरिका, ब्रिटेन, नॉर्वे, स्वीडन, स्विटजरलैंड और जापान में केंद्रीय बैंक की बैठकों से भरे इस सप्ताह से पहले विकास संबंधी चिंताओं को लेकर विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर दूरसंचार, आईटी, रियल्टी और टेक समेत बारह समूहों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार पिछले लगातार दिन की तेजी गंवाकर लुढ़क गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 241.79 अंक की गिरावट लेकर 67596.84 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 59.05 अंक टूटकर 20133.30 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.27 प्रतिशत उतरकर 32,418.81 अंक और स्मॉलकैप 0.60 प्रतिशत लुढ़ककर 37,601.16 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3947 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2082 में बिकवाली जबकि 1695 में लिवाली हुई वहीं 170 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 26 कंपनियां गिरावट जबकि शेष 24 तेजी पर रही।

बीएसई के 12 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.96, ऊर्जा 0.03, वित्तीय सेवाएं 0.45, हेल्थकेयर 0.61, इंडस्ट्रियल्स 0.19, आईटी 0.78, दूरसंचार 1.86, बैंकिंग 0.45, धातु 0.89, रियल्टी 1.27, टेक 0.92 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.74 प्रतिशत लुढ़क गये।

विश्व बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.31, जर्मनी का डैक्स 0.59 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.39 प्रतिशत गिर गया जबकि जापान का निक्केई 1.10 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 173 अंक की गिरावट लेकर 67,665.58 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से दोपहर तक 67,803.15 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 67,532.83 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 67,838.63 अंक के मुकाबले 0.36 प्रतिशत टूटकर 67,596.84 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी भी 36 अंक फिसलकर 20,155.95 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 20,195.35 अंक के उच्चतम जबकि 20,115.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 20,192.35 अंक की तुलना में 0.29 प्रतिशत उतरकर 20,133.30 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एचडीएफसी बैंक 1.98, भारती एयरटेल 1.71, इंफोसिस 1.40, अल्ट्रासिमको 1.36, टाटा स्टील 1.21, विप्रो 1.17, कोटक बैंक 1.02, रिलायंस 0.98, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.58, टेक महिंद्रा 0.58, सन फार्मा 0.33, आईसीआईसीआई बैंक 0.19, एक्सिस बैंक 0.18 और मारुति 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, पावरग्रिड 3.01, टाइटन 2.73, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.65, एनटीपीसी 2.07, बजाज फिनसर्व 1.35, टाटा मोटर्स 1.02, एसबीआई 0.93, आईटीसी 0.78, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.71, बजाज फाइनेंस 0.70, एशियन पेंट 0.67, नेस्ले इंडिया 0.65, एलटी 0.30, इंडसइंड बैंक 0.28 और टीसीएस ने 0.14 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## ट्यूलिप इंफ्राटेक गुड़गांव में रियल एस्टेट को दे रहा नई गति

### समय से पहले बनकर तैयार होगी गुरुग्राम की सबसे ऊंची आवासीय इमारत

नई दिल्ली। एक उल्लेखनीय बदलाव की कहानी के साथ गुरुग्राम मुख्यालय वाली प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी ट्यूलिप इंफ्राटेक अपनी परियोजना ट्यूलिप मोन्सेला पर असाधारण प्रगति के लिए सुर्खियां बटोर रहा है। इस परियोजना को मिलेनियम सिटी में सबसे ऊंची आवासीय परियोजना के रूप में माना जा रहा है।

यह परियोजना एक समय असफलता के कगार पर थी, मगर इसके ट्यूलिप इंफ्राटेक के नेतृत्व में आने के बाद न केवल वापस पटरी पर लौटी, बल्कि फल-फूल रही है। ट्यूलिप परियोजनाओं में पहले निवेश कर चुके 5000 से अधिक घर खरीदारों के जबरदस्त समर्थन और विश्वास ने ट्यूलिप को रिकॉर्ड समय में इस प्रतिष्ठित परियोजना ट्यूलिप मोन्सेला के फेस- द्वद्व को लांच करने के लिए प्रेरित किया है। इसके लॉन्च इवेंट में बॉलीवुड की मशहूर शख्सियतों अरबाज खान, अमीषा पटेल और गायक सुखबीर सिंह ने लॉन्च इवेंट में हिस्सा लिया।

ट्यूलिप मोन्सेला का फेस-2 3 लाख 50 हजार वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है। इसमें हाई-एंड अल्ट्रा-लक्जरी अपार्टमेंट, डुप्लेक्स और पेंट हाउस शामिल हैं।

यह पूरी परियोजना गोल्फ कोर्स रोड, सेक्टर 53 पर 20 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैली हुई है। इस प्रोजेक्ट का मूल्य 5000 करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। इस परियोजना को मूल रूप से एक अन्य रियल एस्टेट कंपनी द्वारा शुरू किया गया था जो बाद में बंद हो गई थी, ऐसे समय में ट्यूलिप इंफ्राटेक निवेशकों और घर मालिकों के लिए आशा के किरण रूप में सामने आया।

ट्यूलिप इंफ्राटेक के सक्षम नेतृत्व के तहत, इस महत्वाकांक्षी परियोजना में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और पिछले बिल्डर के साथ बातचीत के माध्यम से 2021 में ट्यूलिप इंफ्राटेक ने इस परियोजना को अपने हाथ में ले लिया है। और अब ट्यूलिप इंफ्राटेक के पास ट्यूलिप मोन्सेला के लिए महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं।

इन योजनाओं के अंतरगर्त लगभग 1,100 लक्जरी अपार्टमेंट और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए डिज़ाइन की गई 150 इकाइयों का निर्माण शामिल है, सभी को 11 टावरों में बेहतरीन योजना के साथ एकीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त, दो अलग-अलग व्यावसायिक इमारतें इस भव्य विकास की शोभा होंगी।

ट्यूलिप मोन्सेला के दूसरे चरण को लॉन्च करते हुए ट्यूलिप इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन, श्री प्रवीण जैन ने कहा कि आज, हम उस महत्वपूर्ण विकास की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं जो रियल एस्टेट परिदृश्य में एक उत्कृष्टता का प्रतीक बनने की दिशा में ट्यूलिप मोन्सेला के सफर को दर्शाता है। यह फेस-2 नए खरीदारों के लिए है, हालांकि उन 200 खरीदारों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है, जिन्होंने पहले विपुल लिमिटेड में निवेश किया था। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें पहले डेवलपर के साथ उनके पूर्व समझौते के अनुसार मूल रूप से सहमत स्थान और लागत पर उनके फ्लैट दिए जाए।

#### निर्धारित समय से आगे

ट्यूलिप मोन्सेला का फेस-1 न केवल निर्धारित समय पर चल रहा है, बल्कि एक असाधारण उपलब्धि के साथ यह उससे आगे है। इसके प्रत्याशित डिलीवरी तिथि 2030 थी, जो अब अगले तीन वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है। यह ट्यूलिप इंफ्राटेक के समर्पण और विशेषज्ञता का एक प्रमाण है।

#### फेस- 2 का अनावरण- संभावनाओं की दुनिया

ट्यूलिप मोन्सेला का फेस-2, फेस-1 की सफलता को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करेगा। यह आवासीय विकल्पों की और भी अधिक विस्तृत व विविध श्रेणी की पेशकश करता है। इस रोमांचक विस्तार में 3.5 लाख वर्ग फुट प्राइम रियल एस्टेट शामिल है। इसके टावरों में डुप्लेक्स, लक्जरी अपार्टमेंट और पेंटहाउस की एक श्रृंखला होगी, जो विश्व स्तरीय जीवन अनुभव प्रदान करने के लिए ट्यूलिप इंफ्राटेक की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी।

ट्यूलिप मोन्सेला विकास की एक नई कहानी है। यह एक ऐसी परियोजना है जिससे कभी निवेशकों को वित्तीय संकट पैदा करने वाली चुनौतियों का सामना करना पड़ा था, अब ट्यूलिप इंफ्राटेक के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत फिर से जीवंत हो गई है। कंपनी ने गुरुग्राम के सेंटर में आधुनिक और वैभवपूर्ण जीवन जीने की चाह रखने वालों के लिए नए अवसर पैदा करते हुए मौजूदा खरीदारों की आशा को फिर से जगा दिया है।

जैन ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि ट्यूलिप मोन्सेला का पुनरुत्थान गुरुग्राम के रियल एस्टेट परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है।

ट्यूलिप मोन्सेला केवल एक परियोजना नहीं है, यह एक वादे का प्रतिनिधित्व करती है। हम असाधारण गुणवत्ता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं और हमारी त्वरित प्रगति हमारे सम्मानित ग्राहकों के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाती है।

## जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर का आईपीओ 25 सितंबर को

नयी दिल्ली। जेएसडब्ल्यू समूह की वाणिज्यिक बंदरगाह संचालन करने वाली कंपनी जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का पूंजी बाजार से 2800 करोड़ रुपये जुटाने का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 25 सितंबर को खुलेगा। कंपनी के सीईओ ने आज एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुये कहा कि दो अंकित मूल्य के एक शेयर का मूल्य दायरा 113 रुपये से 119 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। यह आईपीओ 27 सितंबर को बंद होगा। इसके लिए निवेशक न्यूनतम 126 शेयर की बोली लगा सकेंगे और इसी गुणांक में आगे शेयर जारी किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड बंदरगाह से संबंधित बुनियादी ढांचे वाली कंपनी है जिसे एंकर ग्राहक के रूप में जेएसडब्ल्यू ग्रुप से प्रारंभिक कार्गो मिला।

ग्रुप के ग्राहकों के साथ साझेदारी के अलावा, अपनी विकास रणनीतियों को आगे बढ़ाने के लिए, कंपनी विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में तीसरे पक्ष के ग्राहकों को शामिल करने के लिए अपने ग्राहक आधार में विविधता लाई है और अपने कार्गो का विस्तार किया है। 30 जून, 2023 तक, कंपनी की स्थापित कार्गो हैंडलिंग क्षमता 15.84 करोड़ टन प्रति वर्ष थी। कंपनी अपने ग्राहकों को कार्गो हैंडलिंग, भंडारण समाधान, लॉजिस्टिक्स सेवाओं और अन्य मूल्य वर्धित सेवाओं सहित समुद्र से संबंधित सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी के संचालन का विस्तार मोर्मुगाओ, गोवा में एक बंदरगाह सुविधा से 2004 में संचालन शुरू किया, से 30 जून, 2023 तक नौ बंदरगाह सुविधाओं तक हुआ। इसकी महाराष्ट्र में स्थित गैर-प्रमुख बंदरगाहों और पश्चिमी तट पर गोवा और कर्नाटक के औद्योगिक क्षेत्रों और पूर्वी तट पर ओडिशा और तमिलनाडु के प्रमुख बंदरगाहों पर स्थित बंदरगाह टर्मिनल के साथ पूरे भारत में विविध उपस्थिति है।

## स्टील की तरह लैपटॉप-पीसी आयात पर होगी पैनी नजर

सरकार ने लैपटॉप और अन्य आईटी हार्डवेयर के आयात पर नजर रखने तथा उसके बारे में पहले से ही जानकारी हासिल करने के लिए स्टील आयात निगरानी तंत्र की तरह ही व्यवस्था बनाने पर विचार कर रही है। इस मामले के वाकिफ लोगों ने इसकी जानकारी दी।

सरकार ने 1 नवंबर से लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर, सर्वर आदि जैसे इले ?क्ट्रॉनिक उपकरणों के आयात पर बंदिश लगाने का निर्णय किया है। इसके प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय हितधारकों के साथ इसके गुण-दोषों पर गहनता से विचार-विमर्श कर रहा है।

इस मामले के जानकार एक शख्स ने बिज़नेस स्टैंडर्ड ने कहा, 'इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय इस बारे में अंतिम निर्णय लेगा और इसे प्रभावी तरीके से लागू करने की रूपरेखा तय करने में लगा है। मंत्रालय विदेश व्यापार महानिदेशालय के साथ भी इस बारे में इस माह के अंत तक बैठक करेगा।'

सरकार ने पिछले महीने इस तरह की वस्तुओं का आयात लाइसेंस के जरिये करने के निर्णय के पीछे नागरिकों के सुरक्षा जो ?खिम को प्राथमिक वजह बताया था। इसके अलावा अगस्त के इस निर्णय के पीछे सरकार का मकसद चीन से आयात घटाना और स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देना भी है।

स्टील आयात निगरानी तंत्र एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जिसके तहत देश में बाहर से आने वाले सभी तरह के इस्पात उत्पादों को आयात करने से पहले पंजीकरण कराना होता है।

## चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह 23.51 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली । चालू वित्त वर्ष में 16 सितंबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 23.51 प्रतिशत बढ़कर 865117 करोड़ रुपये रहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह राशि 700416 करोड़ रुपये की तुलना में 23.51 प्रतिशत अधिक है। आयकर विभाग ने आज यहां जारी बयान में कहा कि शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 8,65,117 करोड़ रुपये में कारपोरेट कर (सीआईटी) 4,16,217 करोड़ रुपये और प्रतिभूति लेनदेन कर सहित व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) 447291 करोड़ रुपये रहा है। इस अवधि में प्रत्यक्ष कर का सकल संग्रह 9,87,061 करोड़ रुपयेरहा जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 8,34,469 करोड़ रुपये की तुलना में 18.29 प्रतिशत अधिक है।

## एलआईसी एजेंटों और कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपायों को मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने भारतीय जीवन बीमा निगम के एजेंटों और कर्मचारियों के लाभ के लिए कल्याणकारी उपायों की एक श्रृंखला को मंजूरी दे दी है।

ये कल्याणकारी उपाय एलआईसी (एजेंट) विनियम, 2017 में संशोधन, ग्रेच्युटी सीमा में वृद्धि और परिवार पेंशन की एक समान दर में संशोधनों से संबंधित हैं।

एलआईसी एजेंटों और कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दी गई हैं जिसमें एलआईसी एजेंटों के लिए ग्रेच्युटी की सीमा 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दी गयी है। इससे एलआईसी एजेंटों की कामकाज स्थिति और लाभ में पर्याप्त सुधार आएगा। पुन- नियुक्त एजेंटों को नवीकरण कमीशन के लिए पात्र होने में सक्षम बनाया गया है जिससे उन्हें बढ़ी हुई वित्तीय स्थिरता प्रदान की जा सकेगी। वर्तमान में, एलआईसी एजेंट पुरानी एजेंसी के तहत किए गए किसी भी बिजनेस पर नवीकरण कमीशन के लिए पात्र नहीं हैं।

एजेंटों के लिए टर्म इंश्योरेंस कवर को 3,000-10,000 रुपये की मौजूदा सीमा से बढ़ाकर 25,000-1,50,000 रुपये कर दिया गया है। टर्म इंश्योरेंस में यह वृद्धि मृतक एजेंटों के परिवारों के लिए काफी लाभदायक होगी, जिससे उन्हें अधिक कल्याणकारी लाभ प्राप्त होगा।

एलआईसी कर्मचारियों के परिवारों के कल्याण के लिए परिवार पेंशन की 30 प्रतिशत की एक समान दर लागू होगी।

इन कल्याणकारी उपायों से उन 13 लाख से अधिक एजेंटों और एक लाख से अधिक नियमित कर्मचारी को लाभ होगा, जो एलआईसी के विकास और भारत में बीमा की गहरी पैठ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## कमजोर वैश्विक संभावनाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रही है मजबूती

कमजोर वैश्विक संभावनाओं के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के पूंजीगत व्यय के साथ घरेलू उपभोग और निश्चित निवेश से भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक के एक बुलेटिन में यह दावा किया गया है।



भारतीय रिजर्व बैंक के ताजा बुलेटिन में 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर प्रकाशित एक लेख कहता है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए नजरिया अनिश्चित बना हुआ है जो विभिन्न क्षेत्रों में वृहद-आर्थिक स्थितियों में विरोधाभास से प्रेरित है। लेख के मुताबिक, अमेरिका में 'गोल्डीलॉक्स' (आर्थिक प्रणाली की आदर्श स्थिति) की उम्मीदें जोर पकड़ रही हैं जबकि चीन एवं यूरोप में सुस्ती को लेकर चिंता बनी हुई है। इसके मुताबिक, आक्रामक मौद्रिक सख्ती के असर में फैलाव हो रहा है और सेवा क्षेत्र भी आवास, बैंक उधारी एवं औद्योगिक उत्पादन की रफ्तार में गिरावट का हिस्सा हो चुका है।

लेख के मुताबिक, वैश्विक प्रगति की दृष्टि के रूप में 'वसुधैव कुटुंबकम' की सोच के साथ भारत की जी20 अध्यक्षता और इससे मिले नतीजे उस परिवेश में अहम हो जाते हैं जहां वैश्विक आर्थिक गतिविधि तमाम क्षेत्रों में वृहद-आर्थिक स्थितियों में द्वंद्व के साथ अपनी रफ्तार खोती जा रही है।

### मुद्रास्फीति भी अगस्त में एक महीने पहले के उच्चस्तर से कम

लेख में कहा गया है, ''कमजोर वैश्विक संभावनाओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था निजी खपत और मजबूत सार्वजनिक क्षेत्र के पूंजीगत व्यय के साथ निश्चित निवेश जैसे घरेलू चालकों की वजह से ताकत हासिल कर रही है।'' इसमें कहा गया है, ''आपूर्ति से जुड़ी प्रतिक्रियाएं सुधर रही हैं और प्रमुख मुद्रास्फीति भी अगस्त में एक महीने पहले के उच्चस्तर से कम हो गई।'' भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली एक टीम ने यह लेख लिखा है। हालांकि, केंद्रीय बैंक ने कहा कि लेख में व्यक्त विचार लेखकों के हैं और उसके विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। इस लेख में भारत के अंतरिक्ष प्रयासों को देश के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा गया है कि अंतरिक्ष उद्योग ने मौसम पूर्वानुमान, भू-वैज्ञानिक और समुद्र-विज्ञान अध्ययन, आपदा प्रबंधन और कृषि के अलावा देश की रक्षा और सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## चालू वित्त वर्ष में देश की अर्थव्यवस्था छह प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ेगी

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की सदस्य आशिमा गोयल ने सोमवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक वृद्धि दर छह प्रतिशत से अधिक रहेगी क्योंकि देश बड़े वैश्विक झटकों के दौर में भी अपनी व्यापक आर्थिक स्थिरता और प्रदर्शन को मजबूत रखने में कामयाब रहा है।

गोयल ने कहा, 'वैश्विक मंदी के कारण भारत की निर्यात वृद्धि कम हो रही है, भू-राजनीति कारणों से कारण तेल और खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ रही हैं, और खराब मौसम परिस्थितियां भी ऐसे कुछ जोखिम हैं, जिनका देश सामना कर रहा है।

भारत बड़े वैश्विक झटकों के दौर में भी अपनी व्यापक आर्थिक स्थिरता और प्रदर्शन को मजबूत रखने में कामयाब रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि छह प्रतिशत से ऊपर रहेगी।' देश की आर्थिक वृद्धि दर 2022-23 में 7.2 प्रतिशत रही थी, जबकि 2021-22 में यह 9.1 प्रतिशत से कम रही थी। केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।

यह पूछे जाने पर कि खुदरा मुद्रास्फीति आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के दायरे में कबतक आएगी, गोयल ने कहा 'लंबे समय से कंपनियों की मुद्रास्फीति का अनुमान चार प्रतिशत के आसपास हैं।

इसका मतलब है कि लागत के झटकों के बावजूद, उनकी मूल्यवृद्धि चार प्रतिशत से अधिक नहीं है।' अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 6.83 प्रतिशत पर आ गई है।

## शार्ट न्यूज़

### सुब्रतो कप टूर्नामेंट आज से दिल्ली में

नई दिल्ली। सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट का 62वां संस्करण मंगलवार से जूनियर गर्ल्स (अंडर 17) मैच से शुरू होगा। डॉ. बीआर अंबेडकर स्टेडियम में उद्घाटन समारोह के बाद बेथलहम वेंगथलांग मिडिल स्कूल-2, मिजोरम और त्रिपुरा स्पोर्ट्स स्कूल, बदरघाट के बीच शाम 4.5प0 बजे मैच होगा। बालिका वर्ग में पहली बार जम्मू-कश्मीर का कोई स्कूल टूर्नामेंट में भाग लेगा। सुब्रतो कप का लाइव प्रसारण स्पोर्ट्सकास्ट इंडिया यूट्यूब चैनल पर किया जाएगा। सुबह, ग्रुप ई के एक अन्य मैच में तेजस फुटबॉल ग्राउंड में वसंत वैली स्कूल, वसंत कुंज, दिल्ली का सामना जवाहर नवोदय विद्यालय, पिथौरागढ़, उत्तराखंड से होगा। यह इस वर्ष के संस्करण का उद्घाटन गेम होगा और इसका किक-ऑफ निर्धारित समयानुसार सुबह आठ बजे होगा। उद्घाटन समारोह की शुरुआत भारतीय वायु सेना की एयर वारियर ड्रिल टीम की शानदार परेड से होगी जिसके बाद वायु सेना बाल भारती स्कूल के स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक पेश किया जाएगा। जूनियर गर्ल्स वर्ग में कुल 33 टीमें मैदान में हैं, जिन्हें आठ समूहों में विभाजित किया गया है, जिसमें बांग्लादेश के बांग्लादेश क्रिडा शिक्षा प्रतिष्ठान (बीकेएसपी) भी शामिल है। प्रत्येक समूह के विजेता क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे। ग्रुप चरण के मैच कल से शुरू होंगे और इस महीने की 23 तारीख को समाप्त होंगे। क्वार्टर फाइनल 24 सितंबर को खेला जाएगा और सेमीफाइनल अगले दिन खेला जाएगा। बालिका वर्ग का फाइनल 26 सितंबर को अंबेडकर स्टेडियम में होगा।

### एशियाई खेलों के लिये की क्रिकेट टीम की घोषणा

कोलंबो। श्रीलंका ने हांगझाऊ में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक होने वाले 19वें एशियाई खेलों के लिए अपनी पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों की घोषणा कर दी है। चमारी अथापथ्यु महिला टीम का नेतृत्व करेंगी जबकि पुरुष टीम का नेतृत्व सहान अराचिगे करेंगे, जिन्होंने 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है। मध्य क्रम के बल्लेबाज एशेन बंडारा, जिनके नाम 1प0 से अधिक अंतराष्ट्रीय मैच हैं, पुरुष टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि नुवान तुषारा और नुवानिदु फर्नांडो पुरुष टीम में अंतरराष्ट्रीय अनुभव वाले अन्य खिलाड़ी हैं। अथापथ्यु के नेतृत्व में महिला टीम ने इस महीने की शुरुआत में इंग्लैंड पर किसी भी प्रारूप में अपनी पहली श्रृंखला जीत दर्ज करके इतिहास रचा था। पुरुष टीम: लसिथ क्रूसस्पुले, शेवोन डेनियल, एशेन बंडारा, सहान अराचिगे (कप्तान), अहान विक्रमसिंघे, लाहिरू उदारा (विकेटकीपर), रविन्दु फर्नांडो, रनिता लियानाराच्ची, नुवानीदु फर्नांडो, सचिथा जयतिलका, विजयकांत वियास्कंथ, निमेश विमुक्थि, लाहिरू समराकून, नुवान तुषारा, इसिथा विजेसुंडेरा। महिला टीमः चमारी अथापथ्यु (कप्तान), हर्षिता समरविक्रमा, विशमी गुणरत्ने, नीलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, अनुष्का संजीवनी, ओशादी रणसिंघे, सुगंदिका कुमारी, इनोका राणावीरा, उदेशिका प्रबोधनी, हासिनी परेरा, कौशिनी नुथ्यांगना, अचिनी कुलसूर्या, इनोशी फर्नांडो।

### एशियाई खेलों में पहले स्वर्ण की तलाश में उतरेगी भारतीय बैडमिंटन टीम

नई दिल्ली। चीन के हांगझाऊ में 23 सितंबर से शुरू होने वाले एशियाई खेल 2023 में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों की कोशिश भारत को बैडमिंटन में पहला स्वर्ण पदक दिलाने की होगी। एशियाई खेलों के 19वें संस्करण में बैडमिंटन प्रतियोगिताएं 28 सितंबर से 7 अक्टूबर तक बिंजियांग जिम्नेजियम में आयोजित की जाएंगी जिसकी शुरुआत टीम इवेंट के साथ होगी। एकल और युगल स्पर्धाएं दो अक्टूबर से शुरू होकर सात अक्टूबर तक चलेंगी। महिला एकल और टीम स्पर्धा में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु भारत की अगुवाई करेंगी। सिंधु को साल 2018 के एशियन गेम्स में ताई जु यिंग से हारकर रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा था। ऐसे में इस बार वह अपने प्रदर्शन को और भी बेहतर करना चाहेंगी। 2018 जकार्ता एशियाई खेल में कांस्य पदक जीतने वाली और लंदन 2प012 ओलंपिक खेल की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल, इस साल प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले रही हैं। महिला युगल में विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 17वें स्थान पर काबिज़ गायत्री गोपीचंद-त्रिशा जॉली, एशियाई खेल में हिस्सा लेने वाली भारत की शीर्ष महिला जोड़ी है। दोनों ने पिछले साल राष्ट्रमंडल खेल में कांस्य पदक जीता था और अब एशियाई खेल में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। साल 2014 की कांस्य पदक विजेता और भारतीय टीम की अनुभवी खिलाड़ी अश्विनी पोनप्पा ने महिला युगल में तनीषा क्रैस्टो के साथ जोड़ी बनाई है। 33 वर्षीय पोनप्पा एशियन गेम्स में भारत की सबसे अनुभवी शटलर होंगी।

### एएफसी चैंपियंस लीग के पहले मैच में मुंबई सिटी का सामना नासाजी मजांदरन से होगा

पुणे। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) चैंपियंस लीग 2023के ग्रुप स्टेज मुकाबले में मुंबई सिटी एफसी का मुकाबला ईरानी नासाजी मजांदरन एफसी से पुणे के श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सोमवार को होगा। दोनों टीमों में से किसी भी टीम की जीत एएफसी चैंपियंस लीग के अगले दौर के लिए क्वालीफाई करने की उनकी संभावनाओं को बढ़ाएगी। मुंबई सिटी एफसी ने 2022 सीज़न में एसीएल में खेला और ग्रुप चरण में दूसरे स्थान पर रहने के बाद नॉकआउट राउंड के लिए क्वालीफाई करने से चूक गई। पिछले साल अपने एएफसी चैंपियंस लीग डेब्यू में प्रभावित करने के बाद मुंबई सिटी 2024 संस्करण में और भी नयी ऊंचाइयों को छूने की उम्मीद कर रही होगी। एक यादगार शुरुआत में मुंबई सिटी ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रहते हुए एएफसी चैंपियंस लीग मैच जीतने वाली पहली भारतीय टीम बन गई। हालाँकि वे 16 राउंड में जगह बनाने से चूक गए लेकिन भारतीय टीम उस ग्रुप में शामिल होने के बावजूद बेहतर प्रदर्शन करने का लक्ष्य रखेगी जिसमें दो बार के एएफसी चैंपियंस लीग विजेता अल हिलाल एसएफसी और उज्बेकिस्तान के नवबहोर भी शामिल हैं। मुंबई सिटी 2023 डूरंड कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुकाबले में उतरेंगे। उनका इंतजार खत्म हो गया है और इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के नासाजी मजांदरन एफसी से उनका भिडंत होगी, जो एएफसी चैंपियंस लीग में पदार्पण करेंगे।

### प्रशंसको का जुनून विश्व कप जीतने के इरादे को करता है मजबूत: विराट कोहली

कोलंबो। भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा कि देश में क्रिकेट के प्रति जुनून और समर्थन एक बार फिर विश्व कप ट्राफी घर लाने के भारतीय टीम के इरादे को मजबूती प्रदान करता है। क्रिकेट विश्व कप टूर्नामेंट पांच अक्टूबर से 19 नवंबर के बीच भारत में खेला जायेगा। कोहली ने कहा, हमारे प्रशंसकों का जुनून और अटूट समर्थन ही विश्व कप जीतने के हमारे दृढ़ संकल्प को बढ़ावा देता है। पिछले विश्व कप जीत की यादें, विशेष रूप से 2प011 की जीत, हमारे दिलों में अंकित हैं, और हम अपने प्रशंसकों के लिए नई यादें बनाना चाहते हैं। मैं इस अविश्वसनीय अभियान का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। हम अपने प्रशंसकों के सपनों को साकार करने के लिए अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। हरफनमौला रवींद्र जड़ेजा ने कहा, एक क्रिकेटर के रूप में यह जानने से अधिक प्रेरणादायक कुछ भी नहीं है कि लाखों प्रशंसक आपके पीछे खड़े हैं, आपकी सफलता के लिए जयकार कर रहे हैं। यह अभियान टीम इंडिया को जीतते देखने के लिए हमारे प्रशंसकों के गहरे जुनून और जुनून को दर्शाता है। यह एक यात्रा है हम पूरे देश के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं, और हम मैदान पर अपने प्रदर्शन से अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। टीम इंडिया ने अपने वनडे विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को प्रतिष्ठित एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक महा मुकाबले से करेगी। इसके बाद मेजबान टीम नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान से भिड़ेगी। भारत अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के साथ 14 अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में से भिड़ेगा।

# सात ओवर बाद भी गेंदबाजी करना चाहते थे सिराज : रोहित

कोलंबो। एशिया कप में भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण से खासे संतुष्ट कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि श्रीलंका के छह विकेट झटकने से उत्साहित मोहम्मद सिराज लगातार सात ओवर फेंकने के बाद और गेंदबाजी करना चाहते थे मगर ट्रेनर की सलाह पर उनके स्पेल को सीमित करना पड़ा। एशिया कप फाइनल में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद रोहत ने अपने तेज गेंदबाजों की जमकर तारीफ की। सिराज रविवार अच्छे फॉर्म में थे और उन्होंने अपने कातिलाना गेंदबाज़ी से केवल 16 गेंदों में पांच विकेट लेकर श्रीलंका के शीर्ष क्रम के बालेबाज़ों को ध्वस्त कर दिया। रोहित शर्मा ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, उसने उस स्पैल में सात ओवर फेंके और मुझे ट्रेनर से संदेश मिला कि हमें उसे अब रोकना होगा। वह गेंदबाजी करने के लिए काफी बेताब था। उन्होंने सात ओवर फेंके, जो काफी है। सिराज की स्थिति त्रिवेन्द्रम में श्रीलंका के खिलाफ भी ऐसी ही थी और उन्होंने लगातार 8-9 ओवर फेंके थे। सिराज ने जिस तरह गेंदबाजी की वह देखना बहुत सुखद था। सिराज के अलावा जसप्रित बुमरा ने शुरुआती ओवर में विकेट लेकर श्रीलंका को झटका दिया वहीं हार्दिक पंड्या, ने 14 गेंदों में तीन विकेट लेकर श्रीलंका की पारी को जल्दी समाप्त कर दिया। तेज गेंदबाजों की सराहना करते हुए रोहित ने कहा कि उन्हें तेज गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से काफी संतुष्टि मिली। उन्होंने कहा, जब मैं तेज गेंदबाजों को इस तरह का प्रदर्शन करते हुए देखता हूं तो मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है। सभी कप्तान तेज गेंदबाजी पर बहुत गर्व करते हैं, और मैं भी अलग नहीं हूं। हमारे पास तेज गेंदबाजों का एक शानदार समूह है। उन सभी के पास अलग-अलग कौशल और विविधताएं हैं, कोई तेज गेंदबाजी कर सकता है, कोई गेंद को स्विंग करा सकता है, कोई अच्छा उछाल प्राप्त कर सकता है। जब आपको ये सभी पहलू एक टीम में मिलते हैं, तो यह आपकी टीम के लिए अच्छा साबित होता है। फाइनल के दिन तेज गेंदबाज ही सुर्खियों में रहे, लेकिन 11.44 की औसत से नौ विकेट लेकर टूर्नामेंट का अंत करने वाले कुलदीप यादव को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का पुरस्कार मिला।



## रोहित की उम्मीद, विश्वकप के लिये उपलब्ध होंगे अक्षर और श्रेयस

कोलंबो। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को उम्मीद है कि क्रिकेट विश्व कप 2प02× से पहले अक्षर पटेल और श्रेयस अय्यर चोट की समस्या से उबर कर पूरी तरह स्वस्थ हो जायेंगे। रोहित शर्मा ने कहा कि उन्हे भरोसा है कि टूर्नामेंट से पहले टीम पूरी तरह स्वस्थ होगी, अक्षर पटेल और श्रेयस अय्यर आठ अक्टूबर के शुरुआती मुकाबले से पहले पूरी तरह फिट हो जायेंगे। कलाई की चोट और बाएं क्वाड्रिसेप में मामूली चोट के कारण अक्षर एशिया कप के फाइनल के लिये उपलब्ध नहीं हो सके थे। एशिया कप फाइनल में श्रीलंका पर दस विकेट से जीत के बाद रोहित ने अक्षर के बारे में कहा, ऐसा लगता है कि ठीक होने में शायद एक सप्ताह या दस दिन लगेंगे, मुझे नहीं पता। हमें देखना होगा कि चोट कैसे बढ़ती है। कुछ लोग जल्दी ठीक हो जाते हैं और मुझे उम्मीद है कि उनके साथ भी ऐसा ही होगा। मुझे यकीन नहीं है कि वह घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैच खेल पाएंगे या नहीं। लेकिन हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। भारतीय कप्तान ने श्रेयस अय्यर और रविचंद्रन अश्विन पर भी बात करते हुये कहा श्रेयस फाइनल के लिए उपलब्ध नहीं थे क्योंकि उनके चयन के लिए कुछ पैरामीटर रखे गए थे। मुझे लगता है कि आज उन्होंने इसका अधिकांश हिस्सा पूरा कर लिया है। मुझे कहना चाहिए कि वह अब तक 99 प्रतिशत ठीक हैं। जहां तक अश्विन का सवाल है, स्पिन-गेंदबाज ऑलराउंडर अभी भी भारत की क्रिकेट विश्व कप टीम में जगह बनाने की दौड़ में है, बावजूद इसके कि उन्हें एशिया कप फाइनल के लिए अक्षर के प्रतिस्थापन के रूप में नहीं बुलाया गया था।

## विश्व कप से पहले शीर्ष वनडे टीम रैंकिंग की होड़ हुई तेज

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष क्रिकेट विश्व कप की शुरुआत से पहले नंबर एक वनडे टीम बनने की होड़ अगले कुछ दिनों में तेजी आयेगी। एशिया कप हालांकि समाप्त हो गया है।

पाकिस्तान एशिया कप 2023 में जल्दी बाहर होने और फाइनल में श्रीलंका पर भारत की प्रचंड जीत के बावजूद नंबर 1 स्थान पर कायम है। दक्षिण अफ्रीका से सीरीज हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने भी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया।

ऑस्ट्रेलियाई टीम श्रृंखला में 2-प0 से आगे थी, इससे पहले मेजबान टीम ने जबरदस्त वापसी की और लगातार तीन मैच जीतकर रविवार को श्रृंखला जीत ली।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि फाइनल से पहले बंगलादेश से हार से भारत की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने की संभावना कम हुई और यहां तक कि श्रीलंका के खिलाफ सिर्फ छह ओवर में मिली रिकॉर्ड-तोड़ जीत भी भारतीय टीम को शीर्ष पर नहीं पहुंचा सकी।

भारत मौजूदा समय में दूसरी रैंकिंग पर है और यदि 22 सितंबर से शुरू होने वाली सीरीज में ऑस्ट्रेलिया पर घरेलू मैदान पर जीत दर्ज कर लेता है तो वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने की स्थिति में आ सकता है। यदि भारत आस्ट्रेलिया से पहला वनडे जीत जाता है तो वह पाकिस्तान को पछाड़कर क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में नंबर एक टीम बन जाएगा।

## इतने लंबे समय तक डेविस कप खेलने पर गर्व है : बोपन्ना

लखनऊ। भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने कहा कि लंबे समय तक डेविस कप जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का हिस्सा बने रहने पर उन्हे गर्व का अहसास होता है।

बोपन्ना ने रविवार को विश्व ग्रुप-2 मुकाबले में मोरक्को पर जीत हासिल करने के बाद डेविस कप टूर्नामेंट को अलविदा कह दिया। यह युगल मुकाबला गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में खेला गया जिसमें बोपन्ना और युकी भांबरी ने इलियट बेनचेट्रिट-यूनुस लालामी लारौसी की जोड़ी को 6-2, 6-1 से हराया। बोपन्ना के शक्तिशाली फोरहैंड का विपरीत खेमे के पास कोई जवाब नहीं था।

4× वर्षीय खिलाड़ी ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा डेविस कप छोड़ने का दुख है, लेकिन साथ ही इतने लंबे समय तक खेलने पर गर्व भी है। मैं समर्थन के लिए पूरे देश, सभी साथियों और कप्तान को धन्यवाद देता हूं जिनके नेतृत्व में मैंने खेला है। यह एक शानदार यात्रा थी जिसमें सीखने का अनुभव मिला।

बोपन्ना हालांकि इस बात से खुश हैं कि अब उन्हें अपने परिवार के साथ बिताने का समय मिलेगा। मुकाबले के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा, हमारे लिए विश्व ग्रुप-1 प्लेऑफ़ में जाना बेहद महत्वपूर्ण था जहां भारत को होना चाहिए और अब इसके लिये तैयारी की जरूरत है।

भारत के गैर-खिलाड़ी कप्तान और भारतीय ओलंपिक संघ की कार्यकारी समिति के सदस्य रोहित राजपाल ने कहा बोपन्ना की कमी खलेगी। जब आपके पास रोहन बोपन्ना जैसा महान व्यक्तित्व वाला खिलाड़ी हो, तो हमेशा इस बात को लेकर झगड़ा होता है कि कौन उसके साथ खेलना चाहता है। वे सभी उसके साथ युगल खेलना चाहते हैं। पूरी टीम उनके डेविस कप से सन्यास लेने के फैसले से सदमे में है। लेकिन निश्चित रूप से, उन्होंने युकी (भाम्बरी) और राम (रामनाथन रामकुमार) को महत्वपूर्ण टिप्स दी हैं। हम उनका मार्गदर्शन लेते रहेंगे और उससे लाभान्वित होंगे।



राजपाल का मानना है कि भारतीय युगल खिलाड़ी हमेशा अपने पीछे एक विरासत छोड़ते हैं, लेकिन एकल पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होने कहा हम एक कठिन टीम हैं और हमने डेविस कप में बहुत दिल लगाया है। जब हम खेल रहे होते हैं तो हमें हराना एक कठिन काम होता है। साथ ही, यदि हमें शीर्ष टीमों को हराना है तो निश्चित रूप से हमें अपने खिलाड़ियों से बहुत अच्छा एकल प्रदर्शन करने की आवश्यकता है, क्योंकि एकल के लिए चार अंक हैं। हमें टीम में अपने एकल मुकाबलो के लिये ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

बोपन्ना के मुताबिक, टीम में इसे आगे ले जाने के लिए कुछ प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं और वह उनकी मदद के लिए हमेशा मौजूद रहेंगे। उन्होने कहा कि डेविस कप से बाहर होना उनके करियर का अंत नहीं है।

# अमेरिका ने पाकिस्तान से 900 मिलियन डॉलर के हथियार खरीदे

**मीडिया रिपोर्ट में दावा- इन्हें यूक्रेन भेजा, बदले में पाक को आईएमएफ से लोन मिला**

**वॉशिंगटन/इस्लामाबाद**

। पाकिस्तान को कई महीनों की मीटिंग्स के बाद जुलाई 2023 में आईएमएफ से 3 बिलियन डॉलर का बेलआउट पैकेज मिला था। अब अमेरिकी मीडिया हाउस द इंटरसेप्ट ने दावा किया है कि इस लोन को दिलाने में अमेरिका ने अहम भूमिका निभाई थी।



इंटरसेप्ट की रिपोर्ट के मुताबिक ढ्ढरूस्न से लोन हासिल करने के लिए पाकिस्तान को अमेरिका के साथ हथियारों की सीक्रेट डील करनी पड़ी थी। अमेरिका ने पाकिस्तान से हथियार लेकर उन्हें रूस से जंग लड़ रहे यूक्रेन को दिया।

इंटरसेप्ट ने लिखा है कि अप्रैल 2022 में पाकिस्तान की सेना ने अमेरिका के उकसावे पर इमरान खान को सत्ता से बाहर कराया। इसके बाद से पाकिस्तान अमेरिका के काम आने वाला समर्थक बनकर उभरा है। इसके बदले में अमेरिका ने पाकिस्तान को आईएमएफ से लोन दिलाने में मदद की। इससे पाकिस्तान कंगाल होने से बचा और सरकार को चुनाव टालने में मदद मिली। मिडिल ईस्ट इंस्टीट्यूट के आरिफ रफीक ने द इंटरसेप्ट को बताया कि पाकिस्तान का लोकतंत्र यूक्रेन जंग का शिकार बना है।

### हथियार बेचकर पाकिस्तान को 900 मिलियन डॉलर मिले

पाकिस्तान जंग में इस्तेमाल होने वाली आर्टिलरी और शेल्स के प्रोडक्शन के लिए मशहूर है। वहीं, यूक्रेन में एक साल से जारी जंग की वजह से इन हथियारों की भारी किल्लत दर्ज की गई है। ओपन सोर्स वेबसाइट की रिपोर्ट के मुताबिक जंग में यूक्रेन की तरफ से पाकिस्तान में बने हथियारों का इस्तेमाल हो रहा है।

हालांकि अभी तक न तो अमेरिका और न ही पाकिस्तान ने इस बात की पुष्टि की है। इंटरसेप्ट को 2022-23 में पाकिस्तान की तरफ से बेचे गए हथियारों के दस्तावेज मिले हैं। इन पर अमेरिका के ब्रिगेडियर जनरल के दस्तखत भी हैं। अमेरिका-पाकिस्तान के बीच ये डील ग्लोबल मिलिट्री प्रोडक्ट्स ने कराई थी।

द इंटरसेप्ट की जांच के अनुसार 23 मई, 2023 को पाकिस्तानी राजदूत मसूद खान ने वॉशिंगटन डी.सी. में अमेरिकी विदेश मंत्रालय के असिस्टेंट सेक्रेटरी डोनाल्ड लू से मुलाकात की। इसका मकसद पाकिस्तान को यूक्रेन को हथियार देने के लिए राजी करना था। ताकि IMF की नजरों में पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति थोड़ी बेहतर दिख सके।

इसी बैठक में हथियारों की डील कराने के लिए पाकिस्तान में अमेरिकी राजदूत डोनाल्ड ब्लोम और तत्कालीन वित्त मंत्री इशाक डार के बीच बैठक की व्यवस्था कराई गई। लू ने 23 मई की बैठक में खान को बताया कि अमेरिका ने पाकिस्तान के हथियारों के लिए भुगतान को मंजूरी दे दी है। वो आईएमएफ को भी उनके बीच हुई सीक्रेट डील के बारे में बता देंगे।

लू ने बताया कि पाकिस्तानियों का मानना है कि हथियारों से 900 मिलियन डॉलर मिलेंगे। यह आईएमएफ की तरफ से जरूरी वित्तीय मदद में बाकी अंतर को खत्म करने में मदद करेगा जो करीब दो अरब डॉलर का था। दरअसल, आईएमएफ ने कर्ज देने से पहले पाकिस्तान के सामने शर्त रखी थी कि उसे किसी दूसरे देश से कम से कम 2 अरब डॉलर कर्ज लेना होगा और उसे अपने फॉरेन रिजर्व में बतौर गारंटी मनी डिपॉजिट करना पड़ेगा।

## नवाज शरीफ के ड्राइवर ने महिला पत्रकार पर थूका

लंदन। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ 4 साल लंदन में गुजारने के बाद 21 अक्टूबर को मुल्क लौट रहे हैं। इसके पहले वो ड्राइवर की हरकत की वजह से नए विवाद में घिर गए हैं। 16 सितंबर को लंदन में शरीफ कार में घर से निकले। एक वुमन जर्नलिस्ट ने उन्हें रोकना चाहा तो ड्राइवर ने कार रोक दी। महिला पत्रकार ने नवाज से पूछा कि आपको पाकिस्तान का सबसे करप्ट पॉलिटिशियन कहा जाता है।

जर्नलिस्ट का सवाल जैसे ही पूरा हुआ तो इसके पहले कि शरीफ जवाब देते, उनके ड्राइवर ने जर्नलिस्ट को घूरकर देखा और फौरन उस पर थूक दिया। इसके बाद विंडो का ग्लास ऊपर किया और कार बढ़ा दी।



लंदन के बेहद महंगे हायड पार्क इलाके में शरीफ परिवार का आलीशान बंगला है। नवंबर 2019 में नवाज इलाज के बहाने लंदन आए। इसके पहले वो करप्शन के मामले में जेल में बंद थे। उस वक्त इमरान खान प्रधानमंत्री थे। कहा जाता है कि सऊदी अरब के दबाव में इमरान और फौज ने नवाज को इलाज के लिए लंदन जाने की इजाजत दी थी। नवाज को तीन हफ्ते में पाकिस्तान लौटना था। अब वो करीब चार साल लंदन में गुजार चुके हैं और इस दौरान यूरोप और अरब वर्ल्ड के कई देशों में घूमते रहे। नवाज के सियासी दुश्मन इमरान अब खुद करप्शन के मामले में तीन साल की सजा काट रहे हैं।

इस मौके का फायदा उठाकर नवाज ने मुल्क वापसी का प्लान बनाया। उनके छोटे भाई और पूर्व प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने पिछले दिनों ऐलान किया कि नवाज 21 अक्टूबर को मुल्क लौटेंगे और इलेक्शन जीतकर चौथी बार प्राइम मिनिस्टर बनेंगे।

16 सितंबर को नवाज लग्जरी कार में हायड पार्क वाले घर से निकले। गाड़ी ड्राइवर चला रहा था और नवाज फ्रंट सीट पर ही थे।

## ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में छुरेबाजी

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया की राजधानी में सोमवार को ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी में छुरा घोंपने से घायल हुए तीन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन ने बताया कि पुलिस और एम्बुलेंस कर्मियों को कैनबरा में सोमवार को एएनयू परिसर में छुरा घोंपने की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देने के लिए स्थानीय समयानुसार लगभग 2: 45 बजे बुलाया गया था। ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटरी पुलिसिंग के एक प्रवक्ता ने एबीसी को बताया कि तीन लोगों को अस्पताल ले जाया गया और घटना के संबंध में एक व्यक्ति हिरासत में है। घायलों में से दो चाकू से घायल हैं और तीसरे पर भी किसी चीज़ से हमला किया गया है।

## चीन एपेक में सकारात्मक परिणाम के लिए सभी पक्षों के साथ काम को तैयार

बीजिंग। चीन आगामी नवंबर में होने वाले एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन में सकारात्मक परिणाम के लिए सभी पक्षों के साथ काम करने को तैयार है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चीन महत्वपूर्ण बहुपक्षीय आर्थिक सहयोग तंत्र के रूप में एपेक की भूमिका को बहुत महत्व देता है। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए सभी पक्षों के साथ काम करने के लिए तैयार हैं कि इस वर्ष के शिखर सम्मेलन में सकारात्मक नतीजे आएं। उन्होंने कहा कि अगर शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भागीदारी के बारे में कुछ बताने योग्य हुआ तो इसकी जानकारी समायनुसार दी जायेगी। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का इरादा जिनपिंग के साथ बैठक करने का है, लेकिन यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में होने वाले एपेक शिखर सम्मेलन ऐसी बैठक इतर होगी या नहीं।

## ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री यूएनजीए से करेंगे इतर बैठक

मॉस्को। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्री 20 सितंबर को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र से इतर एक बैठक करेंगे। रूसी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि 20 सितंबर को, रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव अमेरिका के न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के मौके पर ब्रिक्स देशों के विदेश नीति विभागों के प्रमुखों की बैठक में भाग लेंगे। बयान के अनुसार, शीर्ष राजनयिक संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र के एजेंडे सहित वर्तमान वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। मंत्री ब्रिक्स प्रारूप के भीतर बातचीत पर भी चर्चा करेंगे। इसमें प्रमुख बहुपक्षीय प्लेटफार्मों पर समन्वय को मजबूत करने के अवसर और 22-24 अगस्त तक दक्षिण अफ्रीकी शहर जोहान्सबर्ग में समूह के 15वें शिखर सम्मेलन में किए गए निर्णयों के कार्यान्वयन शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा, श्री लावरोव अपने सहयोगियों को 2024 में रूस की आगामी एसोसिएशन की अध्यक्षता की योजनाओं के बारे में सूचित करेंगे। यूएनजीए सत्र का उच्च स्तरीय सप्ताह 18-26 सितंबर तक संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में होगा। रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्री लावरोव करेंगे। उनके 23 सितंबर को सभा को संबोधित करने की उम्मीद है।

## अमेरिका-ईरान कैदियों की अदला-बदली के लिए कतर को मिले छह अरब डॉलर

दोहा। कतर ने अमेरिका और ईरान को सूचित किया है कि दोनों देशों के बीच कैदियों की अदला-बदली समझौते के संबंध में तेहरान की अनफ्रोजेन फंड से दोहा के बैंक खाते में छह अरब डॉलर स्थानांतरित किया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी सोमवार को सूत्रों के हवाले से दी गयी। इससे पहले दिन में, ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेहरान और वाशिंगटन के बीच कैदियों का आदान-प्रदान 18 सितंबर को होगा। सूत्रों ने एक समाचार एजेंसी से कहा कि कतर ने दोनों देशों को सूचित किया है कि पूरे छह अरब डॉलर स्विट्जरलैंड से कतर के बैंक खातों में स्थानांतरित किए गए हैं। कतर का एक विमान ईरान में हिरासत में लिए गए पांच अमेरिकी नागरिकों और उनके दो रिश्तेदारों को लेकर दोहा के लिए उड़ान भरने को तैयार है। पिछले सप्ताह, ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने कहा था कि तेहरान अमेरिका के साथ कैदियों का आदान-प्रदान समझौता करने के बाद छह अरब डॉलर खर्च करेगा, जहां देश को आवश्यक लगेगा। इससे पहले अमेरिकी विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा था कि विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने ईरान के साथ कैदियों का आदान-प्रदान समझौते को आगे बढ़ाने के लिए एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किया था, जिसके बाद छह अरब डॉलर के ईरानी धन पर से प्रतिबंध हटा दिया गया था, जिसे दक्षिण कोरिया के बैंक खातों से कतर में स्थानांतरित किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित

संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### प्रवेक कल्प ने किया भव्य डिस्ट्रीब्यूटर कॉन्क्लेव




**ऋषिकेश।** नोएडा स्थित उत्कृष्ट आयुर्वेदिक दवाओं के निर्माता कंपनी मैसर्स प्रवेक कल्प प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दो दिवसीय डिस्ट्रीब्यूटर्स कॉन्क्लेव का भव्य योजना ऋषिकेश उत्तराखंड के चार सितारा होटल नटराज में दिनांक 17 एवं 18 सितंबर को किया गया। विभिन्न राज्य एवं शहरों से करीब 100 से अधिक वितरकों एवं 10 सुपर स्टॉकिस्ट ने इस कॉन्क्लेव में हिस्सा लिया। कंपनी ने अपने सभी उत्पादों की प्रस्तुति अपना भव्य स्टॉल लगाकर किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगल दीप प्रज्वलित कर एवं शिव वंदना के साथ किया गया। कंपनी के सेल्स हेड ए के शर्मा ने कंपनी के विजन और मिशन सभी वितरकों के साथ साझा किया, साथ ही अपने उत्पादों के गुणवत्ता पर भी विस्तार से जानकारी दी। कंपनी ने अपने बहुचर्चित उत्पाद व्यवनप्राश की नई पैकेजिंग का अनवरन कंपनी के डायरेक्ट की उपस्थिति में समस्त वितरकों के बीच किया। समस्त डिस्ट्रीब्यूटर्स ने प्रवेक च्यवनप्राश चखा एवं सभी ने भूरी भूरी प्रसन्ना की कुछ डिस्ट्रीब्यूटर्स ने कंपनी के बाकी उत्पाद के बारे में अपना निजी अनुभव सबके बीच साझा किया और अपना बहुमूल्य सुझाव भी कंपनी को दिया। कंपनी ने अगले दिन लोकल साइट देखने और रात को फन एंटरटेनमेंट और गाला डिनर के साथ दो दिवसीय डिस्ट्रीब्यूटर कॉन्क्लेव का समापन किया।

### बलरामपुर प्रेस क्लब तहसील इकाई उतरौला के उपाध्यक्ष बने पवन गुप्ता

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



उतरौला बलरामपुर। प्रेस क्लब बलरामपुर तहसील इकाई उतरौला के बैठक में सादुल्लानगर निवासी पवन गुप्ता को प्रेस क्लब तहसील इकाई उतरौला का उपाध्यक्ष बनाया गया। पवन गुप्ता ने बताया कि रविवार को हुई बैठक में जिला अध्यक्ष अजय कुमार श्रीवास्तव के अनुमोदन पर प्रेस क्लब बलरामपुर तहसील इकाई उतरौला के अध्यक्ष रामचरित्र वर्मा व महामंत्री संतोष कुमार सोनी बने। एवं सभी पत्रकार साथियो के सर्वसम्मति से तहसील उपाध्यक्ष के पद का दायित्व सौपा गया है। उसको मेहनत और ईमानदारी से प्रेस क्लब उतरौला इकाई को मजबूत करने की पूरी कोशिश करूंगा। उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन पर पत्रकार सुशील श्रीवास्तव, पत्रकार आशीष गुप्ता, पत्रकार रमेश कुमार शर्मा, पत्रकार राधेश्याम गुप्ता, पत्रकार विजयपाल वर्मा आदि पत्रकार साथियो ने बधाइयां दी। पवन गुप्ता द्वारा सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं पत्रकार बंधुओ का आभार व्यक्त किया।

### रास्ते में लटका बिजली का खम्भा दे रहा दुर्घटनाओं को दावत

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** विकास खण्ड रेहराबाज़ार के देवरिया आदम मे रास्ते में लटका बिजली का खंभा दे रहा दुघर्टनाओं को दावत। एक तरफ सरकार हर घर बिजली देने का दावा करती है। वही विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से रास्ते में लटका हुआ खंभा कभी भी बड़े हादसों का सबक बन सकता है। उक्त रास्ते से जहां प्रतिदिन सैकड़ो बच्चे विद्यालय जाते हैं व राहगीर उसी रास्ते से निकलते हैं। लटका हुआ खंभा कभी भी गिर सकता है। ग्रामीण लड्डू साहू, समाजसेवी भानु प्रताप मौर्य, छोटन साहू, मंसूर अली, मजहर अली, बेचन यादव, आदि ग्रामीणों ने उक्त खंभा को ठीक करवाने की मांग की है इस संबंध में जब जेई अचलपुर चौधरी बी एन यादव से बात किया गया तो उन्होने बताया कि जल्द ही खंभे को ठीक कराया जायेगा।

### विपक्षी गठबंधन में अभी से उभरी दरारें, सीट बँटवारे पर बढ़ेगी रार : सुशील मोदी

पटना। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन की दिल्ली बैठक से इसमें दरार दिखने लगी है और ये दरार टिकट बँटवारे का दौर आने पर और चौड़ी होगी।मोदी ने सोमवार को बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस का विपक्ष के अन्य दलों की राय लिये बिना भोपाल- रैली स्थगित करना और 14 टीवी पत्रकारों के बहिष्कार पर श्री नीतीश कुमार का अलग स्टैंड घमंडिया गठबंधन के अनिश्चित भविष्य का संकेत है। उन्होंने कहा कि भोपाल में साझा रैली का निर्णय समन्वय समिति ने लिया था, जबकि कांग्रेस नेता कमलनाथ ने इसे रद्द करने का फैसला सुना दिया। भाजपा सांसद ने कहा कि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने समन्वय समिति की बैठक में अपना प्रतिनिधि नहीं भेजा । उसने एकतरफा निर्णय लिया कि पार्टी केरल में कांग्रेस से और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी से कोई समझौता नहीं करेगी। क्या यही विपक्षी एकता है।

### नये संसद भवन में जाने से पहले पुराने वादे पूरा करे केंद्र सरकार: जदयू

पटना । बिहार में सत्तारूढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने आज कहा कि नये संसद भवन में जाने की तैयारी कर रही केंद्र सरकार ने पुराने संसद भवन में देश से किये वादों को पूरी तरह भुला दिया है। जदयू के राष्ट्रीय महसचिव राजीव रंजन ने सोमवार को केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा है कि नये संसद भवन में जाने की तैयारी कर रही केंद्र सरकार ने पुराने संसद भवन में देश के किये वादों को पूरी तरह भुला दिया है। आज भी अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई विषयों पर अपने विचार रखे लेकिन किसानों की आमदनी दुगनी करने, काला धन वापस लाने, पेट्रोल-डीजल गैस सिलिंडर के दाम करने, मंहगाई घटाने, दो करोड़ सालाना नौकरियां देने, लोगों के खातों में 15 लाख देने जैसे अपने पुराने वादों पर उन्होंने एक शब्द तक नहीं कहा। इससे प्रतीत होता है कि अब वह भी अपने इन वादों से पीछा छुड़ाना चाहते हैं। रंजन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) यह जान ले कि इन्हीं वादों से गुमराह होकर लोगों ने उन्हें सत्ता सौंपी थी।

### सारण : दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या

छपरा। बिहार में सारण जिले के अमनौर थाना क्षेत्र में दहेज के लिए एक नवविवाहित की हत्या तार से गला दबाकर की गई है। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को यहां बताया कि इस मामले में मृतका प्रियंका कुमारी के पिता भेल्दी थाना क्षेत्र के कोरिया गांव निवासी रमेश भगत ने अमनौर थाना पुलिस को दिए गए आवेदन में कहा है कि चार माह पूर्व उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह गनौरा गांव निवासी प्रमोद भगत से की थी। विवाह के बाद प्रियंका के ससुराल वाले उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करतें थे। सूत्रों ने बताया कि आज उन्हें सूचना मिली कि उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने प्राप्त आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करने के साथ ही मृतका के शव को उसके ससुराल से बरामद कर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले में अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# पत्रकारिता में विश्वास बहाल करना : नैतिक पत्रकारों की जिम्मेदारी!

सी एम जैन

पत्रकारिता, जिसे अक्सर चौथी संपत्ति के रूप में जाना जाता है, सूचना प्रसारित करने, सच्चाई को उजागर करने और सत्ता में बैठे लोगों को जवाबदेह बनाकर दुनिया भर के लोकतंत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हालाँकि, इस महान पेशे की प्रतिष्ठा हाल के दिनों में कुछ बिकाऊ पत्रकारों के कार्यों के कारण धूमिल हुई है, जो ईमानदारी पर सनसनीज को प्राथमिकता देते हैं। इस चुनौती से पार पाने और जनता का विश्वास बहाल करने के लिए, नैतिक पत्रकारों को पत्रकारिता के सार को कमजोर करने वालों के खिलाफ खड़े होने की पहल करनी चाहिए। नैतिक प्रथाओं को सक्रिय रूप से बढ़ावा देकर, वे पूरे पेशे की विश्वसनीयता की रक्षा कर सकते हैं।

#### सनसनीखेज और अनैतिक पत्रकारिता

डिजिटल मीडिया और 24/7 समाचार चक्र के युग में, सनसनीखेज और क्लिकबेट रणनीति प्रचलित हो गई है। कुछ पत्रकार तथ्य-जाँच और गहन रिपोर्टिंग के बजाय आकर्षक सुर्खियाँ बनाने और दर्शकों को आकर्षित करने को प्राथमिकता देते हैं। यह दृष्टिकोण न केवल जनता को गुमराह करता है बल्कि समग्र रूप से पत्रकारिता में विश्वास को भी ख़त्म करता है।

अनैतिक प्रथाएँ, जैसे मनगढ़ंत कहानियाँ, पक्षपातपूर्ण रिपोर्टिंग और भुगतान की गई सामग्री, समस्या को और बढ़ा देती हैं।

ये कार्रवाइयां न केवल पत्रकारिता की अखंडता को कमजोर करती हैं बल्कि सूचना के भरोसेमंद स्रोत के रूप में कार्य करने की पत्रकारों की क्षमता को भी कम करती हैं।

#### पत्रकारों की भूमिका

नैतिक पत्रकार सत्य और निष्पक्षता के संरक्षक होते हैं। उन्हें पत्रकारिता के मूल मूल्यों को बनाए रखने में आगे आना चाहिए और अपने साथियों के लिए रोल मॉडल के रूप में कार्य करना चाहिए।

सटीक रिपोर्टिंग, संतुलित कवरेज और पेशेवर मानकों के पालन के लिए प्रतिबद्ध होकर, नैतिक पत्रकार खोए हुए विश्वास को फिर से बनाने में मदद कर सकते हैं।

#### तथ्य-जांच और सत्यापन पर जोर देना

नैतिक पत्रकार गति से अधिक सटीकता को प्राथमिकता देते हैं। उन्हें जनता तक जानकारी प्रसारित करने से पहले कई स्रोतों से जानकारी सत्यापित करनी होगी। तथ्य-जाँच न केवल पत्रकार की विश्वसनीयता की रक्षा करती है बल्कि दर्शकों को गलत सूचना से भी बचाती है।

#### सनसनीखेज और क्लिकबेट से बचना

जिम्मेदार पत्रकार सनसनीखेज और क्लिकबेट हेडलाइन के प्रलोभन का विरोध करते हैं। वे ठोस और सार्थक सामग्री प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो जनता की निष्पक्ष जानकारी की आवश्यकता को पूरा करती है।

#### पारदर्शिता और जवाबदेही

नैतिक पत्रकार अपने स्रोतों, कार्यप्रणाली और हितों के संभावित टकराव के बारे में पारदर्शी होते हैं। वे प्रतिक्रिया और सुधारों का स्वागत करते हैं, यह स्वीकार करते हुए कि कोई भी अचूक नहीं है।

#### साथियों को जवाबदेह बनाना

अपने स्तर की समस्या का समाधान करने के लिए, नैतिक पत्रकारों को अपने साथी पेशेवरों को जवाबदेह ठहराने से नहीं कतराना चाहिए। पत्रकारिता समुदाय के भीतर रचनात्मक आलोचना और चर्चाएं सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं और जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को सुदृढ़ कर सकती हैं।

#### मीडिया संगठनों का महत्व

मीडिया संगठन नैतिक पत्रकारिता की संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्हें सभी स्तरों पर पत्रकारिता की अखंडता को बढ़ावा देते हुए अपने कर्मचारियों के लिए सख्त आचार संहिता बनानी और लागू करनी चाहिए। न्यूज़रूम में विविधता को प्रोत्साहित करने से व्यापक परिप्रेक्ष्य और अधिक संतुलित रिपोर्टिंग हो सकती है। आज पत्रकारिता के सामने आने वाली चुनौतियों के लिए इस पेशे की प्रतिष्ठा को पुन: प्राप्त करने के लिए नैतिक पत्रकारों के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। पारदर्शिता, सटीकता और निष्पक्ष रिपोर्टिंग को सक्रिय रूप से बढ़ावा देकर, वे जनता का विश्वास बहाल कर सकते हैं और सनसनीखेज और अनैतिक प्रथाओं के नकारात्मक प्रभाव का मुकाबला कर सकते हैं। इसके अलावा, मीडिया संगठनों को मजबूत आंतरिक जांच और संतुलन लागू करके नैतिक पत्रकारिता का समर्थन करने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

**सी एम जैन, द हरिश्चंद्र के संस्थापक संपादक हैं; और हरिश्चंद्र प्रेस क्लब एंड मीडिया फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं।**

## डूसू चुनाव को लेकर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की अधिकारियों संग बैठक

### चुनाव सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने में न छोड़ें कोई कसर : कुलपति

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव को लेकर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं डूसू के संरक्षक (पैट्रन) प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। वाइस-रीगल लॉज के काउंसिल हॉल में आयोजित इस बैठक के दौरान डूसू चुनाव 2023-24 से संबंधित विभिन्न मुद्दों जैसे सामान्य व्यवस्था और सुरक्षा उपायों आदि पर चर्चा की गई। इस दौरान कुलपति ने चुनाव से पहले की स्थिति का जायजा लिया और चुनाव के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं के बारे में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कॉलेजों के प्राचार्यों, हॉलों और हॉस्टलों के प्रोवोस्टस व पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से बातचीत की। कुलपति ने सभी से अनुरोध किया कि डूसू चुनाव सुचारू और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इसके लिए कोई भी कसर न छोड़ी जाए।

इस अवसर पर डूसू के मुख्य चुनाव अधिकारी प्रो. चंद्र शेखर ने बताया कि कॉलेजों के चुनाव पेपर बैलेट के माध्यम से होंगे। डूसू चुनाव के दिन ईवीएम का त्रुटिहीन उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कॉलेजों के नामित शिक्षक/कर्मचारियों के प्रशिक्षण सत्र ईसीआईएल के अधिकारियों की मदद से 18 से 20 सितंबर तक बी-16, रग्बी स्टेडियम, यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स स्टेडियम में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किए गए हैं। ईवीएमएस 21 सितंबर को कॉलेजों में पहुंचाई जाएंगी। कॉलेजों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कॉलेज में ईवीएम प्राप्त करने के लिए कोई अधिकारी उपलब्ध है।

उन्होंने बताया कि ईवीएम की सुरक्षा के लिए कॉलेज जिम्मेदार हैं। यह सुनिश्चित करने के लिए कि डूसू का वोट पहले डाला जाए, ईवीएम कागजी मतपेटियों से पहले रखी जायें। मतदान का समय दिन की कक्षाओं के लिए सुबह 08: 30 बजे से दोपहर 01: 00 बजे तक और शाम की कक्षाओं के लिए दोपहर 03: 00 बजे से शाम 07: 30 बजे तक है। मतदान के बाद ईवीएमएस को छात्र प्रतिनिधियों और चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में बक्सों में सील कर दिया जाएगा और दिल्ली विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में विश्वविद्यालय स्टेडियम के मल्टीपर्पज हॉल में भेज दिया जाएगा। संबंधित कॉलेज को रिटर्निंग ऑफिसर से हैंडओवर की रसीद प्राप्त करनी होगी। वोटों की गिनती मल्टीपर्पज हॉल में ही होगी। कॉलेज चुनाव से संबंधित किसी भी मामले का निपटारा कॉलेज में गठित शिकायत समिति द्वारा ही किया जाना है, न कि डूसू-चुनाव कार्यालय द्वारा।

## 'पीपुल्स जी-20' ई-बुक का अनावरण किया अपूर्व चंद्रा ने

नयी दिल्ली। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने सोमवार को यहां भारत की अध्यक्षता में जी-20 की उपलब्धियों पर ई-बुक 'पीपुल्स जी-20' का अनावरण किया। मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस अवसर पर पत्र सूचना ब्यूरो (पीआईबी) के प्रधान महानिदेशक मनीष देसाई और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा पीआईबी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। यह पुस्तक भारत की जी-20 की अध्यक्षता में किए गए प्रयासों और उपलब्धियों की जानकारी प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक जी-20 की संरचना और कार्यप्रणाली को विस्तार से बताती है और समूह की भारत की अध्यक्षता के तहत की गई पहलों के बारे में विस्तार से बताती है। दुनिया के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 80 प्रतिशत योगदान देने वाले दुनिया के प्रमुख देशों के इस समूह का शिखर सम्मेलन इसी माह दिल्ली में सम्पन्न हुआ जिसके घोषणा पत्र पर सर्वसम्मति रही।

## रजतजयंती मनाई गई सोनभद्र के शिवद्वार में कांवड़यात्रा संघ प्रयागराज की

**सोनभद्र ।** बैजनाथ धाम में पहुंच कर जलाभिषेक करने वालों के समुदाय समूह कपूर ऐंड फेमिली देवघर काँवड़यात्रा संघ प्रयागराज द्वारा आयोज्य रहा रजतजयंती वर्ष सोनभद्र में। जनपद एवं काशी - प्रयागराज संभाग से बाबा बैजनाथ धाम जा कर जलाभिषेक करने वालों का विशाल जत्था प्रतिवर्ष प्रस्थान कर गन्तव्य तक पहुंचता है जयघोष करते और करता है जलाभिषेक आह्लादक उन्मत्त भाव से।अनवरत काँवड़यात्रा करने वाले 18 से 25 साल तक की अवधि पूर्ण कर चुके काँवड़ियों की जमात जुटी सोनभद्र - सोनञ्चल के शिवद्वार धाम में और मनाया रजतजयंती महोत्सव बाबा धाम काँवड़यात्रा झारखण्ड का शिवद्वार धाम उत्तरप्रदेश में।

समस्त स्वजनों ने उमामहेश्वर का किया दर्थन - पूजन आस्था से अभिप्रेरित हो।

आयोजन के संयोजक उदित लाल अग्रहरि ने काँवड़ियों का माल्यार्पण किया तथा शिवद्वार धाम के प्रधान पुजारी सुरेश गिरि ने सबको शिवद्वार शिवा-शिव की संपृक्त प्रतिमा का छविचित्र भेंट कर सम्मानित किया। सफल संचालन करते अशोक अग्रहरि के आह्वान पर डॉ0 परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव पुष्कर ने शिवद्वार की महिमा , गुणवत्ता का इतिवृत्त वर्णित करते बताया कि यहाँ शिवद्वार जलाभिषेक का शुभारंभ 1986 किया। आर्यावर्त के प्रवेशद्वार शिवशक्ति के द्वार शिवद्वार से हरिद्वार और आगे स्वर्गद्वार तक का मार्ग यहाँ से सुगम सरल है दक्षिण से उत्तर आर्यावर्त का।अन्य वृहद वृत्तांत भी उकेरे डॉ0 परमेश्वर पुष्कर ने आध्यात्मिकता के धरातल पर।

उदित लाल अग्रहरि की अगुवाई में सम्पन्न आयोजन में अजय वैश , उमाशंकर अग्रहरि , विजय वैश , लक्ष्मीनारायण , भरत लाल , संतोष अग्रहरि , दीपक कुमार की समुपस्थिति रही। समूह में साथ - साथ शामिल रहे रमेशचंद्र पाण्डे , लवकुश कुमार , करुणाकर पाठक , अमरेश चंद्र , अशोक मोदनवाल, सुजीत अग्रहरि, रामलाल अग्रहरि, जियालाल अग्रहरि जिनका सम्मान मन्च से हुआ।

## लखीमपुर खीरी में किसानों की मौत का मामला,सुप्रीम कोर्ट ने भंग की एसआईटी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2021 में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी में किसानों की मौत के मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को सोमवार को भंग कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा यह सूचित किए जाने के बाद एसआईटी भंग करने का आदेश पारित किया कि इस मामले में जांच पूरी हो गई है और मुकदमा चल रहा है। शीर्ष अदालत की एक पीठ ने एसआईटी का गठन किया था। शीर्ष अदालत ने कहा कि हम इस बात से संतुष्ट हैं कि इस स्तर पर एसआईटी के सदस्यों और न्यायमूर्ति राकेश कुमार जैन (जांच की निगरानी के लिए नियुक्त) को उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त किया जा सकता है, क्योंकि मामले की जांच पूरी हो चुकी है। शीर्ष अदालत ने 2021 की लखमीपुर खीरी हिंसा के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। इस घटना में आठ लोगों की मृत्यु हो गई थी, जिनमें से चार किसान थे। आरोप है कि कथित तौर पर केंद्रीय मंत्री राज्य और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद (सांसद) अजय कुमार मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा द्वारा इस्तेमाल किए गए वाहनों के काफिले ने किसानों को कुचल दिया गया था। तीन अक्टूबर 2021 को केंद्र के कृषि कानूनों ( जिसे बाद में वापस ले लिया गया) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान लखीमपुर खीरी जिले में हिंसा भड़कने के बाद चार किसानों सहित आठ लोगों की मौत हो गई थी।

## मन में दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कोई कार्य मुश्किल नहीं : अखिलेश पांडेय

### विश्वकर्मा पूजा के दिन कुशल कामगार जगदीश चौबे ने नशा से विरत रहने की शपथ ले रचा इतिहास

**सोनभद्र।** मन में दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता है। इस बात को विश्वकर्मा जयंती पर आयोजित भगवान विश्वकर्मा पूजनोत्सव के दिन डाला नगर पंचायत परिक्षेत्र के बाड़ी स्थित प्रखर समाजसेवी एवं उत्तर प्रदेश राज्य सीमेंट निगम की डाला यूनिट मे सेवारत रहे वरिष्ठ तकनीकी कर्मचारी जगदीश चौबे ने नशा की गिरफ्त में आते जा रहे नशेड़ियों को नशा जैसे घातक दुर्व्यसन से विरत रहने का शपथ ग्रहण कर अभूतपूर्व उदाहरण प्रस्तुत कर, कर दिखाया है।



बताते चलें कि श्री चौबे ने अपने प्रतिष्ठान में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना करने के बाद पूजा स्थल पर नशा जैसे दूर्ब्यसन का शपथ पूर्वक परित्याग कर समाज के लिए एक मिशाल कायम किया हैं।

गौरतलब हो कि श्री चौबे को नशा जैसे घातक दुर्व्यसन से विरत रहने और उसका परित्याग कर सुखद जीवन जीने की प्रेरणा नशा उन्मूलन के लिए कार्य करने वाले प्रखर समाजसेवी एवं क्षीरसागर कल्याण योजना के संस्थापक संयोजक अखिलेश कुमार पांडेय से मिली और उसे तकनीकी क्षेत्र के कुशल कामगार और सीमेंट निगम के पूर्व कर्मचारी जगदीश चौबे ने विश्वकर्मा पूजा जैसे ऐतिहासिक दिन नशा से विरत रहने की परिसंकल्पना को साकार कर दिखाया ।

उनके इस साहसिक कदम की क्षेत्र में पुरजोर सराहना की जा रही है। नशा से विरत रहने और शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह के इस मौके पर अनिल वर्मा, हंसराज चौधरी, ओम वर्मा, अनवर हुसैन, हेमन वर्मा समेत दर्जनों गणमान्य नागरिक साक्षी रहे।

इस सुखद समाचार की जानकारी मिलने पर सोनभद्र के वरिष्ठ पत्रकार मिथिलेश प्रसाद द्विवेदी ने इस इ महान सामाजिक कार्य के क्रियान्वयन के लिए क्षीरसागर कल्याण योजना के संस्थापक संयोजक एवं प्रखर समाजसेवी अखिलेश कुमार पांडेय को बधाई देते हुए उनके सुखद व स्वस्थ जीवन जीने की शुभकामनाएं दी है।

## आपदामित्र योजनांतर्गत 201 चयनित मित्र हुए प्रशिक्षित, वितरित हुई आवश्यक सामग्री

सोनभद्रा । भारत सरकार द्वारा प्रायोजित आपदा मित्र परियोजना के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रदेश के 24 जनपदों में उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण लखनऊ एवं राज्य आपदा मोचन बल के समन्वित सहयोग से जिलाधिकारी सोनभद्र के आदेश का अनुपालन करते हुए आपदा मित्र परियोजना के तहत सोनभद्र से चयनित 300 आपदा मित्रों में से 201 आपदा मित्रों - स्वयं सेवक का प्रथम बैच में चयन कर राज्य आपदा मोचन बल, लखनऊ द्वारा संचालित 12 दिवसीय आवासीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित कराया गया।



जनपद से विभिन्न संस्थाओं एनसीसी, एनएसएस , स्काउट -गाइड एवं गैर सरकारी संस्थाओं व स्वयं की इच्छा से इच्छुक अभ्यर्थी जनपद के चिन्हित गोताखोर एवं नाविक सहित कुल 201 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

201 आपदा मित्रों को राज्य आपदा मोचन बल द्वारा उपलब्ध कराये गये पहचान पत्र व विभिन्न आपदा राहत बचाव उपकरण मसलन टी-शर्ट, एक जोड़ी जूता, एक मच्छर दानी, एक चश्मा, लाइटर, चाकू, रेनकोट, प्राथमिक उपचार किट, टार्च, बैग, लाइफ जैकेट, हेलमेंट, ग्लब्स व पानी की बोलत आदि सामग्री भी साथ में प्रत्येक आपदा मित्र को उपलब्ध कराई गई तथा साथ ही साथ एसडीआरएफ़ द्वारा सभी प्रतिभागी को प्रमाण पत्र भीपरीक्षा के पश्चात उपलब्ध कराया गया । तन्मयता से सन्नद्ध प्रशिक्षु जनपद के आपदा मित्र दूसरा व तीसरा स्थान लाकर जनपद का नाम रोशन किए।

जिला आपदा विशेषज्ञ पवन कुमार शुक्ला द्वारा सभी आपदा मित्रों प्रतिभागियों को निर्देशित किया गया की एसडीआरएफ़ द्वारा प्राप्त आपदा मित्र लिखा टीशर्ट व पहचान पत्र का कही भी ग़लत उपयोग नहीं करेंगे, सदैव किसी भी आपदा या ज़रूरतमंद इंसान को बचाने या उनके अपेक्षित सहयोग हेतु प्रयोग में लाएँगे तथा जब जनपद से किसी आपदा की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया जाएगा तब इसका उपयोग करेंगे अन्यथा नहीं। ज़िला आपदा विशेषज्ञ ने जनपद से शेष बचे 99 आपदा मित्रों के आवेदन प्राप्त होने की जानकारी दी गई।

प्रायोजित आपदा मित्र परियोजना के अंतर्गत जनपद सजिला आपदा विशेषज्ञ पवन कुमार शुक्ला द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दिवस में जनपद के आपदा मित्रों द्वारा किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता करना अच्छी बात नहीं और इस प्रकार के कार्य किसी भी विद्यार्थी द्वारा करने पर उसे तत्काल बाहर कर दिया जाएगा।

एसडीआरएफ से आए दो जवान किशन कुमार, आरक्षी एवं राजेश यादव, आरक्षी के नेतृत्व में टीम को *रवाना किया गया।

## टीएमसी नेता की जमानत याचिका पर सीबीआई को नोटिस

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने भारत से बंगलादेश पशु तस्करी के मामले में करीब 14 महीने से जेल में बंद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता अनुब्रत मंडल की जमानत याचिका पर सोमवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी कर उसे दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा मंडल को जमानत देने से इनकार करने के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई के बाद यह निर्देश दिया। पीठ के समक्ष वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने याचिकाकर्ता का पक्ष रखते हुए कहा कि याचिकाकर्ता 14 महीने से जेल में बंद है। इस मामले में अब तक पांच आरोपपत्र दाखिल किये जा चुके हैं। रस्तोगी ने दलील दी कि इस मामले के मुख्य आरोपी को शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली पीठ जमानत दी थी। इस साल जनवरी में उच्च न्यायालय ने मंडल की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

## शान्ति भंग अंदेशा के मद्देनजर 8 लोग गिरफ्तार



**सोनभद्र।** जनपद की रॉबर्ट्सगंज पुलिस ने भिन्न भिन्न स्थानो पर शान्ति व्यवस्था भंग कर रहे 08 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर निवारक कार्यवाही की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) तथा क्षेत्राधिकारी नगर के आदेश क्रम में शान्ति व्यवस्था भंग होने की प्रबल सम्भावना के मद्देनजर थाना रॉबर्ट्सगंज से अन्तर्गत धारा 151 सीआरपीसी में कुल 08 व्यक्तियों को गिरफ्तार कर निवारक कार्यवाही की गई ।

गरफ्तार व्यक्तियों में पप्पू चौधरी पुत्र स्व0 बनारसी उर्फ दयाराम निवासी ग्राम गोरारी (पानी टंकी के पास) थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 35 वर्ष , दिलीप चौरसिया पुत्र जोखन चौरसिया नि0 सिरवा थाना गम्भीरपुर जिला आजमगढ़ उम्र करीब 26 वर्ष , सोनू सिंह उर्फ गेन्दालाल पुत्र इन्द्रपाल नि0 सहिजना थाना नौरोजाबाद जनपद उमरिया मध्यप्रदेश उम्र करीब 25 वर्ष , दिनेश कुमार गुप्ता पुत्र कन्हैया गुप्ता निवासी सिरसियां ठकुराई थाना करमा जनपद सोनभद्र उम्र करीब 32 वर्ष , प्रवेश चौहान पुत्र हरिशंकर चौहान निवासी ग्राम सुकृत थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 30 वर्ष , विक्की पुत्र हरिशंकर चौहान निवासी ग्राम सुकृत थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 19 वर्ष , राहुल पटेल पुत्र सुरज पटेल निवासी मधुपुर थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 18 वर्ष तथा किशन कुमार पुत्र शंकर राम निवासी नागनार हरैया थाना रा0गंज जनपद सोनभद्र उम्र करीब 20 वर्ष शामिल हैं।